राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 67
लखनऊ, मंगलवार 17 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



छात्रों ने किया संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण 10

जनता के टैक्स से चमकाई जा रही सरकार की छविः अराधना 03

संक्षिप्त समाचार

यूपी बोर्ड परीक्षा 2027 के लिये केंद्रों की सूची जारी

प्रयागराज। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2027 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं के लिए प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई है। जिला स्तरीय केंद्र निर्धारण समिति के अनुमोदन के बाद सूची माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड की गई है। विद्यालय 21 नवंबर तक साक्ष्यों के साथ ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। यह जानकारी सोमवार को परिषद के सचिव भगवती सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित केंद्रों की सूची में विद्यालयों के छात्र आवेदन भी शामिल हैं। संबंधित विद्यालय सूची का अवलोकन कर परीक्षा केंद्रों के निर्धारण में किसी तरह की आपत्ति या शिकायत होने पर परिषद के पोर्टल पर ऑनलाइन प्रत्यावेदन भेज सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 21 नवंबर निर्धारित है। इसके बाद कोई प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्रिंस विलियम-प्रिंसेस केट मिडलटन पहुंचे मुंबई



मुंबई। ब्रिटेन के प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी प्रिंसेस केट मिडलटन तीन दिवसीय भारत दौरे पर सोमवार को मुंबई पहुंचे। बैलार्ड एस्टेट में सचिन तेंदुलकर और स्थानीय युवाओं के साथ गली क्रिकेट खेलना उनके दौरे का खास आकर्षण रहा। ब्रिटेन के शाही दंपति अर्थशॉट प्राइज समारोह में शामिल होने के बाद दोनों बुधवार को दिल्ली रवाना होंगे, जहां प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी बैठक होगी। शाही दंपति की आवागमन को देखते हुए मुंबई में यातायात व्यवस्था में बदलाव किए गए हैं। मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने 16 से 19 नवंबर तक दक्षिण मुंबई के कई हिस्सों में प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि, पुलिस की सार्वजनिक सूचना में कुल डायवर्ट किए गए रूटों की निश्चित संख्या नहीं बताई गई है।

ई-कचरे से धातुएं निकालने की तकनीक विकसित करेगी नियो सीकरमेटल्स

नई दिल्ली। ई-कचरे और लिथियम-आयन बैटरी के कचरे से महत्वपूर्ण धातुएं निकालने की स्वदेशी तकनीक को व्यावसायिक स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने हैदराबाद की कंपनी नियो सीकरमेटल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है। अनुसंधान, विकास एवं नवाचार (आरडीआई) कोष के तहत इस परियोजना के लिए 10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की गई है। पूरी परियोजना की लागत 20 करोड़ रुपये है। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अनुसार यह समझौता ई-कचरे और लिथियम-आयन बैटरी के कचरे के पुनर्चक्रण से महत्वपूर्ण धातुएं निकालने की स्वदेशी तकनीक के विकास और व्यावसायीकरण में मदद करेगा। इसके तहत कंपनी को वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय ऋण (ओसीडी) के माध्यम से वित्तीय सहायता दी जाएगी। कंपनी ने ई-कचरे और लिथियम-आयन बैटरी के कचरे के पुनर्चक्रण के लिए एक एकीकृत और पेटेंट प्राप्त प्रक्रिया विकसित की है।

यूपी के 21 जिलों में कोहरा नोएडा की हवा खराब

लखनऊ। यूपी में बारिश और पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं से ठंड बढ़ गई है। सोमवार सुबह लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गोरखपुर समेत 21 शहरों में घना कोहरा छाया रहा। देवरिया, बस्ती और फतेहपुर में विजिबिलिटी इतनी कम हो गई कि सड़कों पर 20 मीटर दूर भी देखना मुश्किल हो गया। इधर, दिवाली पर हुई आतिशबाजी के बाद से नोएडा-गाजियाबाद समेत 30 से ज्यादा शहरों की हवा दूषित हो गई है। 10 शहरों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 के पार रिकॉर्ड किया गया। सबसे बुरा हाल गाजियाबाद के लोनी (338) का रहा। नोएडा में हवा की क्वालिटी भी बेहद खराब स्तर तक पहुंच गई। सुल्तानपुर में सोमवार सुबह आसमान पर फिर धुंध छाई रही। ग्रामीण क्षेत्र व हाइवे पर कोहरे के कारण विजिबिल्टी 50 मीटर पर पहुंच गई। किसानों का कहना है कि मौसम के साथ प्रदूषण के चलते भी ऐसा हो रहा है।

29 बीडीओ का तबदला, एक ही जिले में तीन साल से थे तैनात

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

भारत निर्वाचन आयोग के एक जिले में तीन साल से तैनात अधिकारियों को हटाने के आदेश के बाद यूपी में ताबड़तोड़ जारी है। अब 29 खंड विकास अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सीतापुर, सोनभद्र, सुलतानपुर, उन्नाव और वाराणसी में तैनात बीडीओ को दूसरे जिलों में भेजा गया है। सोमवार को जारी स्थानांतरित खंड विकास अधिकारियों की सूची के मुताबिक, ओम प्रकाश गुप्ता को सिद्धार्थनगर से बलिया, अरुण कुमार वर्मा को सीतापुर से उन्नाव, धनंजय सिंह को सीतापुर से बाराबंकी भेजा गया है। इसके साथ ही विवेक मणि त्रिपाठी को सीतापुर से बहराइच, राजेश कुमार तिवारी को सीतापुर से बस्ती, रजनीश कुमार शुक्ला को सीतापुर से लखीमपुर खीरी, श्रीश गुप्ता को सीतापुर से जौनपुर, प्रवीण जीत को सीतापुर से लखीमपुर खीरी, प्रीति तिवारी को सीतापुर से सुल्तानपुर भेजा गया है। इसके अलावा प्रशांत कुमार शुक्ला को सीतापुर से बरेली, सुमित सिंह को सीतापुर से बाराबंकी, अमित कुमार यादव को सीतापुर से बहराइच, गुरु शरण श्रीवास्तव को सोनभद्र से देवरिया, नितिन कुमार को सोनभद्र से मिर्जापुर भेजा गया है।

पीएम आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

फिलीपींस में मोदी का हुआ भव्य स्वागत, भारत और आसियान देशों के बीच 122 अरब डॉलर का है द्विपक्षीय व्यापार

एजेंसी, मनीला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर सोमवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला पहुंचे। मनीला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फिलीपींस के सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव रॉबर्ट जोसेफ 'जय' मोंटेस डी क्लारो ने उनकी अगवानी की। इस दौरान भारतीय समुदाय के लोगों ने वंदे मातरम् के नारे लगाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री को हवाई अड्डे पर गार्ड



ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने वहां मौजूद भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की और उनका अभिवादन स्वीकार किया। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के निमंत्रण पर यहां पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी 16 से 18 नवंबर तक फिलीपींस में रहेंगे। 17 नवंबर को होने वाले दोनों शिखर सम्मेलनों में भारत और आसियान देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा होगी। इसके साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। आसियान के संवाद साझेदारों और विशेष अतिथियों में अमेरिका, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, रूस, कनाडा और ब्राजील के प्रतिनिधि शामिल होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 17 नवंबर को आसियान-अमेरिका विशेष शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। मोदी की यात्रा के दौरान 16 नवंबर को फिलीपींस के राष्ट्रपति मार्कोस और प्रथम महिला लुईस अरानेटा-मार्कोस की ओर से मेहमान नेताओं के लिए रात्रिभोज आयोजित किया गया है। 17 नवंबर को प्रधानमंत्री दोनों शिखर सम्मेलनों में हिस्सा लेंगे। भारत और आसियान देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 122 अरब डॉलर का है।

सम्मेलन में 11 सदस्य देश ले रहे हिस्सा

मनीला में आयोजित इन सम्मेलनों में आसियान के 11 सदस्य देशों के नेता और संवाद साझेदार देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इन बैठकों में समुद्री सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता, व्यापार, संपर्क, आपूर्ति श्रृंखला, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग और क्षेत्रीय विवादों जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। म्यांमार में जारी संघर्ष और दक्षिण-पूर्व एशिया से जुड़े अन्य विवाद भी विचार-विमर्श का हिस्सा हो सकते हैं। भारत और आसियान के बीच व्यापार संतुलन तथा मौजूदा व्यापार समझौते की समीक्षा भी महत्वपूर्ण मुद्दे होंगे।

पांच मंजिला अपार्टमेंट में लगी आग, दो की मौत

कुछ लोगों ने जान बचाने के लिए बालकनी से लगाई छलांग

समृद्धि न्यूज, कानपुर।

जिले में सोमवार तड़के एक पांच मंजिला अपार्टमेंट में भीषण आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। आग के बाद पूरी इमारत में धुआं भर जाने से दर्जनों लोग अंदर फंस गए। कुछ लोगों ने जान बचाने के लिए बालकनी से छलांग लगा दी, जबकि कई अन्य साड़ियों, धोतियों और चादरों को रस्सी की तरह इस्तेमाल कर बगल की इमारत में उतरने की कोशिश करते नजर आए।

पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने बताया कि आग सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे पीलीखाना थाना क्षेत्र के रामनारायण बाजार स्थित राधिका अपार्टमेंट में लगी। अग्निशमन विभाग के नियंत्रण कक्ष को सुबह 4.54 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद लाटूश रोड और कर्नलगंज अग्निशमन केंद्रों से दमकल की



गाड़ियां और टीमें मौके पर भेजी गईं। उन्होंने बताया कि आग अपार्टमेंट के भूतल पर स्थित पार्किंग क्षेत्र में लगी थी, जहां कई दोपहिया वाहन खड़े थे। आग की लपटों ने पार्किंग को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते पूरी इमारत में घना धुआं भर गया। मृतकों की पहचान राखी साहू (48) और प्रांजुल बाथम (15) के रूप में हुई है। पुलिस आयुक्त के अनुसार, प्रांजुल की आग में झुलसने से मौत हो गई, जबकि राखी तीसरी मंजिल से नीचे कूद गईं और वहां खड़े वैभव गुप्ता पर गिर पड़ीं। इस घटना में राखी की मौत हो गई, जबकि वैभव गंभीर रूप से घायल हो गए। वैभव की रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है। उन्हें इलाज के लिए लाला लाजपत राय अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग में भेजा गया है। उर्सला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार, हादसे के बाद चार लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया। प्रांजुल की मां नीता करीब 40 प्रतिशत झुलस गई हैं और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

सटीक जनगणना से बनेगी यूपी की ठोस कार्ययोजना

मुख्यमंत्री ने किया जनगणना 2027 के तृतीय संस्करण का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनगणना 2027 उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जनगणना से प्राप्त सटीक और प्रामाणिक आंकड़ों के आधार पर सरकार भविष्य की योजनाओं की ठोस कार्ययोजना तैयार कर सकेगी। इससे प्रशासन को योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अभी तक प्रदेश की अधिकांश विकास योजनाएं 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित रही हैं। ऐसे में नई जनगणना के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग की वास्तविक सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय स्थिति का पता लगाना जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी



एक दिसंबर से घर-घर पहुंचेगी टीम

मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके तहत नागरिक आधिकारिक पोर्टल पर स्वयं और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जाएगी। जनगणना के दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से धर्म, जाति, शिक्षा, व्यवसाय, मातृभाषा और अन्य जनसांख्यिकीय पहलुओं से जुड़े 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। योगी ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी आबादी को देखते हुए यहां जनगणना की विशेष जिम्मेदारी है। इस महाअभियान की सफलता के लिए प्रशासनिक समन्वय, जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी और आमजन की जागरूकता जरूरी है। जिलाधिकारी स्वयं अभियान का नेतृत्व करेंगे और प्रतिदिन इसकी प्रगति की समीक्षा करेंगे।

आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में जनगणना 2027 के तृतीय संस्करण का शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि जिसके पास सही आंकड़े होंगे, वह उतनी ही प्रभावी ढंग से अपनी योजनाएं बना और लागू कर सकेगा। उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है। भारत का हर छठा व्यक्ति यूपी में रहता है, जबकि दुनिया का हर 36वां व्यक्ति प्रदेश में निवास करता है। जनगणना में किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूटने का अर्थ है कि वह लंबे समय तक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह सकता है।

इसी तरह कहीं तीन स्कूल होने और कहीं कई किलोमीटर तक स्कूल न होने जैसी स्थितियां भी सही आंकड़ों के अभाव का परिणाम हैं। जनगणना से विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक जरूरत का आकलन किया जा सकेगा।

किरायेदारों, प्रवासी श्रमिकों तक पहुंचने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी सत्यनिष्ठा, संवेदनशीलता और विनम्रता के साथ काम करने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर सही जानकारी जुटाना जरूरी है। किसी भी व्यक्ति को जनगणना से छूटना नहीं चाहिए। विशेष रूप से दूरस्थ बस्तियों, किरायेदारों, प्रवासी श्रमिकों, अकेले रहने वाले व्यक्तियों, बुजुर्गों, घुमंतू जातियों और वंचित वर्गों तक पहुंच सुनिश्चित की जाए।

वैज्ञानिक राम बक्स सिंह के सम्मान में डाक टिकट जारी



एजेंसी,नई दिल्ली। डाक विभाग ने बायोगैस तकनीक और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी योगदान देने वाले वैज्ञानिक राम बक्स सिंह (1925-2016) के सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किया है। यह टिकट 13 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जारी किया गया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले और दिल्ली सर्किल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कर्नल अखिलेश कुमार पांडेय ने मंत्री के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त रूप से डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। राम बक्स सिंह ने खासतौर पर ग्रामीण समुदायों के लिए टिकाऊ ऊर्जा समाधान के रूप में बायोगैस तकनीक के विकास और प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

आने वाले चुनाव देंगे देश की राजनीति को नई दिशा : खरगे

यूपी में सपा के साथ सीट बंटवारे पर हुई बैठक, राहुल व प्रियंका हुए शामिल

एजेंसी,नई दिल्ली।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को शीर्ष और प्रदेश नेतृत्व के साथ बैठक की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई इस बैठक में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सहित उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, संगठन और आगामी चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई।

बैठक के बाद खरगे ने कहा कि उत्तर प्रदेश की राजनीतिक स्थिति और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर वरिष्ठ नेताओं के साथ गहन चर्चा हुई। आने वाले चुनाव देश की राजनीति को नई दिशा देंगे। उत्तर प्रदेश में सपा



और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर 17 नवंबर को बैठक होनी है। इसमें दोनों दलों के नेता सीटों की संख्या और गठबंधन के फार्मूले पर चर्चा करेंगे। कांग्रेस की ओर से अब तक 181 सीटों पर दावेदारी की बात सामने आई है। सपा का जोर सीटों के बंटवारे में उम्मीदवारों की जीतने की क्षमता को आधार बनाने पर है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाल ही में कांग्रेस की 181 सीटों पर दावेदारी का उल्लेख किया था। इससे पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम बराबरी और सम्मान के आधार पर गठबंधन की बात कह चुके हैं। कांग्रेस की ओर से 200 सीटों तक दावेदारी की चर्चा भी सामने आती रही है, जबकि सपा की ओर से कांग्रेस को 50 से 60 सीटें देने की बात कही जा रही है। उत्तर प्रदेश के 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 403 में से 399 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। पार्टी को केवल दो सीटों पर जीत मिली थी और चार सीटों पर उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे थे। बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इमरान मसूद तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता वीरेंद्र चौधरी मौजूद रहे।

18 नवंबर को वडनगर में विश्व शांति महायज्ञ में शामिल होंगे ओम बिरला

एजेंसी, नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 18 नवंबर को गुजरात के वडनगर स्थित ऐतिहासिक श्री हाटकेश्वर महादेव मंदिर में



आयोजित विश्व शांति महायज्ञ में शामिल होंगे। यह महायज्ञ 11 नवंबर से चल रहा है और 20 नवंबर को संपन्न होगा। लोकसभा सचिवालय ने बताया कि 10 दिवसीय इस महायज्ञ का आयोजन वैश्विक शांति, सामाजिक सद्भाव और जनकल्याण के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह कांची कामकोटि पीठाधिपति जगद्गुरु शंकर विजयेंद्र सरस्वती स्वामीगल के मार्गदर्शन और सान्निध्य में आयोजित हो रहा है। महायज्ञ में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। इसमें देशभर से 144 वैदिक विद्वान और श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

शाह ने पुणे में अजित पवार की प्रतिमा का किया अनावरण



एजेंसी,पुणे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने दो दिवसीय पुणे दौरे के दूसरे दिन सोमवार को स्व. अजित पवार की प्रतिमा का अनावरण किया।

पुणे जिला परिषद की पहली मंजिल पर आयोजित कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और मंत्री शामिल हुए। समारोह के दौरान पुणे जिला परिषद के मुख्य प्रवेश द्वार का नाम भी अजित पवार के नाम पर रखा गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार को आना था, लेकिन वे समारोह में नहीं आए पाए। उनकी जगह सांसद सुप्रिया सुले ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अजित पवार को श्रद्धांजलि देने के लिए नेहरू मेमोरियल हॉल में एक संक्षिप्त सभा हुई। इस दौरान उपस्थित नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने दिवंगत नेता को याद किया। यह कार्यक्रम को केवल एक श्रद्धांजलि समारोह के रूप में ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये दो आतंकवादी



एजेंसी,कुलगाम।

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को पुलिस और सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। यह मुठभेड़ जिले के मीर बाजार इलाके में पिछले सप्ताह सीआरपीएफ चौकी पर आतंकवादियों की गोलीबारी के कुछ ही दिनों बाद हुई है, जिसमें तीन जवान घायल हो गए थे। कश्मीर ज़ोन पुलिस ने आज सुबह बताया कि सीआरपीएफ नाके पर हुए पिछले सप्ताह हुए हमले के बाद से बड़ा अभियान चल रहा था, जिसमें तीन जवान घायल हो गए थे। कुलगाम में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने जिले के लारू इलाके में घेराबंदी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई। पूरे इलाके को घेर लिया गया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक स्थानीय सहित दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान की जा रही है। माना जा रहा है कि साउथ कश्मीर के लारू कुलगाम में पुलिस और दूसरी फोर्स के साथ एनकाउंटर में मारे गए आतंकियों में एक लश्कर तैयबा का कमांडर लतीफ भट भी शामिल है।

उद्घाटन रेल मंत्री ने दिल्ली-कानपुर के बीच नई दैनिक ट्रेन कानपुर एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

नई रेल सेवा से यूपी और एनसीआर के बीच रेल संपर्क होगा मजबूत

एजेंसी,नई दिल्ली।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानपुर सेंट्रल और आनंद विहार टर्मिनल के बीच नई दैनिक ट्रेन 'कानपुर एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर कानपुर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद रमेश अवस्थी ने भी ट्रेन को रवाना किया। नई रेल सेवा से उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा तथा यात्रियों को कानपुर और दिल्ली के बीच आवागमन का एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। रेलवे की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, 428 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इस ट्रेन में आधुनिक एलएचबी के 22 डिब्बे होंगे। यह ट्रेन अपने मार्ग में फफूंद, इटावा, टूंडला, हाथरस, अलीगढ़, खुर्जा, दादरी और गाजियाबाद सहित कई प्रमुख औद्योगिक



एवं व्यावसायिक केंद्रों को जोड़ेगी। इस ट्रेन से औरैया के औद्योगिक क्षेत्रों, एनटीपीसी और गेल के पाता संयंत्र, इटावा के कृषि क्षेत्र तथा फिरोजाबाद के कांच उद्योग को लाभ मिलेगा। इसके अलावा हाथरस के हींग प्रसंस्करण, पीतल और कृषि आधारित उद्योगों, अलीगढ़ के ताला उद्योग और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय तथा

रेलवे ने अनवरगंज-मंधना रेलखंड पर एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने की लंबित मांग को भी दी मंजूरी

खुर्जा के सिरेमिक एवं मिट्टी के बर्तन उद्योग को भी बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। इस मौके पर वैष्णव ने कानपुर के लोगों को नई ट्रेन सेवा शुरू होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कानपुर के लोगों को इस नई रेल सेवा के लिए शुभकामनाएं दी हैं। रेल मंत्री ने कानपुर में आगामी रेल परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अनवरगंज-मंधना के बीच 16 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रेल ट्रैक बनने से रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम की दशकों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा। उन्होंने प्रस्तावित बुलेट ट्रेन उत्तर कॉरिडोर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कानपुर के विकास में नया अध्याय जोड़ेगा। प्रस्तावित कॉरिडोर दिल्ली, आगरा, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ और अयोध्या को जोड़ते हुए पटना, सिलीगुड़ी और गुवाहाटी तक जाएगा। इसके शुरू होने पर दिल्ली से कानपुर की यात्रा लगभग एक घंटा 45 मिनट में पूरी हो सकेगी। वैष्णव ने कहा कि कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी से चल रहा है। आने वाले समय में कई अन्य विकास परियोजनाएं भी शुरू की जाएंगी। इस अवसर पर अवस्थी ने कहा कि कानपुर का खोया गौरव वापस दिलाने का संकल्प अब धरातल पर आकार ले रहा है। कानपुर में बुलेट ट्रेन का ठहराव घोषित होने से शहर के लोगों में खुशी है। उन्होंने कहा कि रेलवे ने अनवरगंज-मंधना रेलखंड पर एलिवेटेड कॉरिडोर बनाने की कानपुरवासियों की लंबे समय से लंबित मांग को भी मंजूरी दी है।

संक्षिप्त खबरें

रिव्यू कमेटी ने स्वास्थ्य सेवाओं की परखी गुणवत्ता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को स्टेट रिव्यू टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं का निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व डॉ अश्विनी मिश्रा ने किया।टीम ने सबसे पहले ओपीडी में मरीजों से बात की और उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा।इसके बाद प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष,दवा वितरण कक्ष,पैथोलॉजी, इमरजेंसी वार्ड और भर्ती वार्ड देखे।टीम ने दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, स्टाफ की मौजूदगी, उपकरणों की स्थिति और रिकॉर्ड की जांच की। स्वास्थ्य केंद्र में रखे रजिस्टर, रिपोर्ट और दूसरे दस्तावेज भी देखे।निरीक्षण के दौरान टीम को कहीं कोई कमी नहीं मिली। व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने पर टीम ने स्टाफ की सराहना की।टीम ने मरीजो को इसी तरह समय पर और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देते रहने पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई भी देखी। टीम ने कहा कि हर मरीज को अच्छा इलाज मिलना चाहिए और किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए।इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह,संजीव कुमार बीपीएम,शैलेश रावत बीसीपीएम, डॉ दीपिका वर्मा,डॉ सपना वर्मा,डॉ देव प्रताप सिंह,डॉ देवेंद्र सिंह,स्टाफ नर्स गीता निगम,एएनएम रेनू और अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

निर्माण कार्यों का लिया जायजा

बलरामपुर। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर का भ्रमण कर वहां चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे कराए जाएं। साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से ट्रिपलिंग कर रहे तीन युवकों की मौत

बहराइच समृद्धि न्यूज़ बाइक से फखरपुर में दुकान जा रहे लोगों को ट्रैक्टर ट्राली ने हाइवे पर टक्कर मार दी। हादसे में तीनों लोगों की मौत हो गई। इससे परिवार में हलचल मच गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। रिसिया के जमाल टेपरा निवासी 18 वर्षीय राम किशुन, मुकेश (23)और रामू (25) के साथ बाइक से घर से निकले। रामू के भाई रमेश ने बताया कि तीनों बाइक सवार फखरपुर में संचालित साइकिल की दुकान जा रहे थे। राम गांव के चौपाल सागर के पास पहुंचने पर तेज रफ्तार में ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी इंचार्ज हाईवे हेमंत सिंह ने तीनों को ऑटो से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। यहां पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर राजेश सोनकर ने मृत घोषित कर दिया। मृतकों के पास मिले मोबाइल फोन से हादसे की जानकारी दी गई। इस परिवार के लोग रोते विलखते मौके पर पहुंचे। अस्पताल परिसर चीत्कार से गूंज उठा। थानाध्यक्ष दिवाकर तिवारी ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त वाहन की तलाश की जा रही है।

गड्ढों से पटी हाईवे की सड़क बनी मौत का रास्ता, ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़ नानपारा-लखीमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर जनता ढाबा के सामने रविवार रात तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी। भीषण हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे ने एक बार फिर हाईवे की बदहाल सड़क और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मूर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के निद्धीपुरवा निवासी आकाश सिंह (25) पुत्र विजय शंकर सिंह शाहपुर कला स्थित रिश्तेदारी से मोटरसाइकिल संख्या UP40BJ5233 से घर लौट रहे थे। ग्राम परवानी गौढ़ी के पास जनता ढाबा के सामने अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आकाश को संभलने तक का मौका नहीं मिला और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना मोतीपुर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर जुटे लोगों से जानकारी ली। पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। 38 लाख का बजट, फिर भी सड़क पर मौत के गड्ढे! हादसे के बाद सड़क निर्माण और मरम्मत की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब चार माह पूर्व नानपारा से जालिमनगर पुल तक सड़क चौड़ीकरण और मरम्मत के लिए 38 लाख रुपये का बजट आया था, लेकिन कई स्थानों पर काम अधूरा छोड़ दिया गया। हाईवे के किनारे गहरे गड्ढे और सड़क की कम चौड़ाई वाहन चालकों के लिए खतरा बनी हुई है। विडंबना यह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, लेकिन सड़क की बदहाली और अधूरे निर्माण पर प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आती। सवाल यह है कि क्या विभाग किसी बड़े हादसे या लगातार होती मौतों का इंतजार कर रहा है? आखिर सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण की जिम्मेदारी किसकी है और 38 लाख रुपये के बजट से धरातल पर कितना काम हुआ? इन सवालों का जवाब जिम्मेदार अधिकारियों को देना होगा।

पुरैना बाजार में धूमधाम से मनाया गया छठ महापर्व,घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़ विकासखंड विशेश्वरगंज अंतर्गत पुरैना बाजार में लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। व्रती महिलाओं ने पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ छठी मैया की पूजा-अर्चना की। छठ महापर्व का आयोजन मनोज कुशवाहा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। पर्व को लेकर पूजा स्थल पर विशेष तैयारियां की गई थीं। छठ पूजा के अवसर पर व्रती महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। शाम के समय श्रद्धालु पूजा सामग्री, फल, फूल, गन्ना, नारियल, ठेकुआ और अन्य पारंपरिक प्रसाद से सजे सूप लेकर पूजा स्थल पर पहुंचे। यहां महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मैया की आराधना की। इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण छठी मैया के जयकारों से गूंज उठा। वहीं पर्व के अगले दिन सुबह श्रद्धालु पुनः पूजा स्थल पर एकत्रित हुए और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण किया। इस दौरान छठी मैया के पारंपरिक गीतों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

सत्यप्रकाश सिंह 'सत्या' बने भाजपा किसान मोर्चा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

बहराइच समृद्धि न्यूज़ भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ नेता सत्यप्रकाश सिंह 'सत्या' को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा का सम्मान देते हुए भाजपा किसान मोर्चा, अवध क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस घोषणा से जनपद के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में हर्ष की लहर है। जनसंघ काल से जुड़े परिवार की राष्ट्रवादी विरासत को आगे बढ़ाते हुए सत्या ने 2017 के विधानसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाई और 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में पयागपुर विधानसभा के वाहन प्रमुख रहे। 2021 में हुजूरपुर से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने के साथ ही वे मंडल कार्यसमिति सदस्य (हुजूरपुर), किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष (2021–2025) और जिला संयोजक (2025–2026) जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहकर किसानों की आवाज बुलंद करते रहे हैं। उनकी इस नई उपलब्धि पर क्षेत्रीय नेताओं व समर्थकों ने हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

30 नवंबर तक चलेगा स्वगणना अभियान, नागरिक खुद दर्ज करेंगे परिवार की जानकारी

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत स्वगणना अभियान का शुभारंभ 16 नवंबर से हो गया है। यह अभियान 30 नवंबर तक चलेगा। इसके तहत नागरिक घर बैठे मोबाइल, कंप्यूटर या अन्य इंटरनेट आधारित उपकरणों के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। अभियान के सफल संचालन और व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से अपनी स्वगणना पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी स्वयं जानकारी दर्ज करने के साथ ही अपने परिवार, परिचितों और आमजन को भी इसके लिए जागरूक करें। जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिया कि 16 से 30 नवंबर तक प्रतिदिन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभागवार जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं। इसके तहत 16 नवंबर को राजस्व एवं प्रशासन, 17 नवंबर को स्थानीय शासन एवं ग्रामीण विकास, 18 नवंबर को युवा एवं खेल, 19 नवंबर को विशिष्ट समूहों तथा 20 नवंबर को न्यायिक संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसी क्रम में 21 नवंबर को विशेष कार्यस्थलों, 22 नवंबर को केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, 23 नवंबर को शैक्षणिक संस्थानों, 24 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग तथा 25 नवंबर को उद्योग एवं परिवहन क्षेत्र में जागरूकता गतिविधियां आयोजित होंगी। 26 नवंबर को महिला एवं स्वयं सहायता समूहों, 27 नवंबर को डिजिटल सेवाओं एवं विशेष आवश्यकता वाले लोगों, 28 नवंबर को घरेलू कामगारों, 29 नवंबर को लक्षित समूहों तथा 30 नवंबर को किसानों एवं कृषि संगठनों के माध्यम से अभियान को व्यापक बनाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वगणना के महत्व एवं प्रक्रिया की जानकारी दी जाए। इसके लिए सामाजिक संचार माध्यमों और अन्य प्रचार माध्यमों का भी उपयोग किया जाए। अभियान के दौरान विभागीय गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाएगी। ऐसे कर सकेंगे स्वगणना नागरिक आधिकारिक जनगणना पोर्टल पर जाकर 16 से 30 नवंबर तक अपने परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद मिलने वाली विशिष्ट पहचान संख्या को सुरक्षित रखना होगा। क्षेत्रीय जनगणना कार्य के दौरान यह संख्या प्रगणक को उपलब्ध करानी होगी। जनगणना का क्षेत्रीय कार्य एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े देश के विकास, संसाधनों के नियोजन और भविष्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

युवती की हत्या के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़

रामनगर बाराबंकी। थाना रामनगर क्षेत्र में युवती की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने युवती को हैदराबाद पहुंचाने का झांसा देकर मिलने के लिए बुलाया था। पुलिस के मुताबिक, छेड़छाड़ का विरोध करने और परिजनों को बताने की बात कहने पर उसने युवती की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद शव को धान के खेत में छिपाकर फरार हो गया था।पुलिस के अनुसार 16 अक्टूबर 2026 को युवती के पिता ने उसके लापता होने की तहरीर दी थी।इस पर रामनगर थाने में मुअसं 430/2026 धारा 140(3) बीएनएस के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस युवती की तलाश में जुटी थी।इसी बीच 12 नवंबर को ग्राम कॉफ फतेहउल्लापुर के एक खेत में मानव कंकाल के साथ कपड़े और चप्पल बरामद हुए।परिजनों ने कपड़ों और चप्पलों के आधार पर उसकी पहचान अपनी पुत्री के रूप में की। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाकर कंकाल को पोस्टमार्टम और डीएनए परीक्षण के लिए भेजा था।मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि युवती का संपर्क सुल्तानापुर निवासी सुशील कुमार उर्फ कटनू पुत्र रामसिंह उर्फ सिंघा से था।पेशे से चालक सुशील की युवती को अपने एक परिचित के पास हैदराबाद पहुंचाने को लेकर बातचीत हुई थी। 16 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे दोनों पूर्व निर्धारित स्थान पर मिले।पुलिस के मुताबिक, आरोपी युवती को ग्रामीणों की नजरों से बचाते हुए खेत के रास्ते ले गया।नाले के किनारे उसने युवती के साथ छेड़छाड़ की।विरोध करने और परिजनों को इसकी जानकारी देने की बात कहने पर आरोपी ने पहले हाथ से और फिर दुपट्टे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।इसके बाद शव को धान के खेत में छिपाकर मौके से फरार हो गया।पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और डिजिटल साक्ष्यों की मदद से आरोपी सुशील कुमार उर्फ कटनू को सोमवार को ग्राम चंदनापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमे में हत्या और साक्ष्य मिटाने से संबंधित धाराएं 103(1)/238 बीएनएस की बढ़ोतरी की है।

छठ महापर्व पर घाघरा घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब

कैसरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़ लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर रविवार की शाम जरवल के घाघरा घाट सहित तमाम घाघरा नदी के तटवर्ती गांवों में अपार श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखने को मिला।धौंकल पुरवा, धनराजपुर, नासिरगंज बांध, विसैधा और जरवल रोड बस स्टॉप सुरजीपुरवा तालाब सहित अन्य गांवों के पोखरों और घाटों पर व्रती महिलाओं ने पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान घाटों पर छठी मैया के गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर घाटों पर महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की मुस्तैद तैनाती रही। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा टीम भी पूरी तरह तैयार नजर आई।

15 दिवसीय संस्कृत नाट्य कार्यशाला का आयोजन 17 नवम्बर से लखनऊ में

समृद्धि न्यूज़

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्, लखनऊ द्वारा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिवसीय संस्कृत नाट्य कार्यशाला के आयोजन हेतु आदर्श सेवा संस्थान, बाराबंकी का पुनः चयन किया गया है। यह संस्थान के लिए गौरव एवं हर्ष का विषय है। कार्यशाला का आयोजन 17 नवम्बर 2026 से लखनऊ के सी-सेक्टर, मकान संख्या 85, महानगर में किया जा रहा है। इसमें चयनित प्रतिभागियों को संस्कृत नाटक 'भ्रातृ मेलनम्' से संबंधित सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी परम विद्वान एवं संस्कृत नाट्य विशेषज्ञ श्री सुअंश सक्सेना के निर्देशन में संपन्न होगी। कार्यशाला के समापन अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा संस्कृत नाटक का मंचन जनपद बाराबंकी में किसी उपयुक्त स्थान पर किया जाएगा। इसके लिए संभावित तिथि 17 दिसम्बर 2026 निर्धारित की गई है। आदर्श सेवा संस्थान के प्रबंधक डॉ. सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यशाला के आयोजन स्थल के रूप में लखनऊ का चयन प्रतिभागियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है, क्योंकि विभिन्न जनपदों से चयनित अधिकांश प्रतिभागी लखनऊ में ही निवास करते हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान आवागमन एवं ठहरने संबंधी असुविधाओं से बचाना है। उन्होंने कहा कि संस्कृत नाट्य कार्यशाला के माध्यम से संस्कृत भाषा, साहित्य एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को नाट्य कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे युवाओं में संस्कृत के प्रति रुचि बढ़ने के साथ ही अभिनय एवं रंगमंचीय कौशल का भी विकास होगा।

परिवार परामर्श केंद्र ने सुलझाए पांच पारिवारिक विवाद

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर। मिशन शक्ति अभियान के छठे चरण के तहत रविवार को महिला थाना परिसर स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पांच पारिवारिक विवादों का सफल निस्तारण कराया गया। दोनों पक्षों की उपस्थिति में काउंसलिंग कराकर पति-पत्नी के बीच चल रहे मनमुटाव और गलतफहमियों को दूर किया गया। सभी पांच मामलों में दोनों पक्ष आपसी सहमति से साथ रहने को तैयार हुए। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में आयोजित बैठक में जिले के विभिन्न थानों से प्राप्त वैवाहिक और पारिवारिक विवादों से संबंधित पत्रावलियों पर सुनवाई की गई। परामर्शदाताओं ने संबंधित पक्षों को अलग-अलग और संयुक्त रूप से सुनकर विवादों की वजह समझी तथा आपसी बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान कराया। इस दौरान दोनों पक्षों को महिला संबंधी कानूनों, घरेलू हिंसा से संरक्षण, भरण-पोषण के अधिकार और बच्चों के भविष्य के प्रति जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि पारिवारिक विवादों का असर केवल पति-पत्नी पर ही नहीं, बल्कि बच्चों और पूरे परिवार पर पड़ता है। परामर्श के बाद सभी मामलों में दोनों पक्षों ने अपनी गलतियों पर खेद जताते हुए भविष्य में प्रेम, विश्वास और आपसी सामंजस्य के साथ जीवन बिताने का संकल्प लिया। इन पांच मामलों का हुआ निस्तारण परिवार परामर्श केंद्र में पूजा गुप्ता बनाम मनीष गुप्ता (थाना गैंसड़ी), मोनिका बनाम पंकज (थाना पचपेड़वा), मेराजुन बनाम शेरू (थाना उतरौला), भानमती बनाम राजित राम (थाना पचपेड़वा) तथा रूबी बनाम अब्दुल्ला (थाना महाराजगंज तराई) के विवादों का निस्तारण कराया गया। इस कार्य में परामर्शदाता अरुण कुमार यादव, तनवीर जहां और देवतादीन दूबे के साथ परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी एवं महिला थानाध्यक्ष पूनम यादव तथा महिला आरक्षी गुलअफशां बानो और स्वाती का विशेष योगदान रहा। बलरामपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार का पारिवारिक विवाद होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में संपर्क करें, ताकि समय रहते आपसी सहमति से विवादों का समाधान कराया जा सके।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा शुरू, नियमों के पालन का दिलाया संकल्प

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर । जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को यातायात कार्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वाहन चालकों और आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। 16 से 30 नवंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े के दौरान जिले के सभी थाना क्षेत्रों में जागरूकता और यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्कूलों, महाविद्यालयों, बाजारों, चौराहों और पेट्रोल पंपों पर जागरूकता गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ पर्चे भी वितरित किए जाएंगे। अभियान के दौरान बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाने, नशे में वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने, तेज गति और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। पखवाड़े के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों की तत्काल सहायता करने और दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटे के महत्व के बारे में आमजन को जानकारी दी जाएगी। वहीं, जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जाएगी तथा वहां संकेतक लगवाए जाएंगे। कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश यादव, क्षेत्राधिकारी यातायात विजय कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह सहित यातायात पुलिसकर्मी, वाहन चालक, व्यापारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

तेज रफ्तार डम्फर ने माँ बेटे को कुचला, मौके पर दर्दनाक मौत

समृद्धि न्यूज़

जैदपुर बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला,जहां भानमऊ चौराहे के पास मिट्टी लदे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार मां-बेटे को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।मृतकों की पहचान जैदपुर थाना क्षेत्र के पारादीपू गांव निवासी सर्वेश और उनकी मां शर्मावती के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि सर्वेश के पिता का करीब आठ दिन पहले निधन हो गया था। पिता की अस्थियां विसर्जित करने के लिए सर्वेश अपनी मां के साथ घाट जा रहे थे, तभी रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।एक तरफ पिता की मौत का गम,दूसरी तरफ अस्थि विसर्जन के लिए निकले बेटे और मां की एक साथ दर्दनाक मौत इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। **भानमऊ हादसे के बाद कटघरे में यातायात और खनन व्यवस्था,जिम्मेदार विभागों पर उठे सवाल** जानकारी के अनुसार भानमऊ चौराहे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने जिले की यातायात और खनन व्यवस्था की पोल खोल दी है।मिट्टी लदे तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई।मृतको की पहचान पारादीपू गांव निवासी सर्वेश वर्मा और उनकी मां शर्मावती के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि सर्वेश अपनी मां को बाइक पर बैठाकर पिता की अस्थियां विसर्जित करने जा रहे थे,तभी तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे मे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनो ने भानमऊ पुलिस चौकी और जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए है।ऐसे मे हादसे की असली सच्चाई सामने लाने के लिए निष्पक्ष जांच और सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल जरूरी है।इस घटना ने खनन विभाग,आरटीओ और पुलिस की निगरानी व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है।विभागो की निगरानी के बावजूद भारी वाहन सड़कों पर बेखौफ कैसे दौड़ रहे हैं?हादसे ने एक परिवार को उजाड़ दिया है।

खेत मे मिला अजगर, मचा हड़कंप

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बाराबंकी के सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के तारापुर गांव में सोमवार को गांव के बाहर खेतों में 12 फीट लंबा अजगर मिलने से हड़कंप मच गया।खेत में काम कर रहे किसानों की नजर जब विशाल अजगर पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचा दिया।देखते ही देखते यह खबर पूरे गांव में फैल गई और दर्जनों ग्रामीण अजगर को देखने के लिए खेतों की ओर दौड़ पड़े।अजगर को देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया।कुछ लोग डर के कारण दूर खड़े होकर अजगर को देख रहे थे,तो कुछ लोग मोबाइल से उसका वीडियो और फोटो बनाने लगे।ग्रामीणों ने बताया कि इतना लंबा अजगर गांव में पहली बार देखा गया है।मामले की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान पंकज यादव ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। वन डिप्टी रेंजर दीपक गौड़ के निर्देश पर वन विभाग की टीम तुरंत गांव पहुंची।

तुलसीपुर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया छठ महापर्व

विभिन्न पूजा स्थलों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, आदर्श नगर पंचायत की ओर से व्यवस्थाओं की संभाली गई जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर । तुलसीपुर नगर में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न पूजा स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और विधि-विधान से भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। छठ पूजा को लेकर नगर के गया प्रसाद तलाब, शुगर फैक्ट्री तुलसीपुर परिसर, रामलीला तालाब, रानी तालाब देवीपाटन और सूर्यकुंड देवीपाटन सहित विभिन्न पूजा स्थलों पर विशेष तैयारियां की गई थीं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, प्रकाश, पानी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को व्यवस्थित कराया गया, जिससे व्रती महिलाओं और पूजा करने पहुंचे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संपन्न कराने की जिम्मेदारी आदर्श नगर पंचायत तुलसीपुर की अध्यक्ष कहकशां फिरोज के प्रतिनिधि अदनान फिरोज ने संभाली। उन्होंने विभिन्न पूजा स्थलों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखा। इस दौरान नगर के कई लोगों ने भी सहयोग करते हुए पूजा स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं बनाने में अपनी भागीदारी निभाई। छठ महापर्व के दौरान पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बना रहा। घाटों पर पारंपरिक गीतों और छठी मइया के जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मइया से परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। आपसी सहयोग और सामूहिक सहभागिता ने पर्व की खुशियों को और भी बढ़ा दिया।

मनरेगा में ट्रैक्टर से जुताई, कागजों में मिट्टी पटाई दिखाने का आरोप

समृद्धि न्यूज़

विशेश्वरगंज,बहराइच मनरेगा में काम के नाम पर सरकारी धन के बंदरबांट का आरोप लगा है। विकास खंड विशेश्वरगंज की ग्राम पंचायत शिवपुर बैरागी और गुलहरिया की सरहद पर स्थित सड़क पर ट्रैक्टर से जुताई कराकर कागजों में मिट्टी पटाई का कार्य दर्शाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सड़क पर मनरेगा श्रमिकों से काम कराने के बजाय ट्रैक्टर चलवाया गया और श्रमिकों के नाम पर कार्य दर्शाया गया। मामले में ग्राम सचिव सुशील कुमार ने बताया कि वह निलंबित थे और ग्राम प्रधान भी निलंबित थे। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सचिव और प्रधान दोनों निलंबित थे तो संबंधित कार्य का भुगतान किसके स्तर से और किन अभिलेखों के आधार पर कराया गया? भुगतान की स्वीकृति किसने दी और कार्य का सत्यापन किसने किया? मामले में ग्राम पंचायत झूलाघाट के कुछ श्रमिकों ने बताया कि वे सड़क पर ट्रैक्टर के पहियों के निशान मिटाने के लिए ड्रेसिंग करने आए थे। श्रमिकों के इस बयान ने मनरेगा कार्यों की वास्तविकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

इश्तिहार /प्रकाशन

मुकदमा अपराध संख्या 283 / 26 धारा 76 /333 /351 (3)65 (1) बी एन एस व 3 / 4 (2) पाक्सो एक्ट बनाम संतराम पुत्र बेचन निवासी चमारनपुरवा दाखिला लगदिहा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच के विरुद्ध माननीय न्यायालय से परित एन बी डब्ल्यू व धारा 84 बी एन एस एस (उद्घोषणा)की कार्रवाई में डुगी मुनादी व चस्पा के द्वारा की जा चुकी है उदघोषणा उप० मे प्रकाशन के पश्चात अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

बिजली कर्मियों ने शुरू किया ज्ञापन दो अभियान

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बिजली कर्मियों पर की गई उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस कराने की मांग को लेकर 16 से 22 नवंबर तक प्रदेशव्यापी 'ज्ञापन दो अभियान' प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत सांसदों, विधायकों, मंत्रियों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर मार्च 2023 के आंदोलन तथा निजीकरण विरोधी आंदोलन के दौरान बिजली कर्मियों के विरुद्ध की गई समस्त उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस कराने के लिए सरकार के स्तर पर प्रभावी हस्तक्षेप की मांग की जा रही है। अभियान के पहले दिन आज देवरिया में सांसद माननीय शशांक मणि, अलीगढ़ में वित्त राज्य मंत्री एवं खैर के विधायक माननीय सुरेंद्र दिलेर जी तथा कानपुर में विधायक माननीय अमिताभ बाजपेई जी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपे गए। इसी क्रम में अभियंता संघ के अध्यक्ष इंजीनियर संजय सिंह चौहान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने माननीय वित्त राज्य मंत्री एवं खैर, अलीगढ़ के विधायक सुरेंद्र दिलेर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में इंजीनियर राहुल बाबू कटिहार, सत्यपाल राणा एवं हरजीत सिंह शामिल रहे। कानपुर में संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों पी एस बाजपेयी, रफीक अहमद, कपिल मुनि एवं गौरव दीक्षित ने विधायक माननीय अमिताभ बाजपेई को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मार्च 2023 के आंदोलन के बाद तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा के साथ हुए समझौते तथा बिजली कर्मियों के विरुद्ध की गई उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस लेने के स्पष्ट निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की। ज्ञापन में इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की गई कि मार्च 2023 के आंदोलन के बाद ऊर्जा मंत्री के साथ हुए समझौते तथा बिजली कर्मियों के विरुद्ध की गई उत्पीडनात्मक कार्यवाहियां वापस लेने के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अब तक उनका प्रभावी अनुपालन नहीं किया गया है।

छठ महापर्व पर यूपी के स्वच्छ घाटों की देशभर में गूंज

समृद्धि न्यूज़





लखनऊ। सूर्य उपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ पर उत्तर प्रदेश के नगर विकास विभाग द्वारा की गई स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं की व्यापक व्यवस्थाओं ने देशभर में अपनी एक विशिष्ट और प्रेरणादायक पहचान बनाई है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के नगरीय निकायों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सोशल मीडिया पर भी जमकर सराहना हुई, जिसके चलते छठ महापर्व के अवसर पर #UPCitiesKaSwachhChhath देश में नंबर वन पर ट्रेंड करने लगा।

इस बड़ी उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारे नगर कर्मियों के अथक परिश्रम, पुरुषार्थ और समर्पण के बल पर ही दिव्य भाव एवं स्वच्छ वातावरण में छठ महापर्व सफलतापूर्वक संपन्न हो सका है। उन्होंने कहा कि सभी की मेहनत रंग लाई है और आज सुबह से ही यूपी के स्वच्छ छठ की गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है। यह सफलता प्रदेश के सभी सफाई मित्रों, नगर कर्मियों और नगरीय निकायों की पूरी टीम के सामूहिक प्रयासों का ही परिणाम है।

पर्व के पावन अवसर पर मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ के ऐतिहासिक लक्ष्मण मेला घाट पर पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

इस दौरान उन्होंने घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं का अभिवादन करने के साथ ही वहां की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल और अन्य नागरिक सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और अटूट आस्था का महान प्रतीक है, और श्रद्धालुओं को स्वच्छ व सुरक्षित माहौल देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मंत्री ने बताया कि वे स्वयं पिछले कई दिनों से लगातार घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर रहे थे।

उन्होंने महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त श्री गौरव कुमार के साथ लक्ष्मण मेला घाट, झूलेलाल घाट व मेहंदी घाट समेत विभिन्न छठ घाटों का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की थी।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विगत वर्षों में प्रदेश के कुल 101 छठ घाटों के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए 120.34 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत व आवंटित की है।

अंत में मंत्री श्री शर्मा ने इस महापर्व को स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने में योगदान देने वाले सभी सफाई मित्रों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के सभी नगरों को स्वच्छ और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा निदेशक और सचिव से की मुलाकात

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। 69000 शिक्षक भर्ती आरक्षण प्रकरण में नियुक्ति और आरक्षण विसंगति के समाधान की मांग को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को बेसिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी और बेसिक शिक्षा सचिव सुरेंद्र तिवारी से मुलाकात की। इस दौरान अभ्यर्थियों ने दोनों अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर 18 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी करने और आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की। अभ्यर्थियों ने अधिकारियों को बताया कि 21 जुलाई 2026 को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान प्रदेश सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में कुल 8270 पदों का विवरण प्रस्तुत किया गया था। इसमें 3324 पद ओबीसी वर्ग के ऐसे अभ्यर्थियों से संबंधित बताए गए हैं, जिन्हें नियमानुसार पहले ही नियुक्ति मिल जानी चाहिए थी, जबकि 4946 पद ऐसे अभ्यर्थियों के बताए गए हैं, जिन्हें नियुक्ति के लिए बुलाया गया था, लेकिन उन्होंने ज्वाइन नहीं किया। अभ्यर्थियों ने मांग की कि ज्वाइन नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के पदों को रिक्त मानते हुए नियमानुसार अगले पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति का अवसर दिया जाए। उन्होंने आरक्षण नियमों के अनुपालन और रिक्त पदों के वर्गवार विवरण को भी न्यायालय के समक्ष मजबूती से रखने का आग्रह किया। इस पर बेसिक शिक्षा सचिव सुरेंद्र तिवारी ने अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सभी के हितों को ध्यान में रखते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष सरकार का पक्ष रखा जाएगा। साथ ही विभाग की ओर से पूरा प्रयास किया जाएगा कि इस मामले का जल्द से जल्द निस्तारण हो सके। अभ्यर्थियों ने उम्मीद जताई कि 18 नवंबर को होने वाली सुनवाई में सरकार आरक्षण से जुड़े सभी महत्वपूर्ण तथ्यों को प्रभावी ढंग से रखेगी, जिससे लंबे समय से नियुक्ति और न्याय की प्रतीक्षा कर रहे अभ्यर्थियों को राहत मिल सके। रंजीत कुमार, अमित मौर्य, संतोष, दीपेन्द्र, इरशाद, संदीप, राहुल मौर्य, संदीप यादव, बलराम वर्मा।

स्व-जनगणना के लिए निकाली जागरूकता रैली

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। भारत की डिजिटल जनगणना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में शुरू हुए स्व-जनगणना अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत (16 नवंबर 2026 से 30 नवंबर 2026) नागरिकों, महाविद्यालय की छात्राओं और शैक्षणिक-गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की सटीक जानकारी दर्ज करने हेतु, प्रेरित करने के लिए आज दिनांक 16 नवंबर 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बी .एड . विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

यह रैली प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के कुशल संरक्षण एवं स्व-जनगणना की नोडल अधिकारी डॉ मनीषा बड़ौनियाँ एवं बी .एड . विभाग की प्रवक्ताओं प्रोफेसर रशीदा खातून, प्रोफेसर सरिता कनौजिया, प्रोफेसर निशी गुप्ता, डॉ दीपशिखा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों चंदन मौर्य एवं सुश्री दीक्षा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुई। महाविद्यालय परिसर से बाहर निकलकर स्थानीय समुदाय और आमजन को जनगणना के महत्व और उनके कानूनी दायित्वों के प्रति जागरूक करना एवं डिजिटल माध्यमों से गणना प्रक्रिया को सुगम बनाना जिससे कोई भी परिवार इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य से वंचित न रहे,इस रैली का महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा।

रैली में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की छात्राओं, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविका ने पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ भाग लिया। रैली के दौरान छात्राओं द्वारा हाथों में तख्तियाँ लेकर जनगणना से जन कल्याण, मेरा भारत बने महानष ,ष्डिजिटल जनगणना-हमारी पहचान और सही जानकारी, देश की मजबूतीष जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए गए।

शिमला मिर्च के उत्पादन में यूपी देश में अव्वल

- **19.63 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश ने हासिल की अग्रणी स्थिति**
- **शिमला मिर्च के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने से किसानों, व्यापारियों एवं आपूर्तिकर्ताओं को मिलेगा बेहतर आर्थिक लाभ-केशव**

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि शिमला मिर्च के उत्पादन में उत्तर प्रदेश का देश में प्रथम स्थान प्राप्त करना प्रदेश के किसानों की मेहनत और बागवानी क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं का प्रमाण है। शिमला मिर्च के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने से किसानों, व्यापारियों एवं आपूर्तिकर्ताओं को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। प्रसंस्करण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, भंडारण एवं विपणन सुविधाओं के विस्तार से शिमला मिर्च के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा। इससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने के साथ ही व्यापारियों एवं आपूर्तिकर्ताओं के लिए भी नए व्यावसायिक अवसर सृजित होंगे तथा प्रदेश में कृषि आधारित उद्यमों को नई गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला मिर्च जैसी उच्च मूल्य वाली सब्जियों की वैज्ञानिक एवं आधुनिक तकनीकों से खेती को प्रोत्साहित करने के साथ ही फसलोपरांत प्रबंधन और प्रसंस्करण की सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। इससे उत्पाद की गुणवत्ता बनाए रखने, बाजार तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने और किसानों की आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी। प्रदेश सरकार किसानों को कृषि आधारित उद्यमों से जोडक़र उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बीएल मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शिमला मिर्च के उत्पादन में उत्तर प्रदेश ने देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। देश के कुल शिमला मिर्च उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 19.63 प्रतिशत है। पश्चिम बंगाल 18.81 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे तथा हरियाणा 9.28 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है।

यह उपलब्धि प्रदेश में बागवानी एवं सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की अग्रणी स्थिति को रेखांकित करती है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश 7.75 प्रतिशत, झारखंड 7.24 प्रतिशत, कर्नाटक 7.07 प्रतिशत, हिमाचल प्रदेश 6.74 प्रतिशत, जम्मू एवं कश्मीर 6.39 प्रतिशत, महाराष्ट्र 5.69 प्रतिशत तथा आंध्र प्रदेश 3.49 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश के प्रमुख शिमला मिर्च उत्पादक राज्यों में शामिल हैं।शिमला मिर्च पोषण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण सब्जी है। विटामिन एवं खनिज तत्त्व पाए जाते हैं। इसके उत्पादन एवं प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने से किसानों की आय में वृद्धि, कृषि आधारित उद्यमों के विकास, व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार तथा प्रदेश की कृषि अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

सरकारी विज्ञापनों पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, ब्रांडिंग का लगाया आरोप

- **आराधना मिश्रा 'मोना' बोलीं, दस साल की उपलब्धियां बताने के बजाय जनता के टैक्स से चमकाई जा रही सरकार की छवि**

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सरकारी प्रचार-प्रसार को लेकर कांग्रेस ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं विधायक आराधना मिश्रा 'मोना' ने 'योगी की पाती' के 50 सप्ताह पूरे होने और कॉफी टेबल बुक के विमोचन कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार गरीब जनता की गाढ़ी कमाई और टैक्स के पैसे का इस्तेमाल अपनी ब्रांडिंग के लिए कर रही है। उनका कहना है कि दस वर्षों के कार्यकाल की ठोस उपलब्धियां बताने के बजाय विज्ञापनों के जरिए सरकार अपनी छवि चमकाने में जुटी है।

आराधना मिश्रा ने कहा कि 'योगी की पाती' के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं और गोवंश से जुड़े मुद्दों पर सरकार अपनी उपलब्धियां पेश कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसान खाद-बीज के लिए परेशान हैं, युवा बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं और महिलाओं-बेटियों की सुरक्षा के साथ गौशालाओं में चारा व दवाइयों की उपलब्धता जैसे सवाल अब भी मौजूद हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने इसे जनता के साथ छलावा और क्रूर मजाक करार दिया। हालांकि, इन आरोपों पर सरकार का पक्ष सामने नहीं आया है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर पत्रकारों को दी शुभकामनाएं

राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर आराधना मिश्रा 'मोना' ने पत्रकारों, संपादकों, छायाकारों और डिजिटल कैमरामैन सहित मीडिया जगत से जुड़े लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। मीडिया जनहित के मुद्दे उठाने के साथ सरकार और प्रशासन की जवाबदेही तय करने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने प्रेस की आजादी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराते हुए पत्रकारों के साहस और सत्यनिष्ठा की सराहना की।

तालीम और तरबियत के संग विद्यार्थियों ने बिखेरे हुनर के रंग

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। गोमती नगर स्थित उर्दू अकादमी ऑडिटोरियम में असमा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से शैक्षिक एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने नात-ए-पाक, तकरीर, वाद-विवाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मोहम्मद की नात-ए-पाक से हुई, जबकि अरीबा ग्रुप ने स्वागत प्रस्तुति दी। हाजरा और शिफा ने माता-पिता के महत्व पर वाद-विवाद किया। फातिमा नसीम ने 'उस्ताद का मकाम' विषय पर तकरीर पेश की। वहीं आयशा नौशाद और लवीजा इरशाद ने 'तराना-ए-असमा' प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बनाया।

समारोह में मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि तालीम के साथ बच्चों की तरबियत, नैतिक मूल्यों और अच्छे आचरण पर ध्यान देना भी जरूरी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता चौधरी वीरेंद्र सिंह ने शिक्षा को सामाजिक बदलाव और वंचित वर्गों के उत्थान का प्रभावी माध्यम बताया। इरा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. अब्बास अली मेहदी ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी। डॉ. तारिक सिद्दीकी ने दीनी और दुनियावी तालीम को बेहतर समाज की बुनियाद बताया।

असमा इंटर कॉलेज के संस्थापक डॉ. अब्दुल वहीद कासमी ने शिक्षा के जरिए ईश्वर, स्वयं और सृष्टि को समझने की क्षमता विकसित करने पर जोर दिया। अल-फारूक अकादमी के निदेशक डॉ. फखरुद्दीन वहीद कासमी ने आधुनिक और दीनी शिक्षा के संतुलन को जरूरी बताया। कार्यक्रम में डॉ. अनीस अंसारी (आईएएस), डॉ. सुधा मिश्रा, शाहाना सिद्दीकी, डॉ. शाहनवाज, महमूद आलम, डॉ. मसीहुद्दीन और हम्माम वहीद समेत अन्य वक्ताओं ने भी शिक्षा, अनुशासन और सर्वांगीण विकास पर विचार रखे। समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

वीरांगना ऊदा देवी पासी के परिनिर्माण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

लखनऊ। वीरांगना ऊदा देवी पासी जी के परिनिर्माण दिवस के अवसर पर ओमा फाउंडेशन ग्रुप द्वारा मानव मार्केट, निकट संजय गांधी पीजीआई रायबरेली रोड लखनऊ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी का जन्म लखनऊ के उजरियांव गांव में हुआ था। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपने पति मक्का पासी के बलिदान के बाद स्वयं हथियार उठाया। 16 नवंबर 1857 को लखनऊ के सिकंदरबाग में पीपल के पेड़ पर चढक़र उन्होंने अकेले ही 36 से अधिक अंग्रेज सैनिकों को मार गिराया और अंत में देश के लिए वीरगति को प्राप्त हुईं। वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी जी केवल पासी समाज की ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की गौरव हैं। उनका साहस, देशभक्ति और नारी शक्ति आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा है।

चुनावी आयोजन के रूम में याद रह गया गोमती महोत्सव-2026

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। नवाबी नगरी की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक सरोकारों की दावेदारिया लेकर शुरू किया गया गोमती महोत्सव का बहुप्रचारित आयोजन अंतः सरकारी तामझाम और चुनावी मौसम के राजनीतिक तमाशे के रूप में निपट गया। अंतिम दिन तमाम छोटे बच्चे कला प्रतियोगिता का सहभागिता पत्र गोमती महोत्सव समारोह के मंच पर हासिल करने की आशा लिए अपने अभिभावकों के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे थे। लेकर ऐन मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन हो गया और फिर मुख्यमंत्री की सुरक्षा के प्रोटोकॉल के आतंक में पूरा सांस्कृतिक कार्यक्रम सहम कर रह गया। ब्लैककैट कमांडो और विशेष सुरक्षा दस्ते की चाकचौबंद व्यवस्था इतनी धमकदार रही कि आयोजन से संबंधित तमाम सदस्य खुद मंच तक पहुंचने को तरसते रहे। कार्यक्रम की फाइल फोटो में भाजपा के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भाजपा के एमएलसी पवन सिंह चौहान और स्थानीय भाजपा पार्षद रामकरन यादव की मौजूदगी ने इस सांस्कृतिक कार्यक्रम को भाजपा का राजनीतिक मंच बना दिया। गोमती महोत्सव समारोह जैसे तैसे समाप्त हो गया।

लगभग 4 लाख किसानों के हितों से जुड़ा मामला, मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। FPO Association of Uttar Pradesh दवारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत एफ०पी०ओ० गठन, लंबित अनुमोदन एवं CBBO (Cluster Based Business Organisations) संस्थाओं के बकाया भुगतान का गंभीर मुद्दा उठाया गया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि वितीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 625 किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष लगभग 500 एफ०पी०ओ० का गठन एवं पंजीकरण कराया जा चुका है। इन एफ०पी०ओ० से लगभग 4 लाख किसान जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद लंबे समय से अनुमोदन एवं संबंधित भुगतान की प्रक्रिया लंबित होने के कारण किसानों तथा योजना को धरातल पर लागू करने वाली CBBO संस्थाओं को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है एसोसिएशन ने बताया कि CBBO संस्थाओं ने लगभग डेढ़ वर्ष तक अपने संसाधनों से कर्मचारियों का वेतन, फील्ड विजिट, प्रशिक्षण, एफ०पी०ओ० पंजीकरण, व्यवसाय योजना तैयार करने, क्षमता निर्माण एवं अन्य आवश्यक गतिविधियों पर खर्च करके योजना को सफल बनाने का प्रयास किया। लेकिन लंबे समय से भुगतान लंबित होने के कारण कई संस्थाओं के सामने कर्मचारियों का वेतन एवं कार्यालय संचालन जारी रखना भी चुनौती बन गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रतिनिधियों ने कहा कि एसोसिएशन पारदर्शिता एवं निष्पक्ष जांच का पूर्ण समर्थन करता है, लेकिन बार- बार जांच और प्रक्रियागत अस्पष्टता के कारण अनुमोदन में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। पात्र एवं सत्यापित एफ०पी०ओ० तथा CBBO संस्थाओं के मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाना आवश्यक है। किसानों के हितों पर पड़ रहा है प्रतिकूल प्रभाव एसोसिएशन ने कहा कि यह केवल CBBO संस्थाओं के भुगतान का विषय नहीं है, बल्कि प्रदेश के लाखों किसानों के भविष्य से जुड़ा मामला है। अनुमोदन में देरी के कारण एफ०पी०ओ० की व्यावसायिक गतिविधियां, बाजार से जुड़ाव, सामूहिक खरीद-बिक्री, इक्विटी ग्रांट, क्रेडिट गारंटी एवं अन्य वितीय सुविधाओं की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इससे किसानों के बीच एफ०पी०ओ० व्यवस्था के प्रति विश्वास भी कमजोर होने की आशंका है। एसोसिएशन की प्रमुख मांगें FPO Association of Uttar Pradesh ने प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभागों के समक्ष निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं:

वर्ष 2024-25 के अंतर्गत गठित एवं पात्र लगभग 500 एफ०पी०ओ० के लंबित अनुमोदन पर तत्काल निर्णय लिया जाए। आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए।पात्र एवं सत्यापित CBBO संस्थाओं के लंबित भुगतानों का तत्काल भुगतान किया जाए। बढ़ाई जाए। बार-बार जांच के स्थान पर पूर्व में की गई जांच एवं सत्यापन के आधार पर अनुमोदन की प्रक्रिया आगे एफ०पी०ओ० को Equity Grant, Credit Guarantee एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विशेष लंबित निश्चित समय-सीमा निर्धारित की जाए। कार्ययोजना बनाई जाए। अनुमोदन एवं भुगतान के निस्तारण के लिए 7. इस पूरे प्रकरण के समाधान के लिए शासन स्तर पर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाए। वित्तीय वर्ष 2022-23 में गठित 276 एफ०पी० ओ० के लंबित Equity Grant एवं Management Cost का भुगतान शीघ्र कराया जाए। मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की अपील अधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा किसानों को एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, माननीय कृषि मंत्री एवं संबंधित विभागीय संगठित कर उनकी आय एवं आर्थिक स्थिति मजबूत करने की है।

ऐसे में योजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर कर एफ०पी०ओ० एवं CBBO संस्थाओं को राहत देना आवश्यक है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि उसका उददेश्य किसी व्यक्ति अथवा विभाग का विरोध करना नहीं बल्कि किसानों के हितों की रक्षा करना और सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाना है।

तालाब में मिला लापता सफाई कर्मचारी का शव

- परिवार की तलाश का दर्दनाक अंत, दो दिन से घर से लापता था आकाश
- चप्पल और लाल कमीज के सहारे तालाब तक पहुंचे परिजन, छह साल पहले हुई थी शादी



समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।

रोजा क्षेत्र में घर से अचानक लापता हुए 25 वर्षीय सफाई कर्मचारी की तलाश का सोमवार सुबह दर्दनाक अंत हो गया। गांव के बाहर स्थित तालाब में उसका शव उतराता मिलने से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि घटना की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची रोजा पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना रोजा क्षेत्र के गांव टिकरा निवासी आकाश (25) पुत्र रामासरे वाल्मीकी नगर निगम के जोन दो में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत था। आकाश शनिवार देर रात अचानक घर से कहीं चला गया था। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। रविवार को परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। आखिरकार परिजनों ने रोजा थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार सुबह भी परिजन उसकी तलाश में जुटे थे। इसी दौरान गांव के मोड़ पर आकाश की चप्पल पड़ी दिखाई दी। कुछ दूरी पर उसकी लाल रंग की कमीज भी पड़ी मिली। अनहोनी की आशंका के बीच जब परिजनों ने पास के तालाब में देखा तो आकाश का शव पानी में उतराता नजर आया। यह दृश्य देखते ही परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। जिस युवक को परिजन दो दिनों से ढूंढ़ रहे थे, वह इस हालत में मिलेगा, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। सूचना पर थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक आकाश की शादी छह वर्ष पूर्व हुई थी। पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद के चलते उसकी पत्नी रोशनी पिछले तीन वर्षों से मायके में रह रही हैं। दोनों के बीच का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। परिवार का कहना है कि इन परिस्थितियों के चलते आकाश मानसिक तनाव में रहता था। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आमसभा 23 नवम्बर तक स्थगित

शाहजहांपुर। कचहरी के अवनीश कुमार सिंह चैहान एडवोकेट के भाई की हत्या के प्रकरण के सम्बंध में सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ताओं, कार्यकारिणी तथा पुलिस के उच्च अधिकारियों से वार्ता हुई। जिसमें सोमवार को होने वाली आम सभा 23 नवम्बर सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। जानकारी देते हुए सेन्ट्रल बार एसोसिएशन महासचिव नंद किशोर अवस्थी उर्फ राजेश ने बताया कि पुलिस अधिकारियों से वार्ता के बाद अब सोमवार तक के लिए आम सभा स्थगित कर दी गई है। फोरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। वार्ता में सीओ सिटी, सीओ पुवायां, इंसेक्टर सिंधौली व इंसेक्टर सदर बाजार समेत वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

लड़की होने के बाद से परेशान कर रही थीं ननद व सास

- फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव गला दबाकर मारने का आरोप





समृद्धि न्यूज, कुर्रियां कला, शाहजहांपुर।

विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला है। विवाहिता की मौत के बाद मायके वालों ने ससुरालियों पर गला दवाकर मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। विवाहिता की एक आठ माह की बच्ची भी हैं। कांट के गांव सरथौली निवासी सुरेश ने अपने बेटी बबली की शादी डेढ साल पहले पल्हौरा निवासी शोभित के साथ की थी। शादी के बाद सबकुछ ठीक ठाक चल रहा था। सोमवार को बबली का मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद बच्ची के जन्म तक सबकुछ ठीक ठाक चल रहा था। बच्ची का जन्म होने के बाद ननद और सास उसे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करने लगे। जिससे वह काफी परेशान था। आरोप है कि ननद और सास के साथ दो अन्य ससुरालियों ने उसकी विवाहिता पुत्री बबली का गला दवाकर हत्या कर दी हैं। विवाहिता के एक आठ माह की बच्ची हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पिता की ओर से पुलिस को चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी गयी हैं। पुलिस ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल में कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।



कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित ग्लोरियस माइनॉरिटी पब्लिक स्कूल में सीनियर एवं जूनियर वर्ग में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सीनियर वर्ग में अरीबा खान के ड्राई फ्रूट के हलवा को प्रथम, अंशिका राठौर के छोले की सब्जी को द्वितीय, पल्लवी यादव की मिक्स सब्जी को तृतीय, सोनी बानो के मिर्च को चौथा, अनम फातिमा के पास्ता को पांचवा, राधा गुप्ता के पुलाव को छठा, कीर्ति यादव के ब्रेड पकोड़े को सातवां स्थान प्राप्त हुआ। वहीं मुस्कान सिंह अंशिका देवी करिश्मा यादव आरजू सिंह का प्रदर्शन भी अच्छा रहा। जूनियर वर्ग में आस्था मिश्रा को प्रथम मीनाक्षी को द्वितीय मानवी गुप्ता को तृतीय नव्या गुप्ता को चौथा रितु यादव को पांचवा लक्ष्मी यादव को छठा रेखा एवं निहारिका प्रजापति को सातवां स्थान प्राप्त हुआ वहीं हर्षिता नैंसी हिमांशी मीनाक्षी पूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में इरम मंसूरी आन्या शुक्ला रीता चैहान एवं प्रतियोगिता प्रभारी आसना चैहान निदा अंसारी एवं उमा वर्मा रही। स्कूल के अन्य सभी शिक्षकों ने बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि आज की प्रतियोगिता शानदार रही लड़कियों में खाना पकाने की प्रतियोगिता से खाने को बेहतर बनाने की कला का विकास हुआ।

सीएचसी को खुद दवाई की जरूरत..., मरीजों को कैसे मिले?

खांसी का सिरप, दर्द निवारक ट्यूब और बच्चों की दवाएं भी नहीं मिल रहीं, जल्द उपलब्धता सुनिश्चित कराने का दिया भरोसा

समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनापुर में दवाओं की उपलब्धता को लेकर मरीजों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। अस्पताल में उपचार कराने पहुंच रहे मरीजों को डॉक्टर की सलाह पर दवाएं तो लिखी जा रही हैं, लेकिन जब वह पर्चा लेकर औषधि वितरण केंद्र पहुंचते हैं तो कई दवाएं स्टॉक में नहीं होने की बात कहकर वापस कर दिया जाता है। इससे सरकारी अस्पताल में इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचने वाले मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने या बिना दवा के ही घर लौटने की मजबूरी झेलनी पड़ रही है। मरीजों के मुताबिक अस्पताल में खांसी का सिरप, दर्द में इस्तेमाल होने वाला ट्यूब और बच्चों की उल्टी सहित कई सामान्य बीमारियों की दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। मदनापुर निवासी शिवकुमार ने बताया कि वह अपने भाई के बच्चों की दवा लेने अस्पताल पहुंचे थे। डॉक्टर ने दवाएं लिखीं, लेकिन औषधि केंद्र पर कुछ दवाएं नहीं मिलीं। इसी तरह ढुकुरी कला निवासी जितेंद्र ने बताया कि कमर दर्द की समस्या को लेकर डॉक्टर से परामर्श लिया था। डॉक्टर ने गोलियों के साथ दर्द निवारक ट्यूब भी लिखा, लेकिन केंद्र पर ट्यूब उपलब्ध नहीं होने की बात कही गई। अमरोली निवासी वेदप्रकाश को खांसी का सिरप नहीं मिल सका। वहीं बौरी निवासी कन्या देवी को भी अपने बच्चे की दवा के लिए परेशान होना पड़ा। मरीजों का कहना है कि जब सरकारी अस्पताल में ही जरूरी दवाएं उपलब्ध नहीं होंगी तो गरीब और जरूरतमंद लोग इलाज कैसे करा पाएंगे। चिकित्सा प्रभारी अश्विनी कुमार से इस संबंध में संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। उधर मुख्य चिकित्सा अधिकारी विवेक मिश्रा ने बताया कि जिले में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है। मदनापुर सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी से बात की जा रही है और अस्पताल में तत्काल दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएंगे। अब सवाल यह है कि जब स्वास्थ्य विभाग पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता का दावा कर रहा है तो मदनापुर सीएचसी में मरीजों को जरूरी दवाएं क्यों नहीं मिल पा रही हैं। क्या जिम्मेदार अधिकारी औषधि केंद्र की नियमित निगरानी कर रहे हैं। फिलहाल मरीजों को सीएमओ के आश्वासन के बाद दवाओं की उपलब्धता में सुधार होने का इंतजार है।

खुटार में खनन खुलेआम..., जिम्मेदारों का नहीं इस पर ध्यान?

भोपतपुर में खनन के नाम पर सुरक्षा मानकों की भी उड़ाई जा रही धज्जियां, खेत से गुजरी हाईटेंशन लाइन के पोल के नजदीक तक खोद डाली मिट्टी

- परमिशन, वाहनों के पंजीकरण और सुरक्षा मानकों की जांच की मांग

समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।



क्षेत्र के खमरिया गांव से सटे भोपतपुर में खनन गतिविधियां अब केवल नियमों के उल्लंघन तक सीमित नजर नहीं आ रहीं, बल्कि विद्युत सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा होने की आशंका जताई जा रही है। आरोप है कि खनन करने वालों ने खेत से होकर गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन के पास लगे पोल के नजदीक तक मिट्टी की खुदाई कर दी। ऐसे में सवाल है कि यदि मिट्टी हटने से विद्युत पोल की नींव कमजोर होती है और कोई बड़ा हादसा हो जाता है तो इसकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा। स्थानीय स्तर पर सामने आ रही जानकारी के मुताबिक, भोपतपुर में ट्रैक्टर-ट्रालियों के जरिए खनन और मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। लेकिन खनन की अनुमति, स्वीकृत क्षेत्र और निर्धारित गहराई जैसे मानकों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि विद्युत लाइन के पोल के आसपास खुदाई के दौरान जरूरी सुरक्षा दूरी और तकनीकी सावधानियां बरती गईं या नहीं, इसकी जांच भी जरूरी है। खनन में लगाए जा रहे ट्रैक्टर-ट्रालियों के उपयोग को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। क्या इन वाहनों का पंजीकरण और उपयोग नियमानुसार है। क्या खनन की अनुमति में इस्तेमाल किए जा रहे वाहनों के नंबर दर्ज हैं? क्या मिट्टी के व्यावसायिक परिवहन के लिए जरूरी दस्तावेज उपलब्ध हैं। इन बिंदुओं पर परिवहन विभाग और खनन विभाग की जांच आवश्यक है।

> किए जा रहे खनन मैं यदि किसी भी प्रकार की कोई खामी पाई जाती है तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -सदानंद सरोज एसडीएम पुवायां

पहले भी जा चुकी है एक युवक की जान

इस मामले को हल्के में नहीं लिया जा सकता। करीब एक वर्ष पूर्व अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली से दबकर दिलीपपुर गांव के एक युवक की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद यदि सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी की जा रही है तो यह संबंधित विभागों की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। अब सवाल खनन विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग और विद्युत विभाग की जिम्मेदारी को लेकर भी है। क्या संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर खुदाई स्थल का निरीक्षण करेंगे? क्या हाईटेंशन लाइन के पोल की नींव और आसपास की मिट्टी की स्थिति का तकनीकी परीक्षण कराया जाएगा? क्या खनन की अनुमति, वाहनों के नंबर और परिवहन संबंधी अभिलेखों का मिलान होगा। यदि खुदाई से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हुआ या हाईटेंशन लाइन से कोई दुर्घटना हुई तो क्या तब अधिकारी जिम्मेदारी तय करेंगे। मामले में केवल कागजी जांच नहीं, बल्कि संयुक्त स्थलीय निरीक्षण और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठ रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार करेगा या समय रहते खनन गतिविधियों की जांच कराकर संभावित खतरे को रोकेगा।

शिव-पार्वती की झांकी के साथ रामलीला मेले का शुभारंभ



सिंधौली, शाहजहांपुर। कस्बे के नक्शा बाजार में रविवार को सिधौली रामलीला मेले की शुरुआत से पहले भगवान शिव और माता पार्वती की भव्य झांकी निकाली गई। झांकी में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और जयकारों से कस्बा गूंज उठा। झांकी में शामिल श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और माता पार्वती के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कस्बे के लोगों ने उत्साह के साथ झांकी का स्वागत किया। आयोजकों ने बताया कि सिधौली कस्बे के नक्शा बाजार में 15 नवंबर से 29 नवंबर तक रामलीला मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और सत्य की विजय का संदेश दिया जाएगा। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामाधार सिंह ने बताया कि मेले को लेकर तैयारियां की गई हैं। आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को बनाए रखना तथा लोगों को आपस में जोड़ना है। रामलीला मेले को लेकर कस्बे के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

सीडीओ ने स्वगणना को दिए दिशा-निर्देश

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



डीएम दिए निर्देशों के क्रम में विकास भवन स्थित कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी,अधिकारियों को सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर स्वगणना-2027 के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा अपने मोबाईल के माध्यम से स्वगणना-2027 के अन्तर्गत अपनी एवं पारिवारिक सूचनाओं को अपलोड किया गया। बैठक अध्यक्षता कर रहे सीडीओ द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि शतप्रतिशत स्वगणना-2027 सम्बन्धी सूचनाएं पोर्टल पर अपलोड करें। साथ ही कार्यालयाध्यक्ष इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं कि उनके कार्यालय में कार्यरत कर्मियों द्वारा शतप्रतिशत स्वगणना-2027 की सूचनायें अपलोड कर दी गई है। कोई भी कर्मचारी स्वगणना-2027 में सूचनायें अपडेट करने के लिए शेष नही रह गया है।

जिपं अध्यक्ष ने दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम जनमानस को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा सभी से यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ एवं बाइक रैली के माध्यम से जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित वाहन संचालन एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर एआरटीओ प्रशासन एसके सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम, यातायात निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय, पुलिस विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जमीन के बंटवारे को लेकर महिला को लाठी-डंडों से पीटा

मदनापुर, शाहजहांपुर। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव मुकुंदपुर में जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि एक व्यक्ति तीन अज्ञात लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर महिला के घर पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला को बचाने पहुंचे उसके देवर और एक युवती को भी आरोपियों ने पीट दिया। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह करीब 11.30 बजे परिवार में खेत के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान गांव निवासी महिपाल, कृष्णपाल का बेटा, तीन अज्ञात लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंच गया। आरोप है कि उक्त लोगों ने पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। महिला के मुताबिक, शोर-शराबा सुनकर उसके देवर मोहनलाल और सत्यदेव की बेटी साक्षी उसे बचाने के लिए पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मारपीट करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। साथ ही दोबारा विवाद करने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल महिला अपने परिजनों के साथ मदनापुर थाने पहुंची और पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

खाटू धाम की माटी मुझको रास आवेगी....

- मोहन दास महाराज के सानिध्य में मना बाबा श्याम का जन्मोत्सव

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।





बरेली मोड़ स्थित श्याम चैक पर श्री खाटू श्याम मंदिर में 15 नवम्बर रविवार की रात्रि को बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 7 बजे श्रद्धा भक्ति श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने सपत्नीक विधि-विधान से बाबा की ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। जन्मोत्सव के अवसर पर बाबा श्याम का भव्य एवं मनमोहक श्रृंगार दिल्ली और कोलकाता से मंगवाए गए विशेष फूलों से किया गया। गुलाब, गेंदा, ऑर्किड और रजनीगंधा के फूलों से सजे बाबा के दिव्य दरबार की छटा देखते ही बन रही थी। मंदिर के मुख्य द्वार पर फूलों का विशाल तोरणद्वार बनाया गया तथा रंग-बिरंगी रोशनी से मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ में भजन गायिका सुभी सरगम व सपना मिश्रा ने गणेश वंदना कर बाबा श्याम के मधुर भजन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर शाहजहाँपुर में पहली बार खाटूधाम मंदिर, सालासर से पधारे मोहन दास महाराज के पावन सानिध्य में भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। जयपुर से आए प्रसिद्ध भजन गायक संजय पारिक ने अपनी मधुर एवं मनमोहक भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने खाटू धाम की माटी मुझको रास आवेगी, जयकारा जयकारा श्याम धनी का जयकारा, शीश के दानी महाबलवानी तेरा जयकारा, मेरे श्याम का जन्मदिन आया है तथा रंगीन गुब्बारों से मंडप सजाया है, मेवा मिश्री का केक मंगाया है जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। इन भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और पूरा पंडाल बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक अरविन्द सिंह व धीरेन्द्र सिंह यादव मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का और विस्तार किया व मुख्य ट्रस्टी द्वारा दोनों को खाटू श्याम जी का प्रसाद व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। रात्रि 12 बजे बाबा श्याम का जन्मोत्सव केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भक्तों ने नाच-गाकर खुशियां मनाईं। तत्पश्चात बाबा को फल, मिठाइयों एवं मेवों से सुसज्जित छप्पन भोग अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की विशेष व्यवस्था रही, वहीं कार्यक्रम का सोशल मीडिया एवं यूट्यूब पर लाइव प्रसारण किया गया। अंत में बच्चों को खिलौने व मिठाइयां वितरित की गईं तथा रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी। इस अवसर पर डॉ. परविंदर, डॉ. आकाश श्रीवास्तव, रामचन्द्र सिंघल, सुरेश सिंघल, राकेश चुग, ओ.पी. खंडेलवाल, योगेश अग्रवाल अमरीश सक्सेना, अक्षत सक्सेना एवं मिडिया व यूटूबर्स को श्रद्धा भक्ति श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अशोक अग्रवाल द्वारा पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बरेली से दीपक सावरिया, मुरारीलाल अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, राजीव अग्रवाल एवं सुमित अग्रवाल तथा हरदोई से सुमति अग्रवाल, सोमलता अग्रवाल सहित तिलहर, पुवायां, जलालाबाद, कलान और सीतापुर से बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। संकीर्तन के आयोजन में अंकित गुप्ता, आर.के. अग्निहोत्री, प्रखर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, राजीव गुप्ता, निकिता गुप्ता, पवन गुप्ता, जतिन, बावी मेजवान, मनीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पप्पू चैधरी, निधि अग्रवाल, साधना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, अल्पित अग्रवाल एवं शिवम अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं ने उपस्थित रहकर भजनों का आनंद लिया। समापन पर मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों, सहयोगियों, पुलिस प्रशासन एवं पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। मुख्य ट्रस्टी अशोक अग्रवाल ने कहा कि बाबा श्याम की कृपा और भक्तों के सहयोग से आयोजन सफल रहा। उन्होंने 20 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर खाटू धाम में होने वाले जन्मोत्सव का उल्लेख करते हुए शाहजहाँपुर मंदिर में भी हजारों भक्तों के पहुंचने की उम्मीद जताई तथा सभी से निरंतर सहयोग की अपील की।

खबरें एक नजर में

गाली-गलौज का विरोध करने पर मां-बेटे को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

तिलहर-शाहजहांपुर। गाली-गलौज का विरोध करने पर मां-बेटे के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम नगरिया ता. गोपालपुर निवासी रेशमा पत्नी रामचरन वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके पुत्र सिद्धांत से खेत की मेड़ टूट गई थी जिसे वह ठीक कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही हरिचंद्र पुत्र रामबहादुर, रोहित और दिनेश पुत्रगण हरिचंद्र ने उनके पुत्र के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से उनके और उनके पुत्र सिद्धांत के साथ मारपीट की। इसी दौरान उनकी पुत्री बचाने के लिए पहुंची तो हरिचंद्र और रोहित ने उसके साथ भी लाठी से मारपीट की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वारंटी हिस्ट्रीशीटर तमंचे संग गिरफ्तार

खुदागंज, शाहजहांपुर। पुलिस ने वारंट में वांछित हिस्ट्रीशीटर को अवैध तमंचे व कारतूस सहित गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अखिलेश सिंह उर्फ छोटेलल्ला निवासी कंधरापुर नवदिया को रविवार को मुंढी पुल के नीचे से पकड़ा। तलाशी में उसके पास से .315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार वह गैंगस्टर एक्ट के मामले में भी वांछित था और उसके विरुद्ध 23 मुकदमे दर्ज हैं।

लोक अदालत को वादों की सूची उपलब्ध कराएं: एडीएम न्यायिक

शाहजहांपुर। 12 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन को लेकर एडीएम न्यायिक मो.अवेश ने बताया कि उक्त लोक अदालत में आपराधिक अवमानना वाद, धारा 138 पराकम्य लिखत अधिनियम प्री लिटिगेशन वादों, बैंक वसूली वादो, पारिवारिक वादो, श्रम वादो, भूमि अधिग्रहण संबंधी वादो, विद्युत वादो, जल संबंधी वादो एवं मोटर दुर्घटना प्रतिकर से सम्बंधित वादो का सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सरकारी दफ्तरों को पत्राचार कर विभागाध्यक्षों को लोक अदालत में अधिक से अधिक निर्णीत होने वाले वादों की सूची दो-दो प्रतियों में तैयार कराकर समय से प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपने दफ्तर में 12 दिसंबर से पूर्व तथा 21 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही साथ तहसीलदार, चकबन्दी अधिकारी को भी निर्देश दिए हैं और व् अपने अधीनस्थ नायब तहसीलदार,सहायक चकबन्दी अधिकारियों के न्यायालय में निर्णीत होने वाले वादों की सूची दो-दो प्रतियों में तैयार कराकर अपने न्यायालय की सूची के साथ उपलब्ध कराए।

ट्रक ने बाइकसवार दंपती को मारी टक्कर, महिला की मृत्यु, बच्चे गंभीर

मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर। क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर नगला निवासी आशीष अवस्थी उर्फ मंजुल अपनी पत्नी 28 वर्षीय प्रीति और दो बच्चों के साथ बाइक से अपनी ससुराल कलान क्षेत्र के ग्राम भर्रामई जा रहे थे। रास्ते में ट्रक की टक्कर से प्रीती की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि उसके पति और दोनों मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल आशीष के तहेरे भाई मनमोहन अवस्थी ने बताया कि सोमवार सायं लगभग चार बजे उसके भाई आशीष अवस्थी उर्फ मंजुल और भाभी प्रीति अपने तीन और डेढ़ साल के बच्चों के साथ बाइक से अपनी ससुराल कलान क्षेत्र के ग्राम भर्रामई जा रहे थे। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाइवे पर ग्राम गुलाब नगला के निकट पीछे से तेज गति से आए ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे प्रीती की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। जबकि आशीष और उनके दोनो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मृतका प्रीति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि गंभीर घायल मृतका के पति आशीष और उसके तीन व डेढ़ साल के दोनों बच्चों को इलाज के लिए फर्रुखाबाद भेजा गया है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

जनसेवा केंद्र संचालक से पौने तीन लाख की लूट

पुवायां, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के महुआ पाठक में एसबीआई जनसेवा केंद्र चलाने वाले पवन बाजपेई से बदमाशों ने तमंचा के बल पर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। घटना अनावा गांव के पास की है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गांव पटई निवासी पवन बाजपेई पुत्र अवनीश बाजपेई का शाहजहांपुर रोड स्थित महुआ पाठक में जन सेवा केंद्र है। रोज की तरह रविवार शाम अपना जनसेवा केंद्र बंद कर बाइक से गांव लौट रहे थे। रास्ते में तीन बाइकों पर सवार 7 बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे इसके बाद वह बाइक से नीचे गिर गए बदमाशों ने उनके पास से 2 लाख 70 हजार रुपये नकद, लैपटॉप व बायोमीट्रिक मशीन लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना का मौका महीना किया और पूरी से पूछना शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। सीओ का कई बार फोन लगाने के बाद भी उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इंस्पेक्टर ने भी कॉल उठाना मुनासिब नहीं समझा।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

सिंधौली। थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव तियूलक में रविवार शाम एक युवक ने कमरे के अंदर गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गांव तियूलक निवासी विनीत (22) का रविवार को किसी बात को लेकर अपनी पत्नी बबली से विवाद हो गया था। बताया जा रहा है कि विवाद के बाद गुस्से में आकर विनीत अपने कमरे में चला गया। शाम करीब छह बजे उसने कमरे के अंदर गमछे के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। युवक की मौत से पत्नी बबली का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छठ पूजा: आस्था की डुबकी, घाटों पर जय छठी मईया का उद्घोष







समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व

लोक आस्था, विश्वास, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक चार दिवसीय छठ महापर्व सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर महानगर के गर्रा व खन्नौत नदी के घाट जय छठ मईया का जय जयकारों से गूंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने अस्थायी घाटों पर पहुंचकर भगवान सूर्य और छठी मैया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। व्रती महिलाएं व पुरुष पारंपरिक पूजा सामग्री, फल, ठेकुआ और अन्य प्रसाद से सजे दउरे लेकर घाटों पर पहुंचे। उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सुख-शांति, समृद्धि, संतान की दीर्घायु और खुशहाली की कामना की। अनुष्ठान के साथ ही खरना के बाद शुरू हुआ लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत भी पूरा हुआ। सूर्यदेव को अर्घ्य देने और पूजा-अर्चना के बाद व्रतियों ने पारण किया तथा परिवार के सदस्यों के साथ प्रसाद ग्रहण कर पर्व का समापन किया। छठ पूजा को लेकर चार दिन घाटों पर भक्तिमय माहौल बना रहा।

पूर्वांचल महासभा ने जताया आभार

पूर्वांचल महासभा सेवा समिति की ओर से लोक आस्था, श्रद्धा एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का आयोजन जनसहयोग एवं प्रशासनिक सहयोग से सकुशल एवं भव्यतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा ने पुलिस प्रशासन, नगर निगम एवं समस्त विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने में प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। उन्होंने विशेष रूप से लोधीपुर छठ घाट, हनुमतधाम एवं गर्रा घाट पर व्यवस्था बनाने में सहयोग करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों, स्थानीय नागरिकों, मीडिया एवं समिति पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। श्री मिश्रा ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक आस्था का पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, स्वच्छता, अनुशासन, प्रकृति संरक्षण और सामूहिक सहयोग का भी प्रतीक है। सभी के सामूहिक प्रयासों से पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं, व्रतियों एवं सहयोगी बंधुओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग एवं सामाजिक सहभागिता बनाए रखने की अपील की गई।

नाबालिग के अपहरण में दोषी को 5 की कैद

एडीजे कोर्ट नंबर 43 ने सजा के साथ लगाया 10 हजार रुपए का जुर्माना

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।

नाबालिग लड़की के अपहरण के मुकदमे में एडीजे कोर्ट नंबर 43 ने अपना फैसला सुनाते हुए दोषी को 5 साल की सजा सुनाते हुए 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। मामला तिलहर थाना के एक गांव का है। जहां वर्ष 2014 के नाबालिग के अपहरण के मामले में न्यायालय ने दोषी को पांच साल के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। तिलहर थाना क्षेत्र के गोबरसंडा निवासी हलबंत पुत्र गुलाब सिंह के खिलाफ 3 जून 2014 को एक महिला ने अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की। विवेचना पूरी होने के बाद 14 जुलाई 2014 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया था। मामले में थाना तिलहर पुलिस, मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन विभाग ने प्रभावी पैरवी की। 7 गवाहों को न्यायालय में पेश किया गया। इसके बाद एडीजे-43 न्यायालय ने आरोपी हलबंत को दोषी ठहराते हुए 5 साल की सजा और 10 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया है।

रोजा पावर परिसर में मनाया छठ महापर्व

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



भारतीय संस्कृति की एक झलक रोजा पॉवर में भी नजर आती है जहाँ विभिन्न प्रांतों और धर्मों के लोग सर्व धर्म समभाव से विभिन्न त्योहारों को मनाते हैं। इसी परंपरा को कायम रखते हुए लोक आस्था एवं सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा परिसर में श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान सूर्य एवं छठी मैया की पूजा-अर्चना की। छठ पर्व के अवसर पर व्रतियों ने पूरी श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ निर्जला व्रत रखकर अस्ताचलगामी एवं उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया तथा परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। पर्व को लेकर परिसर में विशेष उत्साह एवं भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। छठ पूजा के आयोजन में कंपनी प्रबंधन एवं कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजन ने आपसी सौहार्द, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक परंपराओं को और मजबूत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी ने लोक आस्था के इस महापर्व की परंपराओं को संजोने तथा आने वाली पीढ़ियों तक अपनी सांस्कृतिक विरासत को पहुंचाने का संकल्प लिया।

बिजली के शॉर्ट सर्किट से गन्ने के खेत में लगी आग ग्रामीणों ने पाया काबू

सिंधौली, शाहजहांपुर। थाना सिंधौली क्षेत्र के बड़बन गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट से गन्ने के खेत में आग लग गई। आग लगने से किसानों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ग्रामीणों की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंची, लेकिन उससे पहले ही ग्रामीण आग बुझा चुके थे। समय रहते आग पर काबू पा लेने से आसपास के अन्य किसानों की गन्ने की फसल जलने से बच गई। बताया गया कि आग की चपेट में आने से राजू, सुमित और सुनील का गन्ना गया। घटना में प्रभावित किसानों को नुकसान हुआ है। ग्रामीणों की तत्परता के चलते आग को आसपास के खेतों तक फैलने से रोक लिया गया है।

डाक विभाग कार्यालय हटाने का विरोध

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान जनपद लखीमपुर-खीरी एवं जिलेवासियों द्वारा लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर डाक विभाग कार्यालय को न हटाए जाने के सम्बन्ध में किए गए अनुरोध पर पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' के अथक प्रयास से संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री भारत सरकार के द्वारा खीरी आरएमएस का स्थानांतरण नहीं किए जाने के सम्बन्ध में पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। जनपद लखीमपुर-खीरी के क्षेत्रवासियों एवं व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान, लखीमपुर-खीरी के द संसदीय कार्यालय लखीमपुर-खीरी में पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' से मुलाकात कर प्रार्थना पत्र के माध्यम से यह अवगत कराया कि जनपद लखीमपुर-खीरी में रेलवे स्टेशन पर डाक विभाग कार्यालय द्वारा डाकघर का संचालन किया जा रहा था, जो कि अब जनपद सीतापुर स्थानांतरित किया जा रहा है साथ उन्होंने यह भी बताया कि उक्त डाकघर का जनपद सीतापुर स्थानांतरण होने से जनपद लखीमपुर के पलिया, सम्पूर्णानगर, तिकुनियां, निघासन जैसे डिलीवरी पोस्ट आफिस जो कि 120-150 किमी0 की दूरी पर स्थित है, की डाक अपने गंतव्य तक समय से नहीं पहुंच पाएगी जिससे क्षेत्रवासियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उक्त समस्या को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' द्वारा संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री भारत सरकार से वार्ता कर उनको त्वरित कार्यवाही करवाने हेतु एक पत्र लिखा। जिसके संदर्भ में दिनांक 03.11.2026 को संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री भारत सरकार ने अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया खीरी आरएमएस वर्तमान में लखीमपुर खीरी रेलवे स्टेशन स्थित अपने मौजूदा परिसर से कार्य कर रहा है और खीरी आरएमएस के स्थानांतरण के सम्बंध में विभाग द्वारा कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। उक्त खीरी आरएमएस के स्थानांतरण न होने की खुशी में जिलेवासियों, डाककर्मियों एवं व्यापारियों ने पूर्व केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' को अंगवस्त्र पहना कर एवं मिठाई खिलाकर बधाई ज्ञापित की है। इस अवसर पर आचार्य संजय मिश्र, अनुज गुप्ता, अम्बरीष सिंह, जितेन्द्र त्रिपाठी जीतू एड., धर्मेन्द्र कुमार भार्गव, सचिन, सत्यम, मनीष कुमार, अजय शुक्ल इत्यादि लोग मौजूद रहे।

पॉक्सो व हत्या के प्रयास में वांछित तीन दबोचे हथियार बरामद

शाहजहांपुर। थाना अल्हागंज पुलिस ने पॉक्सो एक्ट व हत्या के प्रयास के मामले में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो कुल्हाड़ी व एक बांका बरामद किया है। 15 नवंबर को वादी की तहरीर पर थाना अल्हागंज में बीएनएस की गंभीर धाराओं व 11/12 पॉक्सो एक्ट के तहत 12 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एमपी-गुजरात ढाबा के पास कनारी बांक मार्ग से पूरन पुत्र रामनाथ, राजकुमार व उपदेश पुत्रगण मेम्मवरपाल निवासी कनारी बांक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

किसानों के 180 करोड़ रुपये बकाया भुगतान को लेकर दो किसान संगठनों ने सौंपा संयुक्त ज्ञापन

मिल का नया पेराई सत्र शुरू होने से पहले संपूर्ण भुगतान कराने की मांग

पुराने भुगतान की अदायगी तक गन्ने की नई पर्चियां जारी न करने की उठाई आवाज

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, गोला चीनी मिल पर किसानों के पिछले पेराई सत्र का लगभग 180 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बकाया होने के विरोध में आज भारतीय किसान यूनियन अमन संधू एवं भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने संयुक्त रूप से किसान नेता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अमनदीप सिंह संधू तथा भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष बलकार सिंह के नेतृत्व में गोला तहसील पहुंचकर नायब तहसीलदार धनंजय सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही दोनों किसान संगठनों की ओर से सहकारी गन्ना विकास समिति, गोला के सचिव बलवंत सिंह चौधरी को भी ज्ञापन दिया गया। उनसे स्पष्ट मांग की गई कि जब तक बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड, गोला मिल द्वारा पिछले पेराई सत्र का किसानों का संपूर्ण बकाया गन्ना मूल्य भुगतान नहीं कर दिया जाता, तब तक नए पेराई सत्र की गन्ना पर्चियां एवं इंडेंट जारी न किए जाएं। पहले किसानों का पुराना भुगतान कराया जाए, उसके बाद ही गन्ने की नई पर्चियां जारी की जाएं। ज्ञापन में बताया गया कि गोला चीनी मिल पर क्षेत्र के किसानों का पिछले पेराई सत्र का लगभग 180 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बकाया है। मिल प्रबंधन द्वारा पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि आगामी पेराई सत्र शुरू होने से पहले किसानों का संपूर्ण भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन इसके बावजूद किसानों को उनकी मेहनत की कमाई नहीं मिली है। भुगतान में लगातार देरी के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। बैंक ऋण की किस्तें जमा न कर पाने के कारण किसानों के खाते एनपीए हो रहे हैं और कई किसानों के सामने जमीन नीलामी तक की नौबत आ रही है। ऐसी स्थिति में किसानों का पुराना भुगतान किए बिना उनसे नए पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति की अपेक्षा करना उचित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि खाद, डीजल, कीटनाशक, सिंचाई और कृषि मजदूरी की लागत लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। दोनों संगठनों की प्रमुख मांग है कि आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य 600 प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत और बढ़ती उत्पादन लागत के अनुरूप उचित मूल्य मिल सके। ज्ञापन में क्षेत्र के किसानों के गलत गन्ना सर्वे एवं सट्टों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग भी उठाई गई। संबंधित गन्ना समितियों एवं विभागीय अधिकारियों से वास्तविक रकबे के अनुसार सर्वे की जांच कराकर सट्टों में सुधार करने की मांग की गई, ताकि पेराई सत्र शुरू होने से पहले किसानों को उनकी मेहनत की कमाई नहीं मिली है। भुगतान में लगातार देरी के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। बैंक ऋण की किस्तें जमा न कर पाने के कारण किसानों के खाते एनपीए हो रहे हैं और कई किसानों के सामने जमीन नीलामी तक की नौबत आ रही है। ऐसी स्थिति में किसानों का पुराना भुगतान किए बिना उनसे नए पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति की अपेक्षा करना उचित नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि खाद, डीजल, कीटनाशक, सिंचाई और कृषि मजदूरी की लागत लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। दोनों संगठनों की प्रमुख मांग है कि आगामी पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य 600 प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत और बढ़ती उत्पादन लागत के अनुरूप उचित मूल्य मिल सके। ज्ञापन में क्षेत्र के किसानों के गलत गन्ना सर्वे एवं सट्टों को तत्काल दुरुस्त कराने की मांग भी उठाई गई। संबंधित गन्ना समितियों एवं विभागीय अधिकारियों से वास्तविक रकबे के अनुसार सर्वे की जांच कराकर सट्टों में सुधार करने की मांग की गई, ताकि किसानों को आगामी सत्र में पर्चियों एवं गन्ना आपूर्ति को लेकर किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का हुआ समापन, घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

पलिया चीनी मिल परिसर सहित विभिन्न घाटों पर भक्तिमय माहौल, छठी मैया के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर (खीरी)।



पलिया कलां में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। सोमवार की सुबह छठ महापर्व के समापन अवसर पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने और छठी मैया की आराधना करने के लिए व्रती महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे। पलिया स्थित बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल परिसर सहित विभिन्न स्थानीय घाटों पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। 36 घंटे के कठिन निर्जला व्रत के बाद व्रती महिलाओं ने जल में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मैया की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान घाटों पर आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं के हाथों में सजे पूजा के सूप, फल और प्रसाद से भरी थालियां आकर्षण का केंद्र रहीं। छठी मैया के पारंपरिक लोकगीतों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा की व्यवस्थाएं की गईं। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का श्रद्धा और उल्लास के साथ समापन हो गया।

छठ पर्व पर रेडक्रॉस का प्राथमिक चिकित्सा शिविर, श्रद्धालुओं को कराया चाय-जलपान

लखीमपुर खीरी। छठ महापर्व के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, खीरी द्वारा सेठ घाट, उल्ल नदी पर दिनांक 15 एवं 16 नवंबर को दो दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में घाट पर आए श्रद्धालुओं को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं। साथ ही व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए रेडक्रॉस के स्वयंसेवक लगातार घाट पर तैनात रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन छठ व्रतियों, उनके परिजनों, पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य कर्मियों, दुकानदारों व छठ आयोजन समिति के सदस्यों सहित लोगों को चाय, बिस्कुट, नमकीन व टॉफी का वितरण किया गया। ठंड में गर्म चाय पाकर व्रतियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। यह सेवा कार्य रेडक्रॉस खीरी की सचिव आरती श्रीवास्तव के नेतृत्व में आजीवन सदस्य दीपक धवन, नारायण सेठ आदि के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सचिव आरती श्रीवास्तव ने कहा कि रेडक्रॉस का उद्देश्य मानवता की सेवा है। छठ जैसे बड़े पर्व पर श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारा सौभाग्य है। आगे भी रेडक्रॉस मानवता की सेवा हेतु सदैव तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पवन शर्मा, शशांक शुक्ला, बबिता सक्सेना, वीरेंद्र सिंह, संजय सक्सेना, रमेश चंद्र गुप्ता, जोगेंद्र छाबड़ा, अनिल श्रीवास्तव (पत्रकार), हरी तापड़िया, मनोज श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव (अधिवक्ता), राम मोहन गुप्ता, अंकुर श्रीवास्तव, सतीश द्विवेदी, पवन जयसवाल आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



खीरी में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का आगाज, जागरूकता का संदेश लेकर निकली बाइक रैली

डीएम ने कलेक्ट्रेट से दिखाई हरी झंडी, 180 बाइकर्स ने हेलमेट पहनकर लिया सड़क सुरक्षा का संकल्प

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।



सड़क हादसों पर अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सड़क जागरूकता रथों और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 16 से 30 नवंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात का संदेश दिया जाएगा। रैली के शुभारंभ अवसर पर एएसपी पश्चिमी अमित कुमार राय, एआरटीओ शांति भूषण पांडेय, बीएसए प्रवीण तिवारी और पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार यादव मौजूद रहे। कलेक्ट्रेट से निकली रैली नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान सड़क जागरूकता रथों के साथ चल रहे बाइकर्स ने आमजन को यातायात नियमों के पालन और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

नियमों का पालन ही सुरक्षित सफर की गारंटी: डीएम- डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। यातायात नियमों का पालन और छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर न केवल हम अपनी, बल्कि दूसरों की जिंदगी भी सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। साथ ही तेज गति से वाहन चलाने, स्टंट करने और यातायात संकेतों की अनदेखी से बचने की सलाह दी।

बाइकर्स ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश: पखवाड़े के संयोजक/एआरटीओ शांति भूषण पांडेय ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का गंभीरता से पालन कर दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। यह अभियान महज 15 दिनों का आयोजन नहीं, बल्कि सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित करने का मिशन है, जिसे निरंतर आगे बढ़ाने की जरूरत है। जागरूकता बाइक रैली में विभिन्न स्टेकहोल्डर विभागों एवं संगठनों के करीब 180 बाइकर्स ने हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल, स्कूटर और स्कूटी के साथ प्रतिभाग किया। सड़क सुरक्षा रथों के पीछे चल रहे बाइकर्स ने अनुशासित यातायात और सुरक्षित वाहन संचालन का संदेश दिया। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

ट्रेन पहुंची तो यात्रियों की खुशी का नहीं रहा ठिकाना लेकिन बड़ी रेल लाइन की कमी ने फिर किया मायूस

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर (खीरी)।



मैलानी से नानपारा के बीच ट्रेनों का संचालन शुरू होने के पहले दिन सुबह दोनों ट्रेनें अपने पुराने निर्धारित समय पर पलिया रेलवे स्टेशन पहुंचीं। लंबे समय बाद अपने स्टेशन पर ट्रेन को देखकर क्षेत्रवासियों और यात्रियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यात्रियों ने ट्रेन में सफर कर अपनी पुरानी यादें ताजा कीं, लेकिन इस खुशी के बीच क्षेत्र में बड़ी रेल लाइन का अभाव एक बार फिर लोगों को खलता नजर आया। रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए रेलवे व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों को लेकर भी नाराजगी जताई। किसी ने जनपद के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर सवाल उठाए तो किसी ने विपक्ष में बैठे नेताओं को भी क्षेत्र की रेल समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया। यात्री रमेश ने बताया कि काफी समय से ट्रेनें बंद होने के कारण लोगों को मनमाना किराया देकर दूसरे साधनों से यात्रा करनी पड़ रही थी। आज अपने स्टेशन पर ट्रेन पहुंची तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ट्रेन में बैठकर सफर करने का अलग ही आनंद मिला। वहीं रतन सिंह ने कहा कि पलिया से तिकुनियां तक चलने वाली ट्रेन क्षेत्र के लोगों का एकमात्र सहारा थी। ट्रेन बंद होने के बाद आवागमन प्रभावित हुआ और इसका असर कारोबार पर भी पड़ा। कई लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी और व्यापार इस रेल सेवा से जुड़े हुए हैं। इस रेलखंड से केवल आवागमन ही नहीं, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक और सामाजिक आस्थाएं भी जुड़ी हुई हैं।

वैश्विक राजनीति में बड़े बदलाव के आसार



वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य में बीते कुछ वक्त से बहुत तेजी से बदलाव होता नजर आ रहा है। लगभग एक दशक से दुनिया में दक्षिणपंथी शक्तियों का बोलबाला दिखने लगा था। पूंजीवादी ताकतें तो हर दौर में राजनीति को नियंत्रण में रखने की कोशिश करती हैं, लेकिन इसके साथ-साथ कट्टरता भी बढ़ने लगी थी। अब यह सिलसिला टूटता नजर आ रहा है। बीते दिनों ब्राजील और सर्बिया के चुनाव परिणामों में उदार और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जनता का झुकाव नजर आया। फिर अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ा झटका मिला। स्पेन में भी यही माहौल बन रहा है और इजरायल में भी सत्ता परिवर्तन के आसार बन चुके हैं, बेंजामिन नेतन्याहू बहुमत न मिलने के बावजूद किसी भी तरह सत्ता में बने रहने के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी गादी आइजेनकोट से समझौता करने की कोशिशों में हैं। तो वैश्विक व्यवस्था में नजर आ रहे इस बदलाव के बीच अब एक और बड़ी खबर आई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की त्रिपक्षीय बैठक होने जा रही है। एक वक्त में अमेरिका और रूस दो ही महाशक्तियां दुनिया को अपने इशारों पर नचा रही थीं, लेकिन इस बीच चीन की ताकत भी काफी बढ़ी। क्षेत्रफल और जनसंख्या के लिहाज से चीन पहले से ही आगे था, लेकिन उसने साम्यवादी व्यवस्था के नाम पर लगभग तानाशाही को ही अपनाए रखा, मगर इस बीच आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक और तकनीकी लिहाज से खुद को काफी मजबूत कर लिया। चीन की बढ़ती ताकत के सामने अमेरिका की मनमानी पूरी तरह नहीं चल पाई। इधर रूस की ताकत सोवियत संघ के विघटन के बाद कम हुई, लेकिन फिर व्लादिमीर पुतिन के सत्ता में बने रहने से वैश्विक राजनीति में उसका महत्व बना रहा।

तो वैश्विक राजनीति के तीन अहम किरदार, अमेरिका, रूस और चीन एक साथ बैठ रहे हैं, यह एक बड़ी परिघटना हो सकती है। दरअसल 18 और 19 नवंबर को चीन के शेनझेन में एशिया-पैसिफिक इकानॉमिक कोऑपरेशन (एपेक) का शिखर सम्मेलन हो रहा है, इस दौरान तीनों देशों के नेता अपनी पहली त्रिपक्षीय बैठक करेंगे। रूस का कहना है कि तीनों नेताओं की यह बैठक एपेक समिट के दूसरे दिन 19 नवंबर को हो सकती है। वैसे अभी से अनुमान लगाना कठिन है कि तीनों के बीच किस मुद्दे पर खास चर्चा होगी। क्योंकि तीनों की प्राथमिकताएं और वैश्विक राजनीति के समीकरण अलग-अलग हैं। माना जा रहा है कि इस बैठक में मुख्य रूप से परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने (न्यूक्लियर नॉन-प्रोलिफरेशन) पर चर्चा होगी। हालांकि अमेरिका और रूस के विशाल परमाणु जखीरे के सामने अपना भंडार बहुत छोटा होने की वजह से चीन की दिलचस्पी इसमें कितनी होगी, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस समय के हालात को देखते हुए इस बैठक में कई मुद्दे प्रभावी हो सकते हैं। अमेरिका ने इजरायल को बढ़ाने के लिए ईरान पर हमला किया और ट्रंप ने उसका नुकसान चुनाव में भुगत लिया। हालांकि इजरायल अब भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। ईरान पर हमले तेज करने की कोशिशें हो रही हैं, इधर गजा में हालात बेहद खराब हो चुके हैं। इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने गजा में नरसंहार किया है, लेकिन ट्रंप अब भी उसे बढ़ावा दिए जा रहे हैं। जबकि रूस और चीन न गजा पर हमले के पक्ष में थे, न ईरान के। बल्कि दोनों ने इसका विरोध ही किया है। इधर रूस और यूक्रेन के बीच भी युद्ध नहीं रुक रहा। अमेरिका यूक्रेन के बहाने नाटो का विस्तार करना चाह रहा था, लेकिन रूस के कारण उसकी मनमानी नहीं चली। इधर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का बढ़ता प्रभाव हर जगह बढ़ता जा रहा है, इसमें भी इन देशों के बीच होड़ लगी हुई है। तो देखना होगा कि इन तीनों देशों के बीच केवल परमाणु अप्रसार को लेकर चर्चा होगी, या व्यापार और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर बात होगी या अंतरिक्ष, ए आई जैसे क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमति बनेगी। वैसे जानकार इस बैठक की तुलना 1945 की याल्टा कॉन्फ्रेंस से कर रहे हैं। सोवियत संघ के क्रीमिया में याल्टा शहर में 4 से 11 फरवरी 1945 को बिग थ्री यानी अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ के नेताओं के बीच बैठक हुई थी। जिसमें पराजित नाजी जर्मनी को अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और सोवियत संघ के नियंत्रण वाले चार अलग-अलग क्षेत्रों में बांटने का फैसला किया गया। पोलैंड की सीमाओं और वहां की सरकार के पुनर्गठन पर सहमति बनी, तथा युद्ध से मुक्त हुए यूरोपीय देशों को लोकतांत्रिक तरीके से शासन चुनने का अधिकार देने की बात कही गई। इसी सम्मेलन में भावी संयुक्त राष्ट्र की संरचना और सुरक्षा परिषद में मतदान प्रणाली (वीटो अधिकार) पर सहमति बनी, जो आगे चलकर सैन फ्रांसिस्को सम्मेलन का आधार बना। खैर याल्टा सम्मेलन का जो दूरगामी असर वैश्विक राजनीति पर पड़ा, वैसा ही कोई असर शेनझेन की बैठक से होगा, यह कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी, क्योंकि 1945 से लेकर अब तक दुनिया में ढेर सारे बदलाव हो चुके हैं। हालांकि सियासी महत्वाकांक्षाएं अब भी वैसी ही हैं, लेकिन बदले तौर-तरीकों में उन्हें किस तरह से पूरा किया जाता है, अपना वर्चस्व दिखाने के लिए कौन सी रणनीतियां अपनाई जाती हैं, यह देखना दिलचस्प रहेगा।

राहुल ने कहा सच से हराएंगे, मोदी क्या सच का सामना कर पाएंगे?

शकील अख्तर



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हैदराबाद में वही कहा जो उनकी मां सोनिया गांधी ने अपनी किताब बिलानिंग रू ए जर्नी आफलव में लिखा है। राहुल ने सत्य अहिंसा और प्रेम से जीतने की बात कही है। सोचिए उन नफरती, राहुल के ही शब्दों में उन क्रिमिनल माइंड सेट वालों के खिलाफ जिनकी राजनीति ही झूठ पर आधारित है। लेकिन राजनीति में समय ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। यही बात राहुल ने अगर पहले कही होती तो मीडिया उपहास उड़ाता। मगर अब राहुल ने अपनी मेहनत और सच बोलने की लगातार दिखाई हिम्मत से गोदी मीडिया और भाजपा को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। लगने लगा है कि मोदी का सिंहासन डांवाडोल है और यह कमाल उन्हीं की तरह झूठ और फरेब की राजनीति करके नहीं बल्कि सच बोलकर, लोगों में हिम्मत पैदा करके उन्हें साथ लेकर हुआ है। राहुल कहते हैं कि वे कोई काम प्लान बनाकर नहीं करते। हम उनकी इस बात को मानते हैं। इसके कई नुकसान भी देखे हैं और अब फार्म में आए एक बैट्समेन की तरह उसकी सफलता भी देख रहे हैं। एक फार्म में आया हुआ बैट्समेन जिस तरह स्कोर बोर्ड नहीं देखता, पब्लिक गैलरी से उठता हुआ तारीफ का शोर नहीं सुनता केवल उसकी आंखें बाल पर होती हैं वैसे ही राहुल की निगाहों में इस समय सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी हैं। उन्हें वे रोज डिबेट के लिए ललकार रहे हैं। तथ्यों पर। आमने सामने। जज भी बोल दिया कि आपका होगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत से लेकर अडानी तक किसी को बना लीजिए। टेलिप्राम्टर भी ले आइए। यह नई बात राहुल ने तब कही जब पत्रकारों के दीवाली मिलन में वे उन्हें बधाई के लिए भी टेलिप्राम्टर इस्तेमाल करते देखे गए। सब कुछ मोदी का कह दिया। बस एक बात ही नहीं कही है कि गोदी मीडिया को भी ले आइए! हो सकता है यह भी एक-दो दिन में कह दें। राहुल उन से आमने-सामने बात करने के बहुत इच्छुक हैं। लोकसभा में वे आते नहीं हैं। लेकिन यहां-वहां राहुल पर मनगढंत आरोप लगाते रहते हैं। यह कोई नई बात नहीं है। राहुल जब से राजनीति में आए हैं भाजपा और संघ उनके पीछे पड़े हुए हैं। मगर अब जब प्रधानमंत्री मोदी ने देशद्रोही, नक्सल जैसे शब्द कहे तो राहुल ने उन्हें डिबेट के लिए चौलेंज किया। राहुल का कहना है कि उनके पास सबूत हैं। मोदी को अमेरिका ने अपने हितों के लिए प्रधानमंत्री बनवाया और वही उन्हें चला रहा है। मोदी अमेरिका को खुश करने के लिए राष्ट्रीय हितों से समझौता कर रहे हैं। राहुल की बहुत सारी बातें पब्लिक डोमेन में हैं। मगर कुछ बातें बहुत विश्वसनीय सर्किल में। जहां से उनके पास खबरें आने लगी हैं। अपने खिलाफ हो रही साजिशों की लगातार आ रही जानकारी के बीच ही राहुल ने यह कहा कि वे लोग क्रिमिनल माइंड सेट के लोग हैं। कुछ भी कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर हरेन पांड्या, जज लोया के नाम आए। लेकिन राहुल ने दो बातें बहुत महत्वपूर्ण कहीं। एक वे मुझे भी मार सकते हैं। लेकिन डरा नहीं पाएंगे। मैं इन लोगों के खिलाफ आखिरी आखिरी तक लडूंगा। और दूसरी यह कि इन सबके बावजूद मैं इनसे भी नफरत नहीं करता। और यही बात राहुल ने अभी हैदराबाद में कही कि सत्य अहिंसा और प्रेम से विपक्ष मोदी सरकार को हराने जा रहा है। दुनिया में फासिस्ट ताकतें हर जगह सच से ही हारी हैं। हमारे देश का तो आदर्श वाक्य है सत्यमेव जयते! और यही सोनिया की किताब का मैसेज है। सत्य, प्रेम। झूठ, नफरत नहीं। सोचिए, सोनिया के खिलाफ इन लोगों ने क्या क्या नहीं कहा? क्या क्या नहीं किया? ईडी ने तीन दिन तक पूछताछ की। केस बनाया जिसे अदालत ने चलाने लायक भी नहीं समझा। संज्ञान तक नहीं लिया। इससे पहले मनमोहन सिंह के घर सीबीआई भेज दी थी कि वे डर कर कुछ सोनिया गांधी के खिलाफ कह दें। मगर उसमें भी सफलता नहीं मिली।


और कहने की बात की तो कोई सीमा ही नहीं। एक से एक गंदे आरोप लगाए। उनकी बीमारी के समय भी। लेकिन सोनिया ने मनुष्यता की सारी गरिमा कायम रखते हुए इन लोगों के खिलाफ नफरत का एक शब्द भी नहीं लिखा। वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी भाजपा के दो प्रधानमंत्री दोनों के लिए उन्होंने लिखा कि कोई व्यक्तिगत द्वेष नहीं। जबकि वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी दोनों ने सोनिया के खिलाफ खूब व्यक्तिगत टिप्पणियां कीं। मोदी ने क्या क्या कहा लोगों को सब याद है। कांग्रेस की विधवा से लेकर जर्सी गाय तक, वायपेयी ने उन्हें विदेशी महिला कहा। मगर सोनिया की किताब में कहीं खटास नहीं। यहां तक कि मोदी की साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि का जिक्र सकारात्मक रूप से किया है। वाजपेयी की तो राजीव की हत्या के बाद घर आने का जिक्र करते हुए इसके लिए उनकी सराहना भी की। यही कांग्रेस का और गांधी नेहरू परिवार का संस्कार रहा है। महात्मा गांधी ने भी घृणा पाप से करो पापी से नहीं, कहा था। और सोनिया ने यही लिखा है कि- जो नेहरु गांधी ने कांग्रेस को सिखाया और जो कांग्रेस की विचारधारा है वही उन्होंने सीखा है। और सोनिया का अपने ऊपर हुए इतने व्यक्तिगत हमलों के बाद भी अपने राजनीतिक विरोधियों के प्रति इतना उदार और सहिष्णु बना रहना उसी विचारधारा की ताकत है। और राहुल उसी विचारधारा की ताकत से मोदी को हराने की बात करते हैं। मोदी अपने 12 साल की बात नहीं करते सत्ता में बने रहने के 25 साल का जिक्र करते हैं। मुख्यमंत्री का कार्यकाल भी जोड़कर। लेकिन इन 25 सालों में इतने कमजोर विकेट पर वे कभी नहीं रहे जितने इस समय हैं।

राहुल ने उनकी छवि पूरी तरह तोड़ दी है। मोदी की ताकत उनका बहुत कौशल से गढ़ा नेरेटिव (कहानी, छवि) था। 56 इंच की छाती, लाल आंखें, एक अकेला सब पर भारी! एक अजेय योद्धा की तरह। मगर इस साल के दोनों संसद सत्रों में लोकसभा में न आने और अब नेता प्रतिपक्ष की सीधी डिबेट के चौलेंज का सामना न कर पाने के कारण छवि दरक गई है। छवि बनाना आसान है। उसे बनाए रखना बहुत मुश्किल। मोदी इस समय इसी समस्या से जूझ रहे हैं। इसलिए राहुल ने कहा कि सच की राजनीति करना आसान है। झूठ की राजनीति की एक्सपायरी डेट होती है। वह आ गई। लोग कहते हैं कि मगर ज्ञानेश कुमार वहां बैठा हुआ है। सही कहते हैं। लेकिन राहुल ज्ञानेश को कुर्सी से उठाकर फैंक नहीं सकते। हां उनकी कुर्सी इतनी हिला सकते हैं कि वे खुद गिरने के डर से उससे उतर जाएं। मतलब इस्तीफा दे दें। पिछले दो महीने से वे गायब हैं। राहुल कहते हैं कि वे सो भी नहीं पा रहे। सही है दो तरफा दबाव है। मोदी इस्तीफा देने नहीं दे रहे। और राहुल कुर्सी पर बैठे नहीं रहने दे रहे। तो ज्ञानेश कुमार भी जाएंगे। चुनाव आयोग में सब समझ गए हैं तो जो हो गया वह भी ठीक होगा।

लेकिन फिलहाल कोई नया नकारात्मक काम नहीं होगा। विपक्ष अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। राहुल भी मोदी की हार की जब बात करते हैं तो केवल कांग्रेस द्वारा नहीं हैदराबाद में भी उन्होंने विपक्ष हराएगा कहा। जनता में भी जागरूकता आई है। उसका दबाव बन रहा है। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट आयोग के खिलाफ राहुल की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। अगर यह दबाव नहीं बना होता। राहुल मार्च करते हुए सुप्रीम कोर्ट नहीं गए होते तो यही कोर्ट कहता कि आपका नाम तो नहीं कटा। आप प्रभावित पक्ष नहीं हैं। याचिका खारिज कर देता! परिवर्तन की एक लंबी कड़ी है। जो अब साफ दिखने लगी है। दीवार पर उसके अक्षर उभरने लगे हैं। और उसी को पढ़ते हुए राहुल कहते हैं कि मोदी जाएंगे!

अभाव, संघर्ष और अटूट संकल्प की प्रेरक जीवन-गाथा है कंधों की पाठशाला

राहुल कुमार गुप्ता



साहित्य जगत में आत्मकथाएँ बहुधा सफलता के शिखरों, जगमगाती उपलब्धियों और यश-गाथाओं का लेखा-जोखा होती हैं। किंतु, रत्नेश कुमार जी की आत्मकथा 'कंधों की पाठशाला (और मैं हारा नहीं)' सफलता की किसी आलीशान पद की कहानी नहीं, बल्कि जीवन के सबसे गहरे अंधेरों, भीषण अभावों, सामाजिक विषमताओं और आंसुओं के बीच से अपनी राह खुद तराशने की एक अत्यंत संवेदनशील और मर्मस्पर्शी जीवन-गाथा है। यह एक ऐसे बालक %बुधराम% की आत्म-कहानी है, जिसकी माँ का आंचल जन्म के महज छह माह बाद ही छूट गया था। जहाँ नियति ने जीवन की पहली ही दहलीज पर अनाथपन और निर्धनता परोस दी थी, वहीं एक निरक्षर, बटाईदार और स्वाभिमानी पिता %बिरजू% ने उस नन्हें शिशु को केवल पाला ही नहीं, बल्कि अपने पसीने की गंध और ईमानदारी के संस्कारों से सींचकर एक वटवृक्ष बना दिया।

इस आत्मकथा की सबसे भावुक और प्रामाणिक शक्ति इसके केंद्र में बसे पिता %बिरजू% का चरित्र है। जब माँ नहीं रही, तो इस गरीब मजदूर पिता ने हल चलाते और ईंट-भट्ठों पर मजदूरी करते हुए बालक को अपनी पीठ और कंधों से बाँध लिया। जिस पाठशाला की छत आसमान हो, फर्श कच्ची मिट्टी हो और शिक्षक एक संघर्षरत पिता हो,वही है असली कंधों की पाठशाला। रात को सुलाने के लिए जहाँ लोरी नहीं थी, वहाँ पिता ने गिनती और चालीस तक के पहाड़े सुनाकर बालक की शिक्षा की नींव रख दी। यह पुस्तक स्थापित करती है कि दुनिया की सबसे बड़ी डिग्री किसी कागज़ के टुकड़े पर नहीं, बल्कि एक पिता की थकी हुई हथेलियों और छाले पड़े पैरों में दर्ज होती है। पुस्तिका के शुरुआती पन्ने पाठक को एक ऐसे परिवार से मिलाते हैं जो गरीबी के चरम पर होकर भी अपने चरित्र का सौदा नहीं करता। जमींदारी उन्मूलन के समय गलती से अपने नाम दर्ज हुई बारह बीघा जमीन को चुपचाप हड़पने के बजाय दौड़कर मालिक के नाम वापस कराना हो, या भुसैले में मिली डेढ़ किलो चाँदी की गठरी को बिना किसी लालच के उसके असली हकदार को सौंपना हो।पिता बिरजू की यह ईमानदारी उपदेश नहीं, बल्कि उनका स्वभाव थी। जब पारिवारिक कलह बढ़ी, तो पिता ने केवल एक थाली और लोटा लेकर घर छोड़ दिया। स्वाभिमान की इस नींव पर बनी मिट्टी की छोटी सी कोठरी किसी महल से भी अधिक पवित्र सिद्ध हुई।

लेखक ने अपने जीवन के यथार्थ को बिना किसी बनावट के अत्यंत बेबाकी से उकेरा है। बचपन में पड़ोसियों द्वारा अपने बच्चों को भोजन छिपा लेना और प्राथमिक विद्यालय में केवल उबली दलिया के लालच में स्कूल का रास्ता खोजना; यह सब पढ़कर दिल पसीज जाता है। वही बालक जब अपनी अद्भुत प्रतिभा से पूरे जिले में बोर्ड टॉपर बनता है, तो यह मोड़ आँखों को नम कर देता है। पुस्तक में सामाजिक विषमताओं और जातिगत भेदभाव के दंश को भी उकेरा गया है। अयोध्या के मंदिर में ढोलक बजाते समय केवल जाति का पता चलने पर हाथ से ढोलक छीन लिया जाना और मंदिर से बाहर निकाला जाना मानवीय चेतना को झकझोर देता है कि कैसे आस्था के धामों में भी इंसानियत को बेड़ियों में जकड़ा गया।

आत्मकथा में भावुकता का शिखर तब आता है जब लेखक अपनी पहली दिहाड़ी से बाराबंकी के नेबलेट चौराहे से तीन रुपये की चप्पल खरीदकर अपने साठ वर्षीय नंगे पैर चलने वाले पिता को पहनाता है। जीवन भर काँटों और ठूंठों पर नंगे पैर चलने वाले पिता का वह चप्पल पहनकर पहला कदम बढ़ाना हिंदी साहित्य के सबसे यादगार और हृदयस्पर्शी दृश्यों में से एक बन जाता है। चौदह किलोमीटर दूर टूटी साइकिल पर बैठकर कॉलेज जाना, धोती के टुकड़े में बंधी सूखी रोटियाँ खाना, पानी की टंकी के नीचे खुले आसमान में सोना और स्ट्रीट लाइट की पीली रोशनी में पढ़कर डिग्रियाँ हासिल करना, यह सब साबित करता है कि अटूट संकल्प के आगे परिस्थितियाँ घुटने टेक देती हैं। दिल्ली की सड़कों पर कूड़ा-प्लास्टिक बीनने की मजबूरी और कानपुर की श्रमिक मंडियों की यातना के बाद जब लेखक का परिचय युवा चेतना शिविर और समाज सेवा से होता है, तो उनकी दिशा पूरी तरह बदल जाती है। आठ सितम्बर उन्नीस सौ चौरानवे वह ऐतिहासिक दिन साबित होता है जब एक दिहाड़ी मजदूर का रूपांतरण एक जनसेवक के रूप में होता है। संपूर्ण साक्षरता अभियान और यूनिसेफ की परियोजनाओं के माध्यम से हजारों वंचित बच्चों और बालिकाओं तक शिक्षा की लौ पहुँचाने का उनका कार्य यह सिद्ध करता है कि इंसान अपनी पीड़ा को समाज के कल्याण की ताकत बना सकता है। इसके बाद से लेखक का हर कदम उन्नति की राह में और समाजसेवा के क्षेत्र में नए नए कीर्तिमान स्थापित करने को लेकर हैं। लेखक की लगातार बढ़ती प्रसिद्धि और उन्नति की रोशनी जिला बाराबंकी के बाहर देश के कई कोनों तक पहुंच रही है। लेखक के संघर्षों और ईमानदारी की गाथा केवल समाज सुधारने के कर्त्तव्य तक सीमित नहीं है, आज के दौर में पारिवारिक सफलता अर्जित करना भी बहुत ही दुर्लभ है, पति और पिता के रूप में भी लेखक आदर्श स्थापित करते हैं। लेखक के बड़े पुत्र लखनऊ में एक प्रसिद्ध डॉक्टर के रूप में लोगों को अपनी सेवाएं दे रहे, एक बेटी रत्नेश जी के द्वारा चलाया गया एक फ्री आवासीय विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रही हैं, छोटे बेटे ने नीट की तैयारी शुरू की है। सबसे खास बात सबमें जीवन के आदर्शों का स्थापित होना है।

जीवन के सभी आयामों में जो अभावों के रहते हुए भी असाधारण व्यक्तित्व और सफलता का परचम लहरा दे उसे बाराबंकी का समाजसेवी, पत्रकार रत्नेश कुमार कहते हैं। लेखक रत्नेश कुमार की भाषा अत्यंत सरल, सहज और आंचलिक गंध से रची-बसी है। वर्णनों में इतनी सजीवता है कि घटनाएँ पाठक के सामने किसी चलचित्र की भाँति तैरने लगती हैं। 'कंधों की पाठशाला' केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं, बल्कि भारत के उन तमाम अनाम, गरीब और ईमानदार पिताओं के नाम एक पावन श्रद्धांजलि है जो इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं होते। यह पुस्तक हर उस युवा के लिए संजीवनी है जो संसाधनों की कमी का रोना रोकर हतोत्साहित हो जाता है। यह आत्मकथा संदेश देती है कि यदि आपके मन में स्वाभिमान की लौ और चरित्र की मजबूती है, तो दुनिया की कोई भी गरीबी आपको हरा नहीं सकती।

बंकर राय की विदाई : सामाजिक कार्यों के एक युग का अंत

अमन नम्र



संजीत बंकर रॉय नहीं रहे। 10 नवंबर को राजस्थान के तिलोनिया में 81 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके जाने से ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने की एक ऐसी आवाज खामोश हो गई, जिसने पूरी दुनिया को विकास का एक अलग रास्ता दिखाया था। बंकर रॉय की जिंदगी को समझने के लिए उनके शुरुआती जीवन से शुरुआत करनी होगी। वर्ष 1945 में पश्चिम बंगाल के बर्नपुर में एक संपन्न और प्रतिष्ठित परिवार में जन्मे संजीत रॉय की परवरिश विशेषाधिकारों के बीच हुई। पिता इंजीनियर थे। परिवार का सामाजिक और आर्थिक स्तर काफी अच्छा था। वर्ष 1956 से 1962 के बीच उनकी पढ़ाई देश के प्रतिष्ठित दून स्कूल, देहरादून में हुई। इसी स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी पढ़े थे। वे राजीव गांधी के समकालीन और स्कूल के साथी थे। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के प्रतिष्ठित सेंट स्टीफंस कॉलेज में दाखिला लिया। यहां से अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की। वे पढ़ाई में अच्छे थे, खेलों में भी शानदार थे। तीन बार राष्ट्रीय स्क्वैश चौंपियन बने। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व भी किया। यानी उनके सामने एक शानदार करियर के तमाम रास्ते खुले हुए थे, लेकिन 1965-66 के आसपास बिहार के अकाल प्रभावित इलाकों में जाना उनकी जिंदगी का निर्णायक मोड़ बन गया। वहां उन्होंने भूख, गरीबी, अभाव और ग्रामीण भारत की वास्तविक परिस्थितियों को करीब से देखा। उन्हें महसूस हुआ कि जिस भारत की कल्पना उन्होंने अपनी शिक्षा और शहरी परिवेश में की थी, वास्तविक भारत उससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने खुद स्वीकार किया था कि वे गलत स्कूल और गलत कॉलेज में पढ़कर एक तरह के अहंकार के साथ बाहर आए थे। बिहार के गांवों ने उनका यह अहंकार तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने अपनी जिंदगी की दिशा बदल दी। वर्ष 1972 में वे राजस्थान के अजमेर जिले के एक छोटे से गांव तिलोनिया पहुंचे। यह कोई ऐसा इलाका नहीं था जहां सुविधाएं थीं, संसाधन थे या विकास के बड़े अवसर थे, लेकिन बंकर रॉय ने इसी गांव को अपनी कर्मभूमि बना लिया। यहां उन्होंने श्सामाजिक कार्य एवं अनुसंधान केन्द्र (एसडब्ल्यूआरसी) की स्थापना की, जो आगे चलकर बेयरफुट कॉलेज के नाम से दुनिया भर में पहचाना गया।

उनका विचार बिल्कुल अलग था। वे मानते थे कि किसी गांव का विकास करने के लिए जरूरी नहीं कि शहरों से बड़े-बड़े इंजीनियर, डॉक्टर और विशेषज्ञ भेजे जाएं। गांव के लोगों के पास भी ज्ञान है, हुनर है, अनुभव है। जरूरत सिर्फ उनके हुनर को पहचानने, उन्हें प्रशिक्षित करने और उन पर भरोसा करने की है। उन्होंने साबित किया कि औपचारिक डिग्री न होने का मतलब यह नहीं कि किसी व्यक्ति में ज्ञान या तकनीकी क्षमता नहीं हो सकती। बेयरफुट कॉलेज में ग्रामीण महिलाओं को सोलर इंजीनियर बनाया गया। ऐसी महिलाएं, जिनमें से कई पढ़ना-लिखना भी नहीं जानती थीं, को सौर-ऊर्जा के उपकरणों को लगाना, उनकी मरम्मत करना और उनका रखरखाव करना सिखाया गया। दुनिया भर के गांवों से महिलाएं तिलोनिया पहुंचीं। उन्हें सोलर तकनीक में प्रशिक्षित किया गया और वे अपने गांवों में लौटकर बिजली की समस्या का समाधान करने लगीं। ग्रामीणों को हैंडपंप मैकेनिक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, दाइयां, शिक्षक और तकनीकी विशेषज्ञ बनाया गया। रात के स्कूल शुरू किए गए ताकि दिन में मजदूरी करने वाले बच्चे भी पढ़ सकें। जल-संरक्षण, वर्षा जल-संचयन, स्थानीय निर्माण तकनीक, ग्रामीण हस्तशिल्प, आजीविका और महिला सशक्तीकरण पर काम हुआ। इस मॉडल ने स्थापित किया कि विकास का मतलब सिर्फ शहरों की सुविधाएं गांवों तक पहुंचाना नहीं है। विकास का मतलब गांवों के भीतर मौजूद क्षमता को जगाना भी है। बंकर रॉय के काम को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली।

वर्ष 1985 में जमनालाल बजाज पुरस्कार,1986 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। 2010 में टाइम मैगजीन ने उन्हें दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया, लेकिन उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि कोई पुरस्कार या सम्मान नहीं था। उनकी असली उपलब्धि वे हजारों ग्रामीण महिलाएं और पुरुष थे, जो उनके प्रयासों से अपने पैरों पर खड़े हुए। बंकर रॉय का जाना मुझे उन तमाम लोगों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी शिक्षा, ग्रामीण विकास, खेती और समाज के सबसे कमजोर तबके के बीच काम करते हुए गुजार दी। विनोद रैना याद आते हैं, जिन्होंने शिक्षा को सिर्फ स्कूलों और पाठ्यक्रमों तक सीमित नहीं रहने दिया। विज्ञान, बच्चों की समझ और शिक्षा में बराबरी के लिए उनका योगदान कितना महत्वपूर्ण था। संजय घोष याद आते हैं, जिन्होंने असम के ग्रामीण इलाकों में लोगों के साथ मिलकर काम किया और उल्फा उग्रवादियों ने जिनकी हत्या कर दी। पापा यानी श्याम बहादुर नम्र याद आते हैं, जिन्होंने शिक्षा, खेती और जैविक कृषि के क्षेत्र में अपना जीवन लगाया। जमीन से जुड़कर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का उनका प्रयास भी असाधारण था। देश में ऐसे तमाम लोग अभी भी मौजूद हैं, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी किसी विचार, किसी सामाजिक उद्देश्य या किसी वैकल्पिक व्यवस्था को खड़ा करने में लगा दी है। वे शिक्षा में हैं, खेती में हैं, ग्रामीण तकनीक में हैं, पर्यावरण संरक्षण में हैं, स्वास्थ्य और आजीविका के क्षेत्र में हैं। उनके पास किताबों में न मिलने वाला अनुभव है। उनके पास असफलताओं से निकली सीख है। उनके पास ऐसे प्रयोगों की कहानियां हैं, जिन्हें किसी विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला में दोहराया नहीं जा सकता। इस दिशा में एक गंभीर पहल होनी चाहिए। एक ऐसी पहल, जिसका उद्देश्य हो-हमारे समय के जीवित अनुभवों का दस्तावेजीकरण। ऐसे लोगों की पहचान की जाए। उनके जीवन, संघर्ष, प्रयोगों और विचारों पर विस्तार से बातचीत की जाए। उनके काम के स्थानों पर जाकर उनके अनुभव दर्ज किए जाएं।

उनके साथ काम करने वाले लोगों और उनसे लाभान्वित हुए समुदायों की कहानियां भी सामने लाई जाएं। उनके इंटरव्यू सिर्फ औपचारिक बातचीत न हों। यह समझने की कोशिश हो कि उन्होंने जो किया, वह क्यों किया? किन परिस्थितियों में किया? क्या गलतियां हुईं? क्या सीखा? उनके मॉडल को दूसरे इलाकों में कैसे लागू किया जा सकता है? उनकी बातचीत, वीडियो, ऑडियो, लेख, किताबें और शोध सामग्री को एक ऐसे सार्वजनिक डिजिटल आर्काइव में रखा जाए, जहां आने वाली पीढ़ियां उन्हें पढ़ और समझ सकें। बंकर रॉय ने अपनी जिंदगी से एक बहुत बड़ी बात सिखाई-समाज को बदलने के लिए हमेशा बड़े पद, बड़ी डिग्री और बड़े संसाधनों की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी जरूरत सिर्फ एक ऐसे व्यक्ति की होती है, जो समाज के सबसे साधारण समझे जाने वाले लोगों की असाधारण क्षमताओं पर भरोसा कर सके। वे सिर्फ तिलोनिया में एक संस्था बनाकर भर नहीं गए हैं, बल्कि एक विचार छोड़कर गए हैं। आज उनके प्रति सबसे बड़ी श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उस विचार को समझें, आगे बढ़ाएं और अपने आसपास मौजूद ऐसे लोगों को उनके रहते हुए जानने, समझने और उनसे सीखने की कोशिश करें।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

खबरें एक नजर में

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में हमीरपुर प्रदेश में सातवें स्थान पर

हमीरपुर। जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक हुई। अक्टूबर माह की विकास एवं राजस्व संबंधी संयुक्त रैंकिंग में हमीरपुर ने प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी ने आगामी माह में जनपद को टॉप-3 में पहुंचाने के निर्देश दिए। बिना सूचना अनुपस्थित जिला उद्यान अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने और खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर का वेतन रोकने के निर्देश दिए। मौदहा, सरीला और गोहांड में फैमिली आईडी की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। मत्स्य विभाग की खराब प्रगति और अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण मांगने तथा वेतन रोकने को कहा। पंचायती राज विभाग को शौचालयों की सफाई और सीवीओ को गोवंश संरक्षण के लिए चारागाह में हरा चारा बोने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम, बीते दिन रोडवेज बस की टक्कर से एक की मौके पर मौत और दो लोग हुए थे घायल


सुमेरपुर। परिवहन निगम की बस की टक्कर से हुई दुर्घटना में मृत किशोर और किशोरी के शव सोमवार को गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे में घायल एक किशोरी का कानपुर में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतका के दादा ने बस चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।रविवार दोपहर करीब एक बजे बांदा जिले के सोनापुरवा निवासी सुमित उर्फ सुंदरम (18) अपनी ननिहाल टेढ़ा में ममेरी बहनों काजल (14) और मंदाकिनी (16) के साथ बाइक से खेत जा रहा था। गांव के पावर हाउस के पास बांदा की ओर जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को कुचल दिया। हादसे में काजल की मौके पर मौत हो गई, जबकि सुमित और मंदाकिनी गंभीर रूप से घायल हो गए। देर शाम सुमित ने कानपुर के हैलट अस्पताल में दम तोड़ दिया।सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों के शव गांव लाए गए। काजल का टेढ़ा में अंतिम संस्कार किया गया, जबकि सुमित का शव उसके पैतृक गांव सोनापुरवा ले जाया गया। मृतका के दादा बड़कू वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने बस संख्या यूपी 78 एचटी 4487 के चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने इसकी पुष्टि की।

पं. कृष्णचन्द्र पालीवाल की पांचवीं पुण्यतिथि पर हुए धार्मिक आयोजन



गुरसराय। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, खेर इंटर कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष एवं सर्वोदय विचारक पं. कृष्णचन्द्र पालीवाल की पांचवीं पुण्यतिथि पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः आचार्य अनिल पंडा एवं पं. मनोज पटसारिया भोले महाराज ने विधि-विधान से हवन-पूजन कराया। पूजन एवं आरती में पं. मुकुंद पालीवाल, देवेश पालीवाल और योगेश पालीवाल ने भाग लिया।इसके बाद सीताराम सुंदरकांड पार्टी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। इसमें रामप्रकाश निरंजन, नारायण दास कुचवार, सरजू शरण पाठक, भानु प्रताप सिंह, दीवान सिंह, अनमोल, चंद्रपाल, रामजी सेन, दिनेश अलबेला और ब्रजेन्द्र शर्मा ने प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में मेजर अखिलेश पिपरैया, संगीतगुरु पं. परशुराम पाठक, पूर्व प्रधानाचार्य पी.एन. दुबे, के.के. तिवारी, जगमोहन समेले, रमेश मौर्य, सूरज माते, मुन्नालाल, भगवानदास चौबे, मनोहर राव नेवालकर और प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी सहित वक्ताओं ने पं. पालीवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर रामनारायण पस्तोर, सुशील स्वामी, नरेंद्र जैन, राकेश खरे, ओ.पी. शर्मा, रामकृष्ण अरजरिया, लक्ष्मीनारायण घोष, गंगाप्रसाद, राजेंद्र पालीवाल, प्रदीप कोठारी, सत्यप्रकाश द्विवेदी, सुखदेव सिंह, डॉ. विवेक मुद्गल, अर्चना मोदी, सुरभि पटेल, रजनी यादव, खुशबू जैन सहित नगर के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

जनसुनवाई समाप्त होने के बाद भी फरियादियों के बीच पहुंचे डीएम



उरई(जालौन)। जनसमस्याओं के त्वरित व प्रभावी निस्तारण को लेकर डीएम समीर की संवेदनशीलता सोमवार को जनसुनवाई के दौरान देखने को मिली। डीएम ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना साथ ही संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया कि वे स्वयं मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को सुनें तथा प्रकरणों की वास्तविक स्थिति और गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करें जनसुनवाई समाप्त होने के बाद भी डीएम की संवेदनशीलता का एक और उदाहरण देखने को मिला। अपराह्न लगभग दो बजे जब कुछ फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर आए, तभी डीएम की नजर उन पर पड़ी। उन्होंने बिना देर किए स्वयं फरियादियों के पास पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरुप समयसीमा के भीतर और पूरी निष्पक्षता के साथ कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की स्पष्ट मंशा है कि जनसामान्य की शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर न होकर वास्तविक रुप से हो।

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने को निकाली जागरुकता बाइक रैली



बांदा। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ करते हुए आयुक्त व जिलाधिकारी ने उपस्थित विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इसके अलावा 30 नवंबर तक चलने वाले सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत प्रचार वाहन व बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव के निर्देश पर सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित महाराणा प्रताप चौक से सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। आयुक्त अजीत कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस और जिलाधिकारी अमित आसेरी ने उपस्थित लोगों के साथ छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई। साथ ही सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रचार वाहन एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयुक्त ने उपस्थित एनसीसी कैडेट्स और स्काउट-गाइड व छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने का आह्वान किया। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के दौरान गांव-गांव तक जागरूकता अभियान का प्रचार-प्रसार करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने सड़क का प्रयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं और लोगों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया। जिलाधिकारी ने सभी लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं दूसरों का जीवन सुरक्षित रखा जा सकता है। इस अवसर पर संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) उदयवीर सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने पर जोर दिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, एआरटीओ प्रशासन सौरभ कुमार, डीआईओएस दिनेश कुमार, एआरटीओ श्यामलाल, प्रोबेशन विभाग से कामिनी सिंह सहित तमाम लोग व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा: वाहन की रैली निकालकर किया जागरूक

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जनजागरूकता वाहन रैली निकाली गई। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक चलने वाले पखवाड़े में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय चालक और पीछे बैठने वाले दोनों के लिए हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने की अपील की। साथ ही नशे में वाहन न चलाने, निर्धारित लेन में चलने, गलत दिशा में ड्राइविंग और अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचने की सलाह दी। इस दौरान एएसपी अरविंद कुमार वर्मा, एआरटीओ प्रवीण कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न



सुमेरपुर। चार दिवसीय छठ महापर्व सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। कस्बे के गायत्री तपोभूमि परिसर स्थित गायत्री गंगा घाट पर सुबह व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। महिलाओं ने जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य अर्पित किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की खुशहाली की कामना की। घाट पर छठी मैया के जयकारे गूंजते रहे। पूजा-अर्चना के बाद व्रती महिलाओं ने प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण किया। इसी के साथ छठ महापर्व का समापन हुआ।

ढोल-नगाड़ों के बीच भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत

मौदहा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रमिद्र सिंह के बुंदेलखंड के प्रथम दौरे पर रविवार को मौदहा नगर में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। बड़े चौराहे पर जिला अध्यक्ष अमरजीत अरोड़ा के निर्देश पर मंडल अध्यक्ष हिना परवीन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। मंडल अध्यक्ष हिना परवीन ने अपनी टीम के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर परवेज खान, हबीब खान, एजाज खान, नाजरा खान, मारिया खान, सफिया खान और अलीफा खान सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गहरौली में टुल्लू हटाओ अभियान, 13 पंप जब्त



हमीरपुर। जल जीवन मिशन के तहत सोमवार को विकासखंड मुस्करा के गहरौली गांव में टुल्लू हटाओ अभियान चलाया गया। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजय सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान पेयजल पाइपलाइन में अवैध रूप से लगाए गए 13 टुल्लू पंप जब्त किए गए। सभी पंप सीलबंद अवस्था में संबंधित भवन स्वामियों अथवा उनके परिजनों को सुपुर्द किए गए। निरीक्षण में कुछ घरों के बाहर बिना टोटी के पाइप भी मिले। एडीएम ने बताया कि टुल्लू पंप से पानी खींचने के कारण ऊंचाई पर स्थित घरों तक पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पाती। NOPS के सुभाष चंद्र पांडे ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपाय बताए। एडीएम ने घरों में टोटी लगवाने और पानी की बर्बादी रोकने की अपील की। अभियान में एडीओ पंचायत कपिल सिंह और पुलिस बल मौजूद रहा।

बच्चों का वजन व पोषण ट्रैकर पर फीडिंग शत-प्रतिशत कराने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



जिलाधिकारी अशोक कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। इसमें आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली और पोषण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने शून्य से छह वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों का वजन एवं लंबाई मापकर पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत फीडिंग कराने के निर्देश दिए। बाल विकास परियोजना अधिकारियों और मुख्य सेविकाओं को नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने पोषाहार वितरण में लापरवाही न बरतने तथा एफआरएस के माध्यम से पात्र लाभार्थियों तक पोषाहार पहुंचाने के निर्देश दिए। आरबीएसके टीम द्वारा चिह्नित कुपोषित बच्चों को समय से पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने को कहा। लापरवाही मिलने पर संबंधित का मानदेय रोकने की चेतावनी दी। बैठक में सीडीओ अरुण कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ



झांसी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने 16 से 30 नवंबर तक आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़े का जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में शुभारंभ किया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की मौजूदगी में प्रचार वाहन और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।रैली जेल चौराहा, इलाइट चौराहा, कचहरी चौराहा और बस स्टैंड होते हुए संभागीय परिवहन कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। पखवाड़े के दौरान हेलमेट, सीटबेल्ट के प्रयोग, ओवरस्पीडिंग, नशे में वाहन चलाने, मोबाइल का उपयोग और यातायात नियमों के उल्लंघन के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।कार्यक्रम में आरटीओ अरविंद कुमार त्रिवेदी, एआरटीओ हेमचंद्र सिंह गौतम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, ट्रैफिक वार्डन और समाजसेवी मौजूद रहे।

हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन व बाइक रैली को किया रवाना

निष्पक्ष निर्वाचन के लिए वल्नरेबिलिटी मैपिंग में बरतें सतर्कता: डीएम

जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को दिए आवश्यक निर्देश

समृद्धि न्यूज़, झांसी।



विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कलेक्ट्रेट में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने कहा कि भयमुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए वल्नरेबिलिटी मैपिंग महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी अपने आवंटित क्षेत्रों का भ्रमण कर संवेदनशील एवं वल्नरेबल क्षेत्रों को चिन्हित करें और पूर्व चुनावों के अनुभवों व शिकायतों के आधार पर तथ्यपरक जानकारी समय से उपलब्ध कराएं।उन्होंने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतदाताओं की कतार लगने वाले स्थान तक छाया, शीतल पेयजल, शौचालय और निर्बाध बिजली की व्यवस्था की जाए। गर्मी को देखते हुए मेडिकल किट, ओआरएस, पैरामेडिकल कर्मियों और एंबुलेंस की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।डीएम ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदेय स्थल की जानकारी के लिए साइनेज लगाने तथा बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए कुर्सियां, व्हीलचेयर एवं वालंटियर्स की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी विकास कुमार, एसपी सिटी प्रीति सिंह, एडीएम पल्लवी मिश्रा सहित सभी एसडीएम, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

एआई के दौर में पत्रकारिता के लिए नैतिक मूल्य और मानवीय संवेदनाएं जरूरी: प्रो. सिंह



झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के भास्कर जनसंचार एवं पत्रकारिता संस्थान में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर 'डिजिटल युग में लोकतंत्र और प्रेस = भूमिका, चुनौतियां और उत्तरदायित्व' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रो. एम.एम. सिंह ने कहा कि एआई और आधुनिक तकनीक ने पत्रकारिता को आसान बनाया है, लेकिन इसके दौर में नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं की जरूरत और बढ़ गई है। समाचार प्रसारित करने से पहले उनकी विश्वसनीयता और मानवीय प्रभाव का ध्यान रखना जरूरी है। डॉ. राघवेन्द्र दीक्षित ने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य वंचित और कमजोर वर्गों की आवाज उठाना है। उमेश शुक्ला ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के महत्व और भारतीय प्रेस परिषद की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. अभिषेक कुमार ने स्वतंत्रता आंदोलन में प्रेस के योगदान को बताया, वहीं डॉ. नितिन भगौरिया ने कविता पाठ किया। विद्यार्थी धर्मेंद्र ने पत्रकारिता की चुनौतियों पर विचार रखे। अंत में राघवेन्द्र दीक्षित ने आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी में संस्थान के शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पांच सूत्रीय मांगों को लेकर रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन

आज से लखनऊ में देंगे धरना

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



सोमवार दोपहर करीब दो बजे उत्तर प्रदेश संविदा ग्राम रोजगार सेवक संघ ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सक्सेना और जिला महामंत्री देवीप्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रोजगार सेवकों ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द सकारात्मक फैसला नहीं हुआ तो 17 नवंबर से लखनऊ के ईको गार्डन में अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सक्सेना ने बताया कि ग्राम रोजगार सेवक पिछले 20 साल से पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें नियमित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि रोजगार सेवक कम मानदेय और असुरक्षित सेवा शर्तों के बीच काम करने को मजबूर हैं।संघ की मांग है कि ओडिशा और राजस्थान की तर्ज पर उन्हें विभागीय कर्मचारी का दर्जा देकर नियमित किया जाए। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में 50 प्रतिशत पद रोजगार सेवकों के लिए आरक्षित किए जाएं। संघ ने नियमितीकरण होने तक सम्मानजनक जीवनयापन के लिए मानदेय बढ़ाने और लंबे समय से बकाया मानदेय का जल्द भुगतान करने की मांग की है। इसके अलावा ग्राम रोजगार सेवक का पदनाम बदलकर ग्राम विकास सहायक करने, राज्य स्तर पर मानदेय का साझा पूल बनाने और मृतक रोजगार सेवकों के आश्रितों को प्राथमिकता के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।

जनपद में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता: जिलाधिकारी



महोबा। जिलाधिकारी प्रभाष कुमार ने जनपद के समस्त किसान भाइयों को अवगत कराया है कि वर्तमान में रबी फसलों की बुवाई तेजी से की जा रही है। इसके दृष्टिगत फास्फेटिक उर्वरकों, विशेषकर डीएपी की मांग अधिक है। जनपद में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। जनपद के सहकारी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर डीएपी 340.00 मीट्रिक टन एवं एनपीके 48.60 मीट्रिक टन तथा निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर डीएपी 386.00 मीट्रिक टन एवं एनपीके 203.00 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त सहकारिता एवं निजी क्षेत्र के बफर गोदामों में डीएपी 1279.00 मीट्रिक टन एवं एनपीके 710.80 मीट्रिक टन उपलब्ध है। जनपद बांदा को प्राप्त होने वाली इफको डीएपी रैक से 400.00 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक का आवंटन भी जनपद महोबा को प्राप्त हुआ है, जिसका वितरण समितियों के माध्यम से कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी कंपनियों की डीएपी उर्वरक की गुणवत्ता एक समान है। सभी डीएपी उर्वरकों में नाइट्रोजन 18 प्रतिशत एवं फास्फोरस 46 प्रतिशत होता है। डीएपी उर्वरक की निर्धारित कीमत 1350.00 रुपये प्रति बैग है, जो सभी सहकारी एवं निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि दलहनी फसलों में एनपीके उर्वरक का प्रयोग करें तथा एनपीके उर्वरक दलहनी फसलों के लिए एक अच्छा विकल्प है। जनपद में समस्त प्रकार के उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसान भाई आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराते हुए किसी भी उर्वरक बिक्री केंद्र से अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व

छठ गीतों के बीच अस्ताचलगामी और उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



कार्तिक मास की षष्ठी को मनाये जाने वाले छठ पर्व की अनूठी छठा शहर में भी देखने को मिली। चिल्ला रोड स्थित 132 केवीए पावर हाउस में काम करने वाले बिजली कर्मचारियों ने यहां इस पर्व की शुरुआत की। पावर हाउस में अधिकतर कर्मचारी पूर्वांचल और बिहार के रहने वाले हैं। बिजली कर्मचारियों के अलावा अन्य विभागों में तैनात बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के कर्मचारी भी छठ पूजा का महोत्सव मनाते हैं और एक दूसरे के साथ खुशियां बांटते हैं। रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए कर्मचारियों की व्रती पत्नियों ने छठ मैया की विधिवत पूजा अर्चना की और छठ मैया को मनाने के लिए विभिन्न गीतों के माध्यम से गीतांजलि भेंट की। वैसे तो छठ पर्व पूर्वांचल, बिहार और झारखंड आदि प्रांतों का प्रमुख पर्व है, लेकिन अब धीरे धीरे समूचे देश में छठ की छटा बिखरती जा रही है। शुक्रवार की सुबह जब बिजली कर्मियों समेत अन्य विभागों में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों ने परिवार के साथ छठ पर्व की पूजा अर्चना शुरू की तो समूचे इलाके के लोग कौतूहलभरी नजरों से देखते रहे। चार दिवसीय छठ पर्व में महिलाएं एक दिन पहले से ही निर्जला व्रत रखकर छठ मैया की आराधना करतीं है और शाम के समय ढ़लते सूर्य को अर्घ्य देकर वरदान मांगती हैं। वहीं दूसरे दिन सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती महिलाएं कमर तक पानी में डूबकर खड़ी होती हैं। पावर हाउस परिसर में छठ पर्व के लिए विशेष तौर पर एक टैंक बनाया गया है, जिसमें भरे पानी में खड़ी होकर महिलाओं ने सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके बाद प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रत का समापन किया। इसके अलावा तमाम महिला-पुरुषों ने केन नदी और नवाब टैंक आदि में भी छठ पर्व मनाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय समेत पूर्वांचल के रहवासी कई अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी केन नदी के तट पर पहुंचकर परिवार सहित छठ पर्व मनाया और पूजा अर्चना की। छठ व्रतियों की सुविधा के लिए प्रशासन ने केन नदी और नवाबटैंक में घाट आदि बनाने का काम किया है।

पुराने मौरंग माफिया का कारनामा, नदी की जलधारा रोक हो रहा अवैध खनन

एनजीटी के नियम ताक पर, ग्रामीणों के लिए भी मुसीबत का सबब

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



जालौन क्षेत्र के ग्राम गजरौरा में निजी भूमि का पट्टा अंकित गुप्ता के नाम है। जो पुराने मौरंग माफिया का पुत्र बताया जा रहा है। ग्राम गजरौरा में मौरंग माफिया नदी की जलधारा रोककर एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाकर पोलैंड मशीनों से अवैध खनन कर रहा है। जिससे नदी में गहरे गहरे गड्ढे हो रहे हैं। जिसके चलते ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जिले के क्षेत्र से निकली यमुना नदी की मौरंग पर पुराने मौरंग माफिया ने अपनी नजर गड़ा दी है। यहां का पट्टा अभैध्या इंफ्रा प्रा. लि. के निदेशक अंकित गुप्ता पुत्र विजय शंकर गुप्ता निवासी रिंग रोड वसुंधरा कंपलेक्स इंदिरा नगर लखनऊ के नाम है। इसकी गाटा संख्या 22/14 है, जबकि यह पट्टा 6.950 हेक्टेयर का है, जो 4/12/24 से 3/12/29 तक के लिए वैध है। यहां नदी की बीच धारा से मौरंग निकाली जा रही है। ऐसा ही एक मामला ग्राम कहटा हमीरपुर खंड 4 का है, जो सक्षम कांट्रेक्टर एंड सप्लायर के नाम पर पंजीकृत है। जिसे देवेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र शिवकुमार गुप्ता निवासी ओम शांति नगर थाना कोतवाली जिला झांसी, संचालित कर रहे हैं। इसका गाटा संख्या 1064 व क्षेत्रफल 12.12 हेक्टेयर है। यह 4/2/25 से 3/2/30 तक 5 वर्ष के लिए वैध है। यहां के संचालक द्वारा भी वही कारनामा अंजाम दिया जा रहा है। यहां पानी की जलधारा रोककर अवैध खनन चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर यहां हैवी पोकलैंड मशीनों से भी अवैध खनन का आरोप लगाया जा रहा है। जिसके चलते यहां गहरे गहरे गड्ढे बन रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इन गड्ढों से कभी भी पशु व जन हानि हो सकती है। पहले भी मौरंग माफिया द्वारा बनाए गए गड्ढों में गिरकर पशु व जन हानि हो चुकी है। इसलिए पोकलैंड मशीनों से होने वाले अवैध खान पर रोक लगाई जाए। इस मामले को लेकर जब जिला खनिज अधिकारी सनी कौशल से बात करनी चाहिए और 8887 534825 उनके मोबाइल नंबर पर फोन किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

शेष अगले अंक में...

लकड़ी काटने वाली मशीन की चपेट में आने से युवक की मौत

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। सराये इनायत थाना अंतर्गत ग्राम सभा कादी में लकड़ी काटने वाली मशीन की चपेट में आने से चंद्र प्रकाश सरोज की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि चंद्र प्रकाश सरोज लकड़ी काटने वाली मशीन से हुए हादसे का शिकार हो गए। इस दुर्घटना में उनकी जान चली गई। उनके परिवार में सात बेटियां हैं। परिवार के मुखिया की अचानक मौत से बेटियों और अन्य परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पिता का साया उठने से परिवार के सामने भावनात्मक और पारिवारिक संकट खड़ा हो गया है।

अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव हत्याकांडः परिवार ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव की हत्या के बाद उनके परिवार ने पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मृतक की पत्नी वर्षा श्रीवास्तव और उनकी दोनों बेटियों का आरोप है कि उनके पिता की हत्या से पहले भी उन्हें जान का खतरा था। परिवार का कहना है कि इस संबंध में थाने से लेकर पुलिस के आला अधिकारियों तक शिकायत की गई थी, लेकिन समय रहते कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। परिजनों के मुताबिक 15 अक्टूबर को सतीश श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिवार का कहना है कि हत्या के बाद भी उन्हें सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है और फरार आरोपियों से उनकी जान को खतरा है। परिवार का आरोप है कि हत्याकांड को 30 दिन से अधिक समय बीतने के बावजूद पुलिस फरार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। परिजनों के अनुसार, मुख्य आरोपी देवेंद्र नाथ मिश्रा की पत्नी शैल मिश्रा और बेटे अमरेंद्र नाथ मिश्रा के खिलाफ अदालत में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की गई थी, जिसे अदालत ने खारिज कर दिया है। इसके बावजूद दोनों की गिरफ्तारी नहीं होने पर परिवार ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। वर्षा श्रीवास्तव का कहना है कि वह इस मामले में पुलिस कमिश्नर पीयूष मोर्डिया समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मिल चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। परिवार ने विवेचना किसी दूसरे पुलिस अधिकारी को सौंपने, फरार आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट की प्रक्रिया शुरू करने और आरोपियों पर इनाम घोषित करने की मांग की है।

2027 में एकजुट होकर चुनाव लड़ेगा विपक्ष- पल्लवी पटेल

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। अपना दल (कमेरावादी) की सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में विपक्षी दल एक बैनर के नीचे एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे। उनके मुताबिक उत्तर प्रदेश का चुनाव बंगाल, बिहार और अन्य राज्यों के चुनाव से अलग होगा। पल्लवी पटेल सोमवार को प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कौड़ीहार में पूर्व प्रधान मोइनुद्दीन उर्फ मुल्लाजी के घर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने विपक्षी एकता और गठबंधन को लेकर अपनी बात रखी। केशव प्रसाद मौर्य से जुड़े सवाल पर पल्लवी पटेल ने कहा कि किसी भी नेता का राजनीतिक कद जनता तय करती है। उन्होंने कहा कि 2022 में सिराथू की जनता ने उन्हें 12 दिन में चुनाव जिताया था। अब उनका दायित्व है कि वह दोबारा सिराथू से चुनाव लड़ें और जनता के बीच जाकर अपने कार्यों का मूल्यांकन कराएं। पल्लवी पटेल ने दावा किया कि अपना दल (कमेरावादी) प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में से करीब 60 सीटों पर पिछले साढ़े तीन साल से तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन में सीटों की संख्या घट-बढ़ सकती है और इस संबंध में जल्द तस्वीर साफ होगी।

पडरौना पुलिस ने पांच वर्षीय गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा

कुशीनगर। जनपद के पडरौना कोतवाली पुलिस ने छठ पूजा घाट क्षेत्र में भ्रमण के दौरान रास्ता भटक गई पांच वर्षीय बच्ची को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार उक्त बच्ची अपने मौसा के घर, ग्राम भरवलिया, थाना कोतवाली पडरौना आई हुई थी। इसी दौरान वह दुकान से खाने-पीने का सामान लेने निकली, लेकिन रास्ता भटक गई। परिजनों ने काफी देर तक बच्ची के नहीं मिलने पर उसकी तलाश में लगे हुए थे। इसी बीच कुशीनगर पुलिस द्वारा गुम शुदा बालक-बालिकाओं की सकुशल बरामदगी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत छठ पूजा घाट क्षेत्र में भ्रमण कर रही पडरौना कोतवाली पुलिस टीम की नजर बच्ची पर पड़ गई। पुलिस कर्मियों ने आस पास के लोगों से पूछताछ कर बच्ची की पहचान कराई तथा उसकी मां और मौसा को मौके पर बुलाया। आवश्यक पहचान एवं जानकारी के बाद बच्ची को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। बच्ची को बरामद करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शिवम कुमार द्विवेदी चौकी प्रभारी सुभाष चौक, कां0 रिशु यादव, कां0 आकाश सिंह शामिल रहे।

आबकारी विभाग की छापेमारी में 32 लीटर अवैध शराब बरामद

रायबरेली। अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 रोबिन आर्य एवं थाना बछरावां पुलिस की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्रवाई किया। संयुक्त टीम द्वारा तहसील महराजगंज के थाना बछरावां क्षेत्रांतर्गत ग्राम कन्नावा एवं पश्चिम गांव में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों एवं संदिग्ध घरों पर छापेमारी की गई। दबिश के दौरान मौके से लगभग 50 किलोग्राम लहन बरामद कर नष्ट किया गया तथा 32 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इस मामले में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में 02 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं।

उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर, छठी मइया की आराधना में पूर्ण हुई कठिन साधना

उदीयमान भास्कर के दर्शन को भोर में घाटों पर उमड़ा आस्था का महासागर, संतान की दीर्घायु और परिवार की मंगलकामना के साथ व्रती महिलाओं ने किया पारण।



समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। पूरब के आसमान में उषा की लालिमा बिखरते ही लोकआस्था के महापर्व छठ का आध्यात्मिक वैभव अपने चरम पर पहुंच गया। सूर्य की पहली किरण के स्वागत में सोमवार की भोर जनपद के विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। चार दिनों तक चलने वाली कठिन सूर्योपासना के अंतिम पड़ाव पर व्रती महिलाओं ने जल में खड़े होकर उदीयमान भगवान सूर्यनारायण को अर्घ्य अर्पित किया। छठी मइया के चरणों में शीश नवाकर संतान की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और अखंड सौभाग्य की कामना की। इसके साथ ही 36 घंटे से अधिक समय तक चले निर्जला व्रत का पारण कर छठ महापर्व का विधिवत समापन किया। भोर होने से पहले ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। सिर पर पूजन सामग्री से सजे दउरा, हाथों में फल और प्रसाद से भरे सूप तथा हृदय में अटूट श्रद्धा लिए व्रती महिलाएं छठी मइया के पारंपरिक मंगल गीत गाते हुए घाटों तक पहुंचीं। घाटों पर दीपों की रोशनी और छठ गीतों की मधुर स्वर लहरियों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जैसे ही पूर्व दिशा में भगवान भास्कर की पहली किरण दिखाई दी, व्रती महिलाओं ने दोनों हाथ जोड़कर सूर्यदेव का अभिनंदन किया। दूध और पवित्र जल से अर्घ्य अर्पित कर उनकी आराधना की। सूप में सजे ठेकुआ,नारियल, केला, गन्ना, मौसमी फल और अन्य पारंपरिक प्रसाद के साथ भगवान सूर्य को अर्घ्य समर्पित किया गया। जल में खड़ी व्रती महिलाओं के चेहरे पर कठिन तपस्या की पूर्णता और आराधना का संतोष साफ झलक रहा था। अर्घ्य के दौरान घाटों पर 'छठी मइया की जय', 'जय सूर्यनारायण' और 'जय-जय भास्कर भगवान' के जयकारे गूंजते रहे। परिजनों ने भी व्रतियों के साथ पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज के मंगल की प्रार्थना की। अन्तराष्ट्रीय कथावाचक व चित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर अजय श्रीदास ने बताया कि सनातन संस्कृति में भगवान सूर्य को प्रत्यक्ष देवता, जगत की आत्मा और समस्त प्राणियों के जीवन का आधार माना गया है। वे आदित्य, रवि, भानु, भास्कर, दिवाकर,दिनकर, मार्तण्ड, सविता, अर्क, मित्र और पूषा जैसे अनेक नामों से पूजित हैं। उनकी एक-एक किरण प्रकृति में जीवन, ऊर्जा और चेतना का संचार करती है। छठ महापर्व में अस्ताचलगामी और उदीयमान दोनों स्वरूपों में सूर्यदेव की उपासना करना जीवन के प्रत्येक पड़ाव के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और समर्पण का प्रतीक माना जाता है। छठ महापर्व की विशिष्टता इसकी कठिन साधना, शुद्धता और अनुशासन में निहित है। नहाय-खाय से आरंभ होकर खरना, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य और उदीयमान सूर्य की उपासना तक व्रती महिलाएं पूरी निष्ठा से नियमों का पालन करती हैं। निर्जला व्रत रखकर छठी मइया और सूर्यदेव की आराधना करना उनके अटूट विश्वास और समर्पण को दर्शाता है। इस महापर्व में जाति, वर्ग और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर पूरा समाज एक साथ प्रकृति और प्रत्यक्ष देवता की उपासना करता है।उगते सूर्य की स्वर्णिम किरणों के बीच अर्घ्य अर्पित करती व्रती महिलाओं का दृश्य मानो श्रद्धा, साधना और आध्यात्मिक चेतना की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत कर रहा था। पारण के साथ ही चार दिनों तक चले आस्था के इस अनुष्ठान का समापन हुआ। व्रती महिलाओं ने छठी मइया और भगवान सूर्यनारायण से सभी के जीवन में सुख, शांति, आरोग्य, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की।

स्वजनगणना में विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने दर्ज कराया विवरण

महराजगंज, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने अपने आवास पर स्वजनगणना कराकर आमजन को इस महत्वपूर्ण अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का संदेश दिया। नगर पालिका परिषद महराजगंज की ओर से पहुंची टीम ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत विधायक का विवरण दर्ज किया।इस दौरान नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, अवर अभियंता कुणाल यादव तथा राजस्व अमीन विजय तिवारी ने स्वजनगणना की प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि स्वजनगणना केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज और क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। इसके माध्यम से एकत्रित होने वाले आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं के निर्माण, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विकास की प्राथमिकताएं तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

छठ घाटों पर पहुंचीं पालिका अध्यक्ष, व्रती महिलाओं का बढ़ाया उत्साह



समृद्धि न्यूज़

महराजगंज, लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर नगर पालिका परिषद महराजगंज की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने नगर क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर व्रती महिलाओं से मुलाकात की और उन्हें छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर रही व्रती महिलाओं के बीच पहुंचकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा पर्व की खुशियों में सहभागी बनीं।छठ पूजा के दौरान बलिया नाला छठ घाट पर मानवीय संवेदनशीलता की एक मिसाल भी देखने को मिली। यहां एक वृद्ध महिला की अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गईं। इसकी जानकारी मिलते ही पालिका अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल तत्काल मौके पर पहुंचीं और महिला की सहायता के लिए सक्रिय हुईं। उन्होंने पुलिस प्रशासन के वाहनों की मदद से बिना देर किए वृद्ध महिला को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था कराई। अध्यक्ष की इस तत्परता से महिला को समय पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने की पहल हुई। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि निर्मेष मंगल, अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी सदर अंकुर गौतम, कोतवाल धर्मेंद्र सिंह, समाजसेवी बबलू भारती, सफाई लिपिक उमाशंकर, सफाई नायक इंद्रासन एवं सतीश चंद सहित अन्य लोग मौजूद रहे। छठ महापर्व के दौरान पालिका अध्यक्ष की सक्रियता और वृद्ध महिला की सहायता के लिए दिखाई गई तत्परता की लोगों ने सराहना की।

स्वगणना से जनगणना में दर्ज कराएं सटीक जानकारी, विकास योजनाओं के प्रभावी निर्माण में मिलेगी मदद:- जिलाधिकारी

स्वगणना से आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित करने के साथ ही नागरिकों को अपनी दी गई जानकारी के सत्यापन का भी मिलेगा अवसर, व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी।

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। जनगणना- 2027 के द्वितीय चरण के तहत आज 16 नवम्बर से स्वगणना (सेल्फ एनुमरेशन) प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट परिसर से जनपद की समस्त तहसीलों के लिए विशेष प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि स्वगणना का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को जनगणना प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित करना है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वगणना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार एवं मकान से संबंधित सभी जानकारियां स्वयं सावधानीपूर्वक और सटीक रूप से दर्ज कर सकते है। इससे आंकड़ों की शुद्धता सुनिश्चित होगी तथा त्रुटियों की संभावना भी काफी कम हो जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वगणना के उपरांत जब प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे, तब नागरिकों को पूर्व में दर्ज कराई गई जानकारियों को दोबारा बताने की आवश्यकता नहीं होगी। स्वगणना के दौरान प्राप्त डिजिटल आईडी के माध्यम से नागरिक अपनी दर्ज की गई जानकारी को पुनः देख सकेंगे और उसका सत्यापन भी कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना के आंकड़े किसी भी देश और क्षेत्र के विकास की आधारशिला होते हैं। सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के उचित वितरण तथा विकास की प्राथमिकताएं निर्धारित करने में सटीक जनगणना आंकड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि आंकड़े सही और प्रमाणिक होंगे, तभी विकास योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। उन्होंने नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता के संबंध में आश्वस्त करते हुए कहा कि स्वगणना अथवा जनगणना के दौरान 40 प्रश्नों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाने वाली समस्त व्यक्तिगत जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाएंगी। इन जानकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम, आरटीआई के दायरे से भी बाहर रखा गया है। ऐसे में किसी भी नागरिक को अपनी व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता अथवा उसके दुरुपयोग को लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील किया है ।

जनगणना-2027 : जागरूकता के लिए निकाली गई बाइकों की रैली

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। जनगणना-2027 के तहत स्वगणना के प्रति आमजन को जागरूक करने और अधिक से अधिक लोगों को इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रविवार को भव्य बाइक जागरूकता रैली निकाली गई। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित लगभग 500 बाइकों ने प्रतिभाग किया।जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू होकर सिविल लाइन चौराहा, गोल चौराहा, रतापुर चौराहा और त्रिपुला चौराहा होते हुए जहानाबाद चौकी बस स्टॉप से गुजरकर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इस दौरान प्रतिभागियों ने आमजन को स्वगणना के महत्व और उसकी उपयोगिता की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों से इसमें सहभागिता करने की अपील की।रैली के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को स्वगणना करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। स्वगणना के माध्यम से लोग स्वयं अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि वे स्वगणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने परिवार, आस-पड़ोस तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सहदेव मिश्र, आशुतोष तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संगम में नाव से उतरते ही गंगा में समाया महाराष्ट्र का श्रद्धालु

चार घंटे तलाश के बाद भी नहीं मिला सुराग

पिता का आरोप, हम लोग चीखते-चिल्लाते रहे लेकिन बचाने कोई नहीं आया

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। छठ महापर्व के दौरान सोमवार सुबह संगम में स्नान के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। महाराष्ट्र से परिवार के साथ तीर्थयात्रा पर आए 42 वर्षीय दामाजी महादेव पाकमोडे नाव से उतरते समय गंगा के गहरे पानी में डूब गए। घटना के बाद संगम तट पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों की चीख-पुकार के बीच जल पुलिस और गोताखोरों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन चार घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। दामाजी महादेव पाकमोडे महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के निवासी थे। वह अपनी पत्नी मनीषा, 12 वर्षीय बेटे और छह साल की बेटी समेत परिवार के कुल 21 सदस्यों के साथ तीर्थयात्रा पर निकले थे। परिवार 14 नवंबर को ट्रैवलर बस से यात्रा पर रवाना हुआ था। अगले दिन मैहर पहुंचकर सभी ने दर्शन-पूजन किया। इसके बाद सोमवार सुबह परिवार प्रयागराज पहुंचा और संगम स्नान के लिए किला घाट से दो नावों पर सवार होकर संगम की ओर रवाना हुआ। परिवार के सदस्य सुबह करीब 10 बजे संगम नोज के पास पहुंचे। दामाजी के दामाद गोपाल के मुताबिक, नाव से उतरकर सभी लोग स्नान की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दामाजी नीचे उतरने लगे। आरोप है कि स्नान स्थल पर सुरक्षा के लिए लगाई गई लकड़ी की बल्ली अचानक टूट गई। इससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरे पानी में चले गए। देखते ही देखते वह तेज बहाव में लापता हो गए। हादसे के बाद परिवार के लोगों ने शोर मचाकर आसपास मौजूद नाविकों और अन्य लोगों से मदद मांगी। परिजनों का आरोप है कि वे करीब 10 मिनट तक लगातार चीखते-चिल्लाते रहे, लेकिन किसी ने नदी में उतरकर दामाजी को बचाने की कोशिश नहीं की। परिवार का कहना है कि यदि समय रहते नाविकों ने बचाव का प्रयास किया होता तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर मौजूद गोताखोरों ने तलाश शुरू की। कुछ देर बाद जल पुलिस की टीम भी पहुंच गई। इसके बाद नदी में व्यापक स्तर पर खोज अभियान चलाया गया। गोताखोरों और जल पुलिस ने कई घंटे तक तलाश की, लेकिन दामाजी का कोई सुराग नहीं मिल सका। दारागंज थाना प्रभारी हरिकेश राय ने बताया कि हादसे के समय नदी का बहाव काफी तेज था।

हाईकोर्ट ने पूछा, क्या गिरफ्तारी के पहले आजम खां को दिया गया था नोटिस

समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां की आर्थिक अपराध के आरोप में गिरफ्तारी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कानूनी प्रक्रिया का पालन करने के संदर्भ में हलफनामा मांगा है। सुनवाई मंगलवार 17 नवंबर को भी जारी रहेगी। जस्टिस राजीव गुप्ता और जस्टिस देवेंद्र सिंह की खंडपीठ ने ईडी से पूछा है कि क्या आजम खां की गिरफ्तारी से पहले नोटिस दिया गया था। साथ ही अदालत ने ईडी से इस बात का भी हलफनामा मांगा है कि जांच में सहयोग न करने के संदर्भ में एजेंसी की ओर से जो वीडियो पेश किया गया है और गिरफ्तारी की प्रक्रिया में क्या कानूनी प्रावधानों का पूरी तरह पालन किया गया है। फिलहाल कोर्ट ने आजम को अंतरिम राहत नहीं दी है। कपिल सिब्बल ने संविधान के अनुच्छेद 22(1) का हवाला देते हुए कहा कि ईडी ने न तो आजम खां को गिरफ्तारी के आधार उपलब्ध कराए और न ही मौके पर मौजूद उनके बेटे को सूचना दी। इसके बजाय उनकी 84 वर्षीय बहन को बिना आधार की प्रति संलग्न किए ईमेल व व्हाट्सएप के जरिए सूचना भेजी गई। साथ ही, उन्होंने पुरानी घटनाओं की एफआईआर में गाय-बकरियों तक को अपराध से अर्जित संपत्ति बताए जाने और किसानों को लौटाई जा चुकी जमीन के बदले जौहर यूनिवर्सिटी की करीब 500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने पर भी सवाल उठाए।

टूटी पुलिया और ध्वस्त नाले के बीच होगा प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला

समृद्धि न्यूज़



डलमऊ (रायबरेली)। ऐतिहासिक प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेले के आयोजन में अब चंद दिन शेष हैं, लेकिन तैयारियों की जमीनी हकीकत प्रशासनिक दावों की पोल खोल रही है। स्नान घाटों पर अधूरी व्यवस्थाएं, बदहाल रास्ते, टूटी पुलिया और खुले नाले श्रद्धालुओं के लिए खतरा बने हुए हैं। ऐसे में लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं।मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी समेत जिला और तहसील प्रशासन के अधिकारी लगातार मेला क्षेत्र का निरीक्षण कर रहे हैं। अधिकारियों को व्यवस्थाएं समय से दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद धरातल पर कई महत्वपूर्ण कार्य अधूरे हैं। स्नान घाटों पर वस्त्र परिवर्तन कक्ष, साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था भी पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी है।सबसे गंभीर स्थिति डलमऊ-रायबरेली मुख्य मार्ग पर सराय दिलावर के पास स्थित नहर की क्षतिग्रस्त पुलिया की है। यह पुलिया कई महीनों से बदहाल है। कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया गया, लेकिन मरम्मत कराने के बजाय गड्ढे के आसपास बालू की बोरियां रखकर खानापूर्ति कर दी गई। डलमऊ-रायबरेली मार्ग मेले का प्रमुख रास्ता है। इसी मार्ग से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए डलमऊ पहुंचते हैं। ऐसे में क्षतिग्रस्त पुलिया किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।इसी तरह मुराईबाग मुख्य चौराहे के पास जलनिकासी के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा बनवाया गया अंडरपास नाला भी बदहाली का शिकार है। निर्माण के कुछ ही महीनों बाद नाला क्षतिग्रस्त होकर बड़े गड्ढे में तब्दील हो गया। इसमें आए दिन चारपहिया और दोपहिया वाहन चालक फंसकर चोटिल होते रहते हैं। कुछ महीने पहले विभाग ने गड्ढे को ढकने के लिए सीमेंटेड पटिया रखवाई थी, लेकिन वह भी कुछ दिनों बाद टूट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने गड्ढे में कबाड़ डालकर उसे ढकने का अस्थायी प्रयास किया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका।हैरानी की बात यह है कि मेले की तैयारियों को लेकर उच्चाधिकारियों के लगातार निरीक्षण के बावजूद इन गंभीर समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। जिलाधिकारी द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन संबंधित विभागों की उदासीनता के चलते व्यवस्थाएं अधूरी हैं।अब सवाल यह है कि क्या मेले से पहले क्षतिग्रस्त पुलिया, खुले नाले और बदहाल रास्तों की मरम्मत कराई जाएगी या फिर लाखों श्रद्धालुओं को इन्हीं अव्यवस्थाओं के बीच गंगा स्नान के लिए पहुंचना पड़ेगा। ऐतिहासिक मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार विभागों को तत्काल प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है।

पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, निकासन की खुशियां मातम में बदलीं

समृद्धि न्यूज़

रायबरेली। जायस कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। घर में निकासन के मांगलिक कार्यक्रम की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन युवक की मौत से खुशियां मातम में बदल गईं।जानकारी के अनुसार, नसीराबाद थाना क्षेत्र के पूरे टोंड़ी मजरे अशरफपुर निवासी हरिनाथ प्रसाद का पुत्र रिंकू कुमार सोमवार 16 नवंबर को दिल्ली से घर लौट रहा था। सुबह करीब आठ बजे वह जायस से अपने रिश्तेदार सुरजीत के साथ हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक से गांव जा रहा था। इसी दौरान पूरे बनिया का पुरवा (नंदग्राम) स्थित महेश्वरी विश्वविद्यालय के पास पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजनों ने एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद पहुंचाया, जहां चिकित्सक डॉ. गुलाम यजदानी ने उपचार शुरू किया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई।रिंकू परिवार का सबसे बड़ा बेटा था। वह अपने छोटे भाई प्रदीप के साथ दिल्ली में निजी नौकरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में दो छोटे भाई कुलदीप (15) और बहन चांदनी उर्फ खुशी (16) हैं। बेटे की मौत से मां पूनम और पिता हरिनाथ का रो-रोकर बुरा हाल है।परिवार में सोमवार को मौसी के बेटे सुरजीत की पत्नी के निकासन का कार्यक्रम था। घर में मांगलिक आयोजन की तैयारियां पूरी थीं और रिश्तेदार भी मौजूद थे।

दोषी को मिले कड़ी सजा,निर्दोष के साथ न हो अन्याय : विजय द्विवेदी

- अधिवक्ता हत्याकांड में आरोपी की बेटी को जेल भेजने पर सपा प्रवक्ता ने उठाए सवाल
- घुमंतू समाज सम्मेलन में जुटी भीड़ को बताया किराये की
- असीम अरुण के पुलिस संबंधी बयान पर भी कसा तंज



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। अधिवक्ता हत्याकांड में मुख्य आरोपी के साथ उसकी पुत्री को भी जेल भेजे जाने पर समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता की हत्या बेहद निंदनीय है। दोषी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए, लेकिन किसी निर्दोष के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। पुलिस को साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं, रविवार को बोर्डिंग ग्राउंड में आयोजित घुमंतू समाज सम्मेलन में जुटी भीड़ को उन्होंने किराये की भीड़ बताया। आरोप लगाया कि वृद्धाश्रम के लोगों को झूठे वादे और प्रलोभन देकर बुलाया गया। आशा कार्यकर्ताओं, सखी समूह की महिलाओं और कोटेदारों पर दबाव बनाकर भीड़ जुटाई गई। आसपास के जिलों से भी लोगों को बसों में झूठ बोलकर लाने का आरोप लगाया। राज्यमंत्री असीम अरुण की ओर से पुलिस पर लगाए गए आरोपों को लेकर विजय द्विवेदी ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि पूर्व पुलिस अधिकारी और वर्तमान मंत्री ने अपनी ही सरकार की पुलिस व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस निर्दोष लोगों को फंसा रही है। साथ ही कहा कि विपक्ष की ओर से पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए जाने वाले सवालों को अब मंत्री के बयान से भी बल मिला है।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ छठ पर्व,आतिशबाजी

- मामला कन्नौज जिले के तिर्वा नगर में महा छठ पर्व मनाए जाने का
- उगते सूर्य को अर्घ्य देकर आस्था के साथ व्रत का पारण, हुई आतिशबाजी



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। महापर्व छठ के चौथे और आखिरी दिन सोमवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पूजा अर्चना और आतिशबाजी के बीच आस्था का पर्व संपन्न हो गया। बताते चलें कि, तिर्वा नगर में बड़ी संख्या में परिवार महा छठ पर्व को मनाते हैं। चार दिनों के इस पर्व को लेकर दीपावली के बाद से ही श्रद्धालुओं ने पर्व को मनाए जाने के लिए जोरशोर से तैयारियां भी शुरू कर दी थीं। छठ महापर्व में सूर्य देवता को अर्घ्य देना सबसे महत्वपूर्ण परम्पराओं में से एक है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सूर्य देव की उपासना से आरोग्य और सुख संवृद्धि का आशीर्वाद मिलता है, वहीं छठी मईया की पूजा अर्चना से संतान की लंबी उम्र, परिवार की खुशहाली और सुखी जीवन की कामना के लिए की जाती है। इस पर्व में डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर उनके प्रति आभार जताया जाता है, जबकि उगते सूर्य को अर्घ्य देकर नई ऊर्जा और सकारात्मकता का स्वागत किया जाता है। बता दें कि, बीती 13 नवम्बर को नहाय खाय के साथ महा पर्व छठ की शुरुआत हुई थी।14 नवंबर को लोहंड़ा और खरना के तहत पूजा अर्चना की गई। अगले दिन 15 नवंबर को भगवान सूर्य को पूजा अर्चना के साथ संध्या अर्घ्य देते हुए अस्तगामी सूर्य से श्रद्धालुओं ने संतान, सुख संवृद्धि और खुशहाली की कामना की। महापर्व के चौथे और अंतिम दिन सोमवार को व्रती और अन्य श्रद्धालुओं ने सूर्य भगवान को को उषा अर्घ्य के साथ पूजा अर्चना के साथ अपने अपने व्रत को पूरा किया। 36 घंटे का निर्जला व्रत भी इस दौरान पूजन अर्चन के साथ पूर्ण हुआ। इस दौरान आतिशबाजी भी की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्य और छठी मईया से मंगल करने, संतान सुख, और संवृद्धि की कामना की। बताते चलें कि, पर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने तरह तरह का भोजन और कई प्रकार से बनाए गए प्रसाद का भी पूजा अर्चना के बाद वितरण किया। बताते चलें कि, महापर्व पर छठी मईया के गीत गूंजते हुए नजर आए, वहीं घाटों से लेकर घरों में भी श्रद्धालुओं ने तरह तरह से अपनी पूजा को संपन्न किया। तिर्वा नगर में श्रद्धालुओं गोपाल स्वर्णकार, कृपाल स्वर्णकार, रेशू, बउआ, रिंकू स्वर्णकार, उमाशंकर, संदीप, शिवम, राम, कांति गुप्ता, शिवानी गुप्ता, शिखा गुप्ता, आरती दीक्षित, प्रज्ञा सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

जिला अस्पताल में इलाज के लिए भटकता रहा बुजुर्ग, स्ट्रेचर पर तड़पती रही महिला मरीज



- पर्चा न बनने से नहीं मिला उपचार
- अस्पताल परिसर में इधर-उधर भटकने को मजबूर हुआ तीमारदार

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। जिला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई। यहां एक बुजुर्ग अपनी महिला मरीज को लेकर इलाज के लिए पूरे अस्पताल परिसर में भटकता रहा। मरीज की हालत खराब होने के बावजूद उसे समय पर उपचार नहीं मिल सका। पीड़ित बुजुर्ग का आरोप है कि पर्चा नहीं बन पाने के कारण महिला मरीज का इलाज शुरू नहीं हुआ। वह मदद के लिए अस्पताल में इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस दौरान महिला मरीज जमीन पर तड़पती रही। अस्पताल परिसर में मरीज की परेशानी और तीमारदार की बेबसी स्वास्थ्य सेवाओं की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े करती रही। मामला सदर क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल का है। अस्पताल में मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के दावों के बीच इस घटना ने व्यवस्थाओं की हकीकत उजागर कर दी।

छात्र संसद के पदाधिकारियों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ , कन्नौज। श्रीमती गंगादेवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र संसद के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गईं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सुशील पांडेष, विशिष्ट अतिथि मुकेश पाण्डेय, सह व्यवस्थापक अरविन्द वर्मा तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्थन करके किया। आचार्य अनुराग लिपाठी के संचालन में अतिथियों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को शपथ दिलायी। इस अवसर पर अतिथि वक्ताओं ने कहा कि छात्र संसद विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास का एक सशक्त माध्यम है। छात्र संसद के लिए निर्वाचित शिशु भारती के अध्यक्ष सार्थक, उपाध्यक्ष श्रेया, सेनापति माही, कन्या भारती की अध्यक्ष मानवी, उपाध्यक्ष बैवैष्णवी, सेनापति सोनाली एवं छाल संसद के प्रधानमंत्री अनिकेत, उप प्रधानमंत्री मंयक तथा अनुशासन प्रमुख हर्ष ने पद की शपथ ली। सह व्यवस्थापक ने अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।इस अवसर पर सभी आचार्य उपस्थित रहें।

जनगणना के लिए 30 नवंबर तक करा सकेंगे स्व-गणना

- डीएम, सीडीओ और एडीएम ने परिवार सहित पोर्टल पर दर्ज की जानकारी। घर-घर गणना में देनी होगी एसई आईडी



समृद्धि न्यूज

कन्नौज। जनगणना-2027 के दूसरे चरण के तहत सोमवार से जिले में स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास और एडीएम देवेंद्र सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने परिवार का विवरण पोर्टल पर दर्ज कराया।

जिलाधिकारी ने बताया कि स्व-गणना की सुविधा 30 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। इसके लिए नागरिक https://se.census.gov.in पोर्टल पर मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर से निर्धारित 40 सवालों के जवाब भर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने पर मिलने वाली एसई आईडी सुरक्षित रखनी होगी। एक दिसंबर से चार जनवरी तक होने वाली घर-घर जनगणना के दौरान यह आईडी प्रगणक को देनी होगी। उन्होंने सही जानकारी और जियो-टैगिंग सुनिश्चित करने की अपील की। डीएम ने कहा कि जनगणना के आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता भी सुनिश्चित की गई है।

शादी में शामिल होकर लौट रहा बाइक सवार लोड़र की टक्कर से घायल

- मामला कन्नौज जिले के तिर्वा कोतवाली के कनौली पट्टी गांव के निकट का
- हालत गंभीर होने पर घायल युवक को उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज से भेजा गया हायर हॉस्पिटल



समृद्धि न्यूज

तिर्वा/कन्नौज। रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे बाइक सवार 28 वर्षीय युवक को सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार लोड़र चालक ने अनियंत्रण के कारण टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल युवक को मेडिकल कॉलेज में उपचार के बाद कानपुर हायर हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया क्षेत्र के गांव अनंदीपुर्वा निवासी सुल्तान पुत्र मो. सैयद हुसैन विगत दिन थाना सौंरिख स्थित अपने भाई के साढ़ु के यहां आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल होने गया था। रविवार की देर सायं साढ़े 8 बजे के करीब सुल्तान अपनी बाइक से वापस गांव लौटने के लिए रवाना हुआ था। जैसे ही वह तिर्वा इंदरगढ़ मार्ग पर पट्टी कनौली गांव के निकट सरकारी पानी की टंकी के निकट पहुंचा इसी दौरान तिर्वा की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार डंफर नंबर यूपी 74 टी 7275 के चालक ने अनियंत्रण के कारण सुल्तान की बाइक को टक्कर मार दी। घटना के दौरान डंफर चालक मौके से भाग निकला। युवक के घायल होने और बाइक क्षतिग्रस्त होने की सूचना आसपास के ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से उपचार हेतु तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा। यहां से युवक को हायर हॉस्पिटल कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि, घायल युवक के सर में गहरी चोट के अलावा पैर फ्रैक्चर और जबड़ा टूट गया है।

भाकियू (अवधेश) ने संगठन विस्तार कर नए पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में संगठन का विस्तार करते हुए नए पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने मनोज कुमार ओझा (गोरखपुर) को राष्ट्रीय सचिव, अजय कुमार मिश्रा (लखनऊ) को राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, शिवम मिश्रा को मंडल अध्यक्ष आगरा, अनिल कुमार (भोगांव) को मंडल उपाध्यक्ष आगरा, राजेंद्र प्रसाद तिवारी (औराई) को कानपुर मंडल उपाध्यक्ष तथा दिनेश चंद तिवारी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

आकर्षण का केंद्र रही विज्ञान प्रदर्शनी एवं थीम आधारित रंरगोली

- हीरा लाल कॉलेज में हुआ आयोजन



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। हीरालाल वी.एन. इंटर कॉलेज में बाल दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी एवं थीम आधारित रंगोली सभी के आकर्षण का केंद्र रही। कॉलेज में एक विशेष संविधान गैलरी भी बनाई गई। प्रबंधक मीनू आलोक गुप्ता एवं पूर्व प्रबंधक आलोक गुप्ता ने फीता काटकर समारोह का उद्घाटन किया। प्रार्थना स्थल पर मेजर संदीप कुमार माधव, स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह, प्रभात कुमार शुक्ला और छात्र-छात्राओं ने पंडित नेहरू के आदर्शों पर प्रकाश डाला। कालेज में खाने-पीने के स्टॉल, विज्ञान प्रदर्शनी और छात्रों द्वारा थीम-आधारित रंगोली आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों ने नृत्य, संगीत और वादन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य राधा बल्लभ मिश्र ने बताया कि विद्यालय में एक विशेष 'संविधान गैलरी' का भी निर्माण किया गया है। इस अवसर पर अजय कुमार चौरसिया, वीरेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. अभिषेक मिश्रा, हेमलता, प्रिया मिश्रा, शालिनी, त्रिशला तिवारी, प्रतिभा सक्सेना, प्रतिभा चतुर्वेदी, नीतू चौहान, पूनम गुप्ता सहित समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विधायक अर्चना पांडेय ने पीड़ित परिवार को लेकर सीएम योगी से की मुलाकात

- आर्थिक सहायता की अपील



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। दीपावली की शाम 8 नवंबर को अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस दुखद घटना के बाद भाजपा विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय ने पीड़ित परिवार को न्याय और आर्थिक सहयोग दिलाने के लिए सक्रिय पहल की। विधायक अर्चना पांडेय ने दिवंगत अधिवक्ता की पत्नी और पुत्री को साथ लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और मुख्यमंत्री को पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए हत्याकांड की परिस्थितियों से अवगत कराया। विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष पीड़ित परिवार की दयनीय स्थिति रखते हुए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता स्वीकृत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। ऐसे कठिन समय में शोकाकुल परिवार को न्याय के साथ-साथ सरकार की ओर से ठोस आर्थिक मदद और संरक्षण मिलना चाहिए। पत्र के माध्यम से भी विधायक ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि दिवंगत अधिवक्ता परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी और मात्र 8 वर्ष की एक पुत्री है। परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और उनके निधन से जीवन-यापन का संकट गहरा गया है।

सपा कार्यालय में मनाई गई वीरांगना ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को महान वीरांगना ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष किया था। उनका त्याग, शौर्य और देशभक्ति आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान सभी ने उनके बताए साहस और संघर्ष के रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

समय प्रबंधन और उत्तर लेखन शैली से मिलेगी बोर्ड परीक्षा में सफलता

- डीआईओएस पप्पू सरोज ने विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र
- परीक्षा के तनाव से दूर रहकर आत्मविश्वास बनाए रखने की दी सलाह



समृद्धि न्यूज

तिर्वा/कन्नौज। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सोमवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर अंक हासिल करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और उत्तर लिखने की सही शैली सफलता की कुंजी है। उत्तर पुस्तिका में साफ-सुथरी लिखावट, निर्धारित शब्द सीमा और महत्वपूर्ण बिंदुओं का स्पष्ट उल्लेख करें। परीक्षा के दौरान तनाव से बचें और आत्मविश्वास बनाए रखें। संतुलित खानपान और पर्याप्त नींद भी जरूरी है। इस दौरान डीआईओएस ने विद्यार्थियों को जनगणना-2027 के तहत स्वगणना की प्रक्रिया समझाई।

शिक्षकों ने बनाई धरना-प्रदर्शन की रणनीति



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के कंपोजिट विद्यालय (केंद्रीय) में ब्लॉक अध्यक्ष अनूप मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक में 18 नवंबर को जनपद स्तर पर होने वाले धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में धरना-प्रदर्शन में पहुंचने की अपील की गई। मंत्री ओमकार यादव के संचालन में हुई बैठक में शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली, टीईटी से मुक्ति, एसआईटी जांच पर रोक, प्रधानाध्यापक पदोन्नति, पदोन्नति में टीईटी से छूट, ब्रिज कोर्स परीक्षा से छूट, लंबित स्थानांतरण सूची जारी करने, प्रोन्नत वेतनमान देने, मृतक आश्रितों को नियुक्ति देने, प्रत्येक विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति, शीतकालीन अवकाश में तबादले तथा द्वितीय शनिवार को अवकाश एवं उपार्जित अवकाश देने सहित 12 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन इस दौरान जिलाध्यक्ष उदय नारायण, जूनियर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात दुबे, मंत्री श्वेता यादव, राजेश पाठक, राजीव मिश्रा, शशिकांत शुक्ला, मुनीश गुप्ता, रवि दुबे, दिवाकर त्रिपाठी, हेम सिंह, दिनेश पाल, प्रमिश सक्सेना, कौशलेंद्र मिश्रा, प्रभाकांत मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। प्रभात उजास न्यास' के तत्वावधान में आयोजित पं. राजकिशोर दुबे स्मृति सम्मान समारोह 2026 एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 18 नवम्बर दिन बुधवार, समय सायं 5 बजे से जे. डी. जनता इण्टर कालेज में होगा। प्रभात उजास न्यास' की संस्थापक इन्दिरा दुबे एवं समन्वयक शशिकान्त शुक्ला ने बताया डॉ चन्द्रमौलि उपाध्याय (प्रख्यात ज्योतिषविद्) पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत विद्या धर्मविज्ञान संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय एवं ट्रस्टी काशी विश्वनाथ मन्दिर, वाराणसी की गरिमामयी उपस्थिति मैं होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पाण्डेय एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत हैं।

यूपी चुनाव से पहले चली तबादला एक्सप्रेस, कन्नौज में एडीएम समेत कई अफसर बदले

- चुनाव आयोग के निर्देश पर नायब तहसीलदारों और बीडीओ के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच प्रशासनिक महकमे में तबादलों का दौर शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ कन्नौज में भी अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। इसमें अपर जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार और खंड विकास अधिकारी शामिल हैं। कन्नौज में तैनात एडीएम देवेंद्र कुमार का तबादला लखनऊ कर दिया गया है। उनके स्थान पर चंदौली से रतन जी वित्त एवं राजस्व एडीएम का पदभार संभालेंगे। वहीं, तिर्वा तहसील में तैनात नायब तहसीलदार अमित कुमार पाठक और रामप्रकाश को कानपुर नगर भेजा गया है। कानपुर नगर से धर्मेंद्र चौधरी, फिरोजाबाद से नरेश पाल सिंह और लखनऊ से अंकिता सिंह को कन्नौज भेजा गया है। खंड विकास अधिकारियों में शिवशंकर को एटा से, शिव नरेश और आशीष मिश्रा को कानपुर नगर से तथा कृतिका अवस्थी को सिद्धार्थनगर से कन्नौज भेजा गया है। वहीं, सोनिया श्रीवास्तव को कानपुर देहात, दीपांकर आर्य को हरदोई, उमाशंकर साहू को एटा और दिनेशचंद्र को इटावा स्थानांतरित किया गया है। चुनाव आयोग ने तीन साल से एक ही जिले में तैनात और गृह जिले में कार्यरत चुनावी अधिकारियों को हटाने के निर्देश दिए हैं। इस फेरबदल का आधार 31 मई 2027 रखा गया है। तबादलों का दायरा जिला निर्वाचन अधिकारी से लेकर एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों तक रहेगा।





दिनदहाड़े खेत पर लकड़ी लेने गई वृद्धा की लूटपाट के बाद हत्या

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

- आभूषण और नकदी गायब, एएसपी व सीओ ने पहुंचकर की जांच

थाना क्षेत्र के गांव भगोरा में सोमवार दोपहर खेत में लकड़ी लेने गई 69 वर्षीय वृद्ध महिला की अज्ञात बदमाशों ने गला घोंटकर हत्या कर दी और उनके शरीर पर पहने आभूषण व पर्स में रखे पांच हजार रुपये लूट ले गए। दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक व सीओ ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गांव भगोरा निवासी राममूर्ति (69) पत्नी रामविलास सोमवार दोपहर करीब 12 बजे घर से लकड़ी काटने के लिए खेत की तरफ गई थीं।

मृतका के पुत्र नन्हे लाल ने बताया कि दोपहर करीब ढाई बजे जब वह ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंचे, तो उन्होंने अपनी मां राममूर्ति को मृत अवस्था में पड़ा देखा। वृद्धा के गले में गमछा फंसा हुआ था और गले पर चोट के गंभीर निशान थे। परिजनों के अनुसार, मृतका के कान के कुंडल, पैरों की पायल व तोड़ियां, नाक का फूल और पर्स में रखे लगभग पांच हजार रुपये गायब थे। इससे साफ जाहिर होता है



मृतका की फाइल फोटो

कि बदमाशों ने लूटपाट के इरादे से इस वारदात को अंजाम दिया है। मृतका के पांच पुत्र रामशरण, आशाराम, मुकेश, मानसिंह और नन्हे लाल हैं। घटना की सूचना मृतका के नाती गौतम ने डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में खलबली मच गई। कस्बा प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल



जांच पड़ताल करते अपर पुलिस अधीक्षक

गौतम सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार, सीओ मोहम्मदाबाद आलोक कुमार सिंह, मोहम्मदाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मृतका के पुत्रों और परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। इसके अलावा, मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट की टीम ने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट व डॉग स्क्वायड ने पहुंचकर जांच पड़ताल कर साक्ष्य संकलित किए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। जल्द ही खुलासे के लिए पुलिस टीमों का गठन कर हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि पीआरवी 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि खेत में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और पीआरवी 112 मौके पर पहुंची। जांच के दौरान महिला के गले में गमछा कसा हुआ मिला। शव पर गले में चोट के निशान भी पाए गए। उन्होंने बताया कि तत्काल फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया गया। क्षेत्राधिकारी और उनके द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। मामले की जांच के लिए पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। मौके पर टकोरा व टूटा चश्मा और केसरिया गमछा पुलिस का भी अंश मिला है।

दवा लेने जा रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। दवा लेने के लिए घर से निकले एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की जिंदगी अचानक खतरे में पड़ गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव शिवरईमठ के रहने वाले 70 वर्षीय रामऔतार देर शाम अपनी साइकिल से झब्बूपुर दवा लेने के लिए निकले थे। जब वे कायमगंज-अचरा मार्ग पर लुधैया गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामऔतार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया।

छात्रों ने किया संसद भवन का शैक्षणिक भ्रमण



भ्रमण के दौरान मौजूद विद्यार्थी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सीपी विद्या निकेतन के छात्र-छात्राओं ने नई दिल्ली स्थित नए व पुराने संसद भवन और लोकसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर देश की संसदीय कार्यप्रणाली और लोकतंत्र को करीब से समझने का अवसर मिला। यह शैक्षणिक यात्रा विद्यालय की निदेशिका डॉ0 मिथलेश के निर्देशन और प्रधानाचार्य मुकेश राजपूत के नेतृत्व में संपन्न हुई। भ्रमण दल में विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम के 17 तथा हिंदी माध्यम के 41 विद्यार्थी कुल 58 छात्र-छात्राएं शामिल रहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नए व पुराने संसद भवन के साथ-साथ लोकसभा कक्ष का अवलोकन किया। सांसद ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें सरल शब्दों में समझाया कि संसद की कार्यवाही कैसे संचालित होती है, कानून निर्माण की प्रक्रिया क्या है और जनता के मुद्दे लोकसभा तक कैसे पहुंचते हैं। विद्यार्थियों ने भी पूरी जिज्ञासा के साथ सवाल पूछे, जिनका शिक्षकों और उपस्थित मार्गदर्शकों ने समाधान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

देखभाल में शिक्षक योगेश चन्द्र तिवारी, महेन्द्र राजपूत, विजय बाबू गुप्ता, दीपक शुक्ला, आरती शर्मा, दीपा गंगवार, सुमित पांडेय, नीलकमल, गोविन्द गुप्ता रहे। भ्रमण से लौटे छात्र-छात्राएं बेहद उत्साहित नजर आए। विद्यार्थियों ने इस यात्रा को अपने जीवन का सबसे यादगार अनुभव बताते हुए कहा कि संसद भवन को प्रत्यक्ष देखने से उन्हें ऐसा लगा मानो उन्होंने किताबों से निकलकर वास्तविक भारत और उसके संविधान की शक्ति को देख लिया हो।

पुलिस ने चोरी की बाइक समेत एक शातिर को दबोचा



पुलिस हिरासत में आरोपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कादरीगेट पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार वादी की तहरीर के आधार पर थाना कादरीगेट में धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले की जांच व धरपकड़ के दौरान पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी आनन्द पुत्र बाबूराम निवासी भोपटपट्टी थाना कादरीगेट को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के कब्जे से चोरी की एक सुपर स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की छानबीन की गई है और उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

पंचाल घाट पर जिला गंगा समिति ने चलाया स्वच्छता अभियान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

जिला गंगा समिति के तत्वाधान में मां गंगा को स्वच्छ अविरल निर्मल बनाने के लिए गंगा घाट पांचाल घाट पर गंगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी उपस्थित रहे।

उन्होंने उपस्थित युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि गंगा हमारी पवित्र नदी है, हम सभी को मिल जुलकर अपने नदियों को स्वच्छ बनाने का प्रयास करना चाहिए। इस अभियान में कई गंगा योद्धा एवं स्थानीय लोगों ने प्रतिभाग किया। सभी ने मिलकर गंगा घाट पर फैली अपशिष्ट सामग्री, खंडित मूर्तियां, प्लास्टिक, पॉलिथीन, कपड़े, कांच आदि लगभग दो कुंतल कूड़ा एकत्रित कर उसका निस्तारण किया। निहारिका पटेल ने बताया कि गंगा तट पर लोग स्नान करने आते हैं, परंतु गंगा घाट पर भारी मात्रा में गंदगी छोड़ जाते हैं, जिससे न सिर्फ गंगा का जल दूषित हो रहा है, बल्कि कई प्रकार कोई समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। सभी युवाओं ने गंगा स्नान करने आए लोगों को अपशिष्ट सामग्री को विसर्जन करने से रोका गया। इसके अतिरिक्त घाट पर पंडित पुजारी, दुकानदारों, नविकों आदि को भी गंगा नदी को स्वच्छ बनाए रखने एवं घाट पर आने वाले अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुमित कुमार, विकास कुमार, घनश्याम, रचित, हिमांशु मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

माहौर वैश्य सभा का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज लोहाई रोड पर माहौर वैश्य सभा का वार्षिक उत्सव हवन-पूजन, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के साथ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में समाज के लगभग 1000 वैश्य बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 अरविंद गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में सामाजिक एकता और वैश्य समाज को राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। संगठन के जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, जिला महामंत्री राजेश गुप्ता और जिला कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने मुख्य अतिथि को दानवीर भामाशाह रतन सम्मान से सम्मानित किया। साथ ही, समाज के करीब 40 वरिष्ठ नागरिकों को मंच पर वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिया गया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि इस बार गुप्ता समाज के विभिन्न उपवर्गों को ससम्मान एक मंच पर लाने का सार्थक प्रयास किया गया है। दानवीर भामाशाह के चित्र पर नारद गुप्ता और सुमन गुप्ता ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें चित्रकला जूनियर प्रतियोगिता में मीत गुप्ता प्रथम, आकृति गुप्ता द्वितीय, अयांश गुप्ता तृतीय स्थान पर रही। चित्रकला सीनियर प्रतियोगिता में आरोही गुप्ता प्रथम, उन्नति गुप्ता द्वितीय, इशिता गुप्ता तृतीय स्थान पर रही। सामान्य ज्ञान जूनियर प्रतियोगिता में विराज गुप्ता प्रथम, आर्यन व आदित्य गुप्ता संयुक्त द्वितीय, केशव गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। सामान्य ज्ञान अपर जूनियर में आरुषि गुप्ता प्रथम, प्रथम गुप्ता द्वितीय, नील गुप्ता तृतीय रहे। सामान्य ज्ञान सीनियर में अंशिका गुप्ता प्रथम, अंश गुप्ता द्वितीय, ऋषभ गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। गुब्बारा दौड़, कुर्सी दौड़, मेहंदी, स्वस्थ शिशु, गायन, फैंसी ड्रेस और जूनियर-सीनियर नृत्य प्रतियोगिताओं में दर्जनों बच्चों ने पुरस्कार प्राप्त किए। संचालन मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता और शिवम गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान मुकेश गुप्ता द्वारा प्रस्तुत सुंदर फिल्मी गीत ने उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया। समारोह में अंकुर गुप्ता, डॉ0 नवनीत गुप्ता, डॉ0 ऋषिकांत गुप्ता, संजीव गुप्ता पप्पी, सर्वेश गुप्ता बंटू, अरुणा गुप्ता, सोनाली गुप्ता, डॉ0 ज्योति गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

विद्युत कनेक्शन के इंसुलेटर तोड़ने पर एनसीआर दर्ज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। थाना अंतर्गत ग्राम घमुइया रसूलपुर निवासी रामदास पुत्र सियाराम उर्फनन्हे ने अपने ही भाई शिवपाल पुत्र सियाराम व उसकी पत्नी गुड्डी देवी एवं दो पुत्र सूरज एवं चंदन के खिलाफएनसीआरदर्ज कराई है। जिसमें में बताया कि मैंने अपने गांव के चक्र मार्ग के किनारे विद्युत पोल लगवाए थे, जिसमें से 14 नवंबर को मेरे खंबो पर लगे 6 पीस इंसुलेटर तोड़कर फेंक दिए। जब मैंने इसकी शिकायत उनके घर जाकर की, तो उन लोगों ने मुझे लात घूसों-लाठी डंडों से मारा पीटा एवं जान से मारने की धमकी दी।

दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के गांव भगोरा में रविवार शाम घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे युवकों का विरोध करना एक ग्रामीण को भारी पड़ गया। विरोध से बौखलाए तीन युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर ग्रामीण को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद से पीड़ित परिवार में रोष है और इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार गांव भगोरा निवासी बदन सिंह पुत्र वीर सिंह रविवार शाम अपने काम से घर लौटे थे। शाम करीब 7:30 बजे जब वह अपने घर पर मौजूद थे, तभी गांव के ही तीन युवक उनके घर के पास पहुंचे और अकारण गाली-गलौज किया। विरोध जताए जाने से तीनों युवक आग बबूला हो गए। युवकों ने एकजुट होकर बदन सिंह पर लाठी-डंडों से अचानक हमला कर दिया और फरार हो गये। घायल बदन सिंह ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी बीती बताई। परिजन तुरंत उन्हें लेकर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि घायल युवक को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। तहरीर और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुरानी रंजिश में दो पक्षों में चले ईंट-पत्थर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के गांव रामनगर पुठरी में रविवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हुआ। शराब के नशे में शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। एक पक्ष के युवकों ने छत पर चढ़कर ईंट-पत्थर बरसाए, जिसकी चपेट में आकर एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, एक युवती ने फायरिंग किए जाने का भी गंभीर आरोप लगाया है।


जानकारी के अनुसार गांव रामनगर पुठरी निवासी विनोद कुमार पुत्र छेटेलाल के घर के ठीक सामने दूसरे पक्ष के एक युवक का मकान है। रविवार शाम करीब छह बजे पुरानी रंजिश के चलते उक्त युवक शराब के नशे में धुत होकर घर के सामने खड़े होकर गाली-गलौज करने लगा। जब विनोद कुमार और उनके परिजनों ने इसका विरोध किया, तो मामला गर्मा गया और दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक होने लगी।

फायरिंग का आरोप, चार घायल

विरोध करने से गुस्साए युवक ने कथित तौर पर अपने साथियों को भी बुला लिया और सभी अपने मकान की छत पर चढ़ गए। छत से नीचे विनोद कुमार के घर की ओर ताबड़तोड़ ईंट-पत्थर फेंके जाने लगे।

अचानक हुए इस पथराव से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। इस पथराव की चपेट में आकर विनोद कुमार, उनकी पत्नी मुन्नी देवी, पुत्री अन्वेषा, और रिश्तेदार/परिचित अनामिका पुत्री कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गईं। अचानक हुए इस हमले से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घायल अनामिका ने कहा कि पथराव के साथ-साथ उसकी तरफ से तमंचे से फायरिंग भी की गई थी, जिससे ग्रामीणों में और अधिक दहशत फैल गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि गांव में तनाव की स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में रखने के लिए तुरंत पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं जब इस संबंध में क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार से जानकारी ली गई, तो उन्होंने बताया कि इस घटना की उन्हें अभी आधिकारिक जानकारी नहीं है। मामले की पूरी जानकारी कर तत्काल उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

डीसीएम ने बाइक में मारी टक्कर, महिला का हाथ टूटा



अस्पताल में भर्ती महिला

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव नैंगमा निवासी 37 वर्षीय परमीला राजपूत पत्नी देवभान राजपूत अपने बेटे विपिन के साथ कायमगंज अल्ट्रासाउंड कराने आई थीं। अल्ट्रासाउंड कराकर वापस घर लौटते समय कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर गांव बरझाला के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि परमीला बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरीं और डीसीएम का पहिया उनके दाएं हाथ के ऊपर से निकल गया। इस भीषण हादसे में बाइक चला रहा उनका बेटा विपिन भी घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। घायल महिला को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर अमरेश कुमार ने प्राथमिक उपचार दिया। हालांकि, महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए डीसीएम चालक को मौके पर ही दबोच लिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खेत में खड़ी फसल को ट्रैक्टर से रौंदा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बीसलपुर बांगर में एक दबंग युवक द्वारा खेत में खड़ी फसल को ट्रैक्टर से रौंदकर नष्ट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफतहरीर दी है और पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार गांव बीसलपुर बांगर निवासी श्याम पंडित घर पर नहीं थे। इसी दौरान गांव के ही एक युवक ने कथित तौर पर रंजिश या दबंगई के चलते श्याम पंडित के खेत में अपना ट्रैक्टर चला दिया। इस घटना में खेत में लहलहा रही लगभग 5 बीघा फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। पीड़ित किसान के अनुसार इस तबाही से उन्हें लगभग 10,000 रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित श्याम पंडित थाने पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफलिखित तहरीर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए किसान की शिकायत दर्ज कर ली है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

जिलाधिकारी ने किया सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- सड़क सुरक्षा प्रचार-रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- यातायात नियमों के पालन के प्रति आमजन को जागरूक करने की अपील

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने कलेक्ट्रेट परिसर से सड़क सुरक्षा प्रचार-रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली जनहानि को कम करना तथा आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बनाना है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु की संख्या में कमी लाने के लिए डीएम के निर्देशन में निरंतर प्रयास किए



प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाती डीएम

जा रहे हैं। वर्ष 2026 में माह अक्टूबर तक जनपद में कुल 383 सड़क दुर्घटनाएं हुई, जिनमें 222 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। जबकि वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान 395 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं तथा 226 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, परिवहन निगम, सड़क स्वामित्व वाले विभागों, लोक निर्माण विभाग एवं स्थानीय निकाय, चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत सभी संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न जागरूकता एवं प्रवर्तन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी तथा उन्हें सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई जाएगी। रोड सेफ्टी क्लबों के माध्यम से 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को वाहन न चलाने तथा निर्धारित आयु पूरी होने पर ही वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ वाहन चलाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। डीएम ने आमजन से अपील की कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अपनी आदत में शामिल करें। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल न करें। कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 दीपक कटारिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वी0पी0 सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मुरलीधर, एआरटीओ प्रशासन कृष्ण कुमार यादव, एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत, एआरएम राजेश कुमार, टीआई ओम प्रकाश पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

रबी फसलों की बुवाई के लिए खाद की कोई कमी नहीं: डीएम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने जनपद के समस्त किसान भाइयों को सार्वजनिक रूप से अवगत कराया है कि रबी वर्ष 2026-27 में फसलों की बुवाई एवं उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण तथा गुणवत्ता पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी रखी जा रही है। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप समय से उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जनपद में वर्तमान में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा उनकी नियमित आपूर्ति एवं वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि रबी वर्ष 2026-27 में जनपद में खाद्यान्न फसलों के अंतर्गत कुल 1,06,546 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आच्छादन का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें गेहूं 70,749 हेक्टेयर, जौ 1,851 हेक्टेयर, चना 43 हेक्टेयर, मटर 966 हेक्टेयर, राई/सरसों 12,762 हेक्टेयर, मसूर 3,153 हेक्टेयर तथा तोरिया 17,021 हेक्टेयर क्षेत्रफल शामिल है। इसके अतिरिक्त आलू का लगभग 43,000 हेक्टेयर तथा गन्ने का 6,536 हेक्टेयर क्षेत्रफल है। इस प्रकार जनपद में कुल फसली आच्छादन 1,56,082 हेक्टेयर प्रस्तावित है। डीएम ने बताया कि जनपद में विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष सुनिश्चित की गई है। यूरिया का लक्ष्य 67,157 मीट्रिक टन के सापेक्ष 36,418 मीट्रिक टन, डीएपी का लक्ष्य 18,295 मीट्रिक टन के सापेक्ष 24,444 मीट्रिक टन, पोटाश का लक्ष्य 5,970 मीट्रिक टन के सापेक्ष 9,919 मीट्रिक टन, एनपीके का लक्ष्य 19,975 मीट्रिक टन के सापेक्ष 28,213 मीट्रिक टन तथा सिंगल सुपर फास्फेट का लक्ष्य 18,434 मीट्रिक टन के सापेक्ष 18,787 मीट्रिक टन उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। 16



बैठक लेती जिलाधिकारी

नवम्बर तक वितरण के उपरांत जनपद में यूरिया 28,742 मीट्रिक टन, डीएपी 10,116 मीट्रिक टन, एमओपी पोटाश 6,891 मीट्रिक टन, एनपीके 20,136 मीट्रिक टन तथा सिंगल सुपर फास्फेट 11,378 मीट्रिक टन अवशेष उपलब्ध है। डीएम ने बताया कि जनपद में सहकारिता क्षेत्र के 84 केंद्रों एवं निजी क्षेत्र के 906 उर्वरक बिक्री केंद्रों के माध्यम से किसानों को उर्वरकों का वितरण कराया जा रहा है। वर्तमान में सहकारिता के 77 केंद्रों पर डीएपी उपलब्ध है तथा शेष 7 केंद्रों पर आरटीजीएस के माध्यम से आपूर्ति कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त 604 निजी उर्वरक बिक्री केंद्रों पर 4,973 मीट्रिक टन डीएपी तथा 906 केंद्रों पर 17,499 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। थोक विक्रेताओं एवं बफर गोदामों में 9,384 मीट्रिक टन यूरिया तथा 2,211 मीट्रिक टन डीएपी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त 714 मीट्रिक टन उर्वरक परिवहन ट्रांजिट में है। जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा थोक विक्रेताओं के विशेष निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिलने पर अब तक कुल 21 फुटकर एवं 2 थोक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं, जबकि 1 लाइसेंस निरस्त किया गया है। रेट-स्टॉक बोर्ड न होने और अभिलेख अपूर्ण मिलने पर कार्रवाई। गोदाम में रसायन मिलने के बावजूद लाइसेंस पर अधिकार-पत्र अंकित न होने पर कार्रवाई। उर्वरक वितरण की पारदर्शी निगरानी के लिए कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों के साथ लेखपालों की भी ड्यूटी लगाई गई है। उर्वरकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब तक 59 नमूने लिए गए हैं, जिनमें श्याम बीज भंडार पांचालघाट का एक नमूना अमानक घटिया मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि गत वर्ष की इसी तिथि की तुलना में इस वर्ष डीएपी की 5,121 मीट्रिक टन अधिक उपलब्धता है। जनपद में डीएपी सहित सभी फास्फेटिक उर्वरक प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, जिससे आलू और गेंहू की बुवाई सुचारू रूप से चल रही है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे मृदा परीक्षण के बाद संस्तुत मात्रा मानक के अनुसार प्रति हेक्टेयर 5 बोरी डीएपी और 7 बोरी यूरिया का ही संतुलित उपयोग करें, ताकि मिट्टी की सेहत सुरक्षित रहे। किसान उर्वरक से संबंधित किसी भी समस्या अथवा शिकायत के समाधान के लिए कंट्रोल रूम नंबर 05692-297733 पर संपर्क कर सकते हैं। अब तक कंट्रोल रूम पर प्राप्त 3 शिकायतों का निस्तारण कराया जा चुका है।

किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, घटना रविवार शाम करीब तीन बजे की है। गांव की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी अपनी सहेली के साथ फिंगर खाने की बात कहकर घर से बाहर निकली थी। आरोप है कि किशोरी जब गांव के ही एक युवक के घर पहुँची, तो वहाँ मथुरा जिले के गोवर्धन थाना क्षेत्र के ग्राम अन्यौर निवासी विष्णु जिसावत भी मौजूद था। आरोप है कि विष्णु ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। घटना के तुरंत बाद पीड़िता ने घर लौटकर अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। किशोरी ने यह भी खुलासा किया कि आरोपी से उसकी पिछले करीब तीन महीने से फोन पर बातचीत हो रही थी। मां की शिकायत के आधार पर थाने की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिंह देर शाम थाना नवाबगंज पहुँचे। उन्होंने थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों से घटना की पूरी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस टीम आरोपी की तलाश और मामले की अन्य पहलुओं की गहनता से जाँच में जुटी हुई है।

बच्चों द्वारा मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

विकास खण्ड नवाबगंज में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खंड विकास अधिकारी राधेश्याम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा, संरक्षण एवं उनके सर्वांगीण विकास से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

खंड विकास अधिकारी राधेश्याम ने विशेष रूप से बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल तस्करी (ट्रैफिकिंग), साइबर अपराध तथा बच्चों के विरुद्ध होने वाले विभिन्न अपराधों की रोकथाम पर जोर दिया। उन्होंने बाल संरक्षण से जुड़े सभी मुद्दों पर संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा बच्चों के सुरक्षित एवं भयमुक्त

ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

वातावरण में विकास हेतु आवश्यक कदम उठाने पर बल दिया गया। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के दृष्टिगत बच्चों एवं अभिभावकों को ऑनलाइन सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण एवं अनजान व्यक्तियों से संपर्क के संभावित खतरों के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने



बैठक को संबोधित करते सचिन सिंह

बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति की रोकथाम हेतु ग्राम स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाने, संभावित बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर एवं 112 इमरजेंसी नंबर पर सूचित करने को कहा। सहायक विकास अधिकारी पंचायत किशन पाल सिंह ने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी मीनाक्षी सिंह, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी सत्यनारायण, सुपरवाइजर सुनीता उपाध्याय, सामाजिक कार्यकर्ता अखलेश कुमार एवं रूबी सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कुणाल मिश्रा उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त शिक्षकों ने समस्याओं का समाधान न होने पर जताया रोष

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेशीय सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद जनपदीय शाखा की मासिक बैठक आयोजित की गई।

अध्यक्षता बादशाह सिंह ने की तथा संचालन बलवीर सिंह यादव ने किया। सोमवार को संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए पुरानी समस्याओं का अब तक समाधान न होने पर गहरी चिंता और नाराजगी व्यक्त की है। संगठन के संयोजक विजय बहादुर यादव बताया कि गत 15 अक्टूबर को हुई मासिक बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु अनुरोध किया गया था और यह आग्रह किया गया था कि निस्तारण की सूचना संघ को पत्र के माध्यम से दी जाए। परंतु अभी तक समस्याओं का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है, जो कि अत्यंत ही सोचनीय विषय है। 18 शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में जब वित्तीय

बीएसए को सौंपा ज्ञापन


बैठक में मौजूद शिक्षकगण

विवरण उपलब्ध कराया गया, परंतु इसके बावजूद अभी तक वेतन वृद्धि की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। समाधान कई बार संगठन के माध्यम से पत्र प्राप्त कराने के बाद भी कई प्रकरणों का निस्तारण नहीं हुआ है। बादशाह सिंह एवं सुखवासी लाल द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। डाली अहमद की नेशनल इंक्रीमेंट की फाइल कोषागार से वापस कर दी गई थी, लेकिन वह अभी तक संबंधित बाबू के पास वापस नहीं पहुंची है, जिससे समस्या का समाधान अटका हुआ है। सेवानिवृत्ति प्राप्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिकाएं उपलब्ध कराने हेतु सामूहिक आदेश जारी किए जाने की मांग की गई है। इस मौके पर शिक्षकगण मौजूद रहे।

भाविप सहयोग शाखा द्वारा हुआ दीपावली मिलन व कवि सम्मेलन


गोष्ठी में काव्यपाठ करते कवि

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वावधान में बढ़पुर स्थित उत्सव गेस्ट हाउस में दीपावली परिवार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सहयोग शाखा के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर एवं वन्देमातरम् गाकर किया। भारत जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया। बेटी पाखी मिश्रा ने दीपावली के संदर्भ में सुंदर कविता सुनाकर प्रस्तुति दी। आद्विक शुक्ला ने पियानो बजाकर शानदार प्रस्तुति दी। निवेदिता अस्थाना, संजीव कुमार वर्मा एवं आशीष शुक्ला ने भजन सुनाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ0 आरके गुप्ता ने दीपावली पर्व की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ0 विनोद तिवारी ने विदेश यात्रा के संस्मरण पर प्रकाश डालते हुए भारत देश एवं विदेश की संस्कृति एवं वातावरण के अंतर के बारे में बताया। रामजी बाजपेई ने रामचरितमानस के प्रसंग पर प्रकाश डाला।

डॉ0 कृष्णकांत अक्षर के संचालन में काव्य संध्या का आयोजन किया गया। आमंत्रित सभी कवियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। डॉ0 आरके गुप्ता एवं संजय दुबे ने संचालन किया। क्षेत्रीय महिला सहभागिता अनीता पाठक, सहयोग शाखा की अध्यक्ष रीता दुबे, सचिव मंजूश्री, कोषाध्यक्ष आशा वर्मा, महिला सहभागिता रचना वर्मा, संगठन सचिव राजेश शुक्ला, वरिष्ठ सदस्य केके पाठक, डॉ0 संतोष पाठक, मीरा पाठक, विनोद तिवारी, आरके वर्मा, वीना तिवारी, अजय शंकर तिवारी, कुमोदनी तिवारी, डॉ0 श्यामा वर्मा, विमल वर्मा, सरोज वर्मा, जयंत दीक्षित, पूजा शुक्ला, विनोद सैनी, जितेन्द्र सिंह, अवधेश दुबे, प्रभाकर अग्निहोत्री, कल्पना गंगवार मौजूद रही।

संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक में छाया रहा आंदोलन का मुद्दा

18 नवंबर को बीएसए कार्यालय पर धरने का ऐलान

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

न्याय पंचायत संकुल शिक्षकों की मासिक बैठक में अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारियों के साथ-साथ शिक्षकों की लंबित समस्याओं और आगामी आंदोलन की रणनीति पर गहन चर्चा की गई।

बैठक के दौरान शिक्षकों में विभागीय नीतियों को लेकर गहरा असंतोष देखने को मिला। 17 नवंबर से शुरू हो रही अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की रूपरेखा पर चर्चा की गई और इसके उपरांत परीक्षा संचालन के लिए प्रश्नपत्रों का वितरण किया गया। हालांकि, शिक्षकों ने गैर-शैक्षणिक कार्यों के अत्यधिक बोझ के बीच परीक्षा आयोजित कराने में आ रही


बैठक को संबोधित करते शिक्षक

व्यावहारिक कठिनाइयों को प्रमुखता से उठाया। इसके अलावा त्योहारों की छुट्टियों में कटौती और लंबे समय से पदोन्नति प्रक्रिया में बरती जा रही शिथिलता को लेकर भी शिक्षकों ने कड़ा रोष व्यक्त किया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि बार-बार मांग करने के बावजूद शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, ऐसे में अब आंदोलन ही एकमात्र विकल्प बचा है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष डॉ0 दिनेश चन्द्र शर्मा के आह्वान पर आगामी 18 नवंबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें सभी शिक्षक अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करेंगे। कायमगंज ब्लॉक अध्यक्ष निर्देश गंगवार ने न्याय पंचायत के समस्त शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपनी एकजुटता दिखाते हुए 18 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में बीएसए कार्यालय पहुंचकर धरने को सफल बनाएं। बैठक में मनोज कुमार, अरविन्द मिश्रा, ओमदत्त शर्मा, अनुराधा यादव, कल्पना, अर्चना सिंह, अनुपम सक्सेना, अश्विनी चतुर्वेदी, रवि गुप्ता, विनोद गंगवार, योगेन्द्र कुमार सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

सपाईयों ने ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि


पुण्य तिथि पर नमन करते सपा नेता

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में 1857 की प्रथम स्वतंत्रता क्रांति की वीरांगना ऊदा देवी पासी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने की। उन्होंने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध अद्भुत वीरता का परिचय देते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका साहस और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम के प्रभारी अशोक अंबेडकर ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी का संघर्ष सामाजिक सम्मान, स्वाभिमान और देशभक्ति की अमिट मिसाल है। अमन सूर्यवंशी ने भी वीरांगना के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर रामपाल सिंह यादव, ओमप्रकाश शर्मा, पवन कठेरिया, राजपाल सिंह यादव, अजय यादव, अमर सिंह अंबेडकर, चांद खां, मुदस्सर खान, गोपाल यादव, शिवम पटेल, अजय यादव, विवेक भारद्वाज, अतिन पाल, राजन शर्मा, प्रशांत उपस्थित रहे।

ई-रिक्शों की मनमानी से पुल गालिब से मुख्य चौराहे तक लग रहा भीषण जाम


जाम में फंसे लोग

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। नगर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह चरमरा गई है। पुल गालिब पुलिया से लेकर मुख्य चौराहे तक का मुख्य मार्ग ई-रिक्शों की अराजकता के कारण जाम का अड्डा बन चुका है। आए दिन लगने वाले इस भीषण जाम ने आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, मरीजों और स्थानीय व्यापारियों का जीना मुहाल कर दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल गालिब पुलिया से मुख्य चौराहे के बीच दर्जनों ई-रिक्शा चालक बिना किसी नियम या कतार के अपने वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर देते हैं। चालकों द्वारा बीच सड़क पर ही वाहन रोककर सवारी बैठाने और उतारने की प्रवृत्ति के कारण यातायात पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है। इसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस अव्यवस्था का खामियाजा सबसे अधिक स्कूली बच्चों और मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। घंटों जाम में फंसे रहने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से नगरवासियों में रोष है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल गालिब पुलिया से मुख्य चौराहे तक यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। इसके साथ ही ई-रिक्शों के लिए अलग से निर्धारित स्टैंड बनाया जाए और नियमों का उल्लंघन कर बीच सड़क पर वाहन खड़ा करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि नगरवासियों को रोज-रोज की इस समस्या से निजात मिल सके।

12 ली. अवैध शराब की बरामद व 100 किलो लहन किया नष्ट

आबकारी टीम ने कई दुकानों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर के निर्देश और जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के नेतृत्व में अवैध मदिरा के खिलाफ चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 रीता वर्मा ने स्टाफ के साथ ग्राम नगरिया देवधरापुर में दबिश दी। इस कार्रवाई के दौरान 12 लीटर अवैध कच्ची शराब और लगभग 100 किलोग्राम लहन बरामद किया गया। मौके पर ही लहन को नष्ट कर आबकारी अधिनियम के तहत 01 मुकदमा दर्ज किया गया। इसके अलावा हरदेव नगर कमालगंज, कमालगंज, रानुखेड़ा और


लहन नष्ट करती आबकारी पुलिस

नई बस्ती कमालगंज स्थित देशी मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान और सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तथा दुकानदारों को नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

मानस सम्मेलन में गूंजी श्रीराम कथा, मानस विद्वानों ने किया सूक्ष्म चिन्तन

जैसी जीव की मति होती है, वैसी ही उसकी गति होती है: साधना शर्मा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

मदारवाड़ी में चल रहे 23वें मानस सम्मेलन में मानस-विद्वानों ने गोस्वामी तुलसीदास के श्री रामचरित मानस को अनूठा ग्रन्थ बताया। विद्वानों ने कहा कि मानस में प्रत्येक परिवार, समाज और राष्ट्र की समस्या के समाधान का रहस्य छिपा हुआ है। राजनीति हो या लोकनीति, रामराज्य, भरत-चरित्र, वशिष्ठ जी और भरत भैया के संवादों में ही उसका रहस्य छिपा है। अम्बरीष महाराज ने सूक्ष्म चिन्तन से इसकी व्याख्या की। उन्होंने कहा कि मानस केवल कथा नहीं, जीवन जीने की


कथा का श्रवण कराते आचार्य


आचार्य को सम्मानित करते राजेश निराला

कला है। भरत-चरित्र त्याग, समर्पण और लोकनीति का सर्वोत्तम उदाहरण है। अरिमर्दन शास्त्री ने सम्मेलन में कहा कि श्री राम जी ने राक्षसों का विनाश कर संतों, ऋषियों-मुनियों द्वारा सनातन धर्म यज्ञ की रक्षा का संकल्प लिया। उन्होंने विश्वामित्र जी के साथ जाकर धर्म की रक्षा की। ताड़का, सुबाहु, मारीच का वध किया और अहिल्या का उद्धार किया।

झाँसी से आयीं मानस विदुषी रुचि रामायणी ने कहा कि भगवान ने अहिल्या का उद्धार किया। ताड़का जो यक्षिणी थी, किसी के शाप से राक्षसी बन गई थी, उसके पापों को नष्ट करके उसे जीवन मुक्ति दी। द्रौपदी के चीर हरण में भी उन्होंने उनकी रक्षा की। भगवान अपने भक्तों की सदा रक्षा करते हैं। वे कृपालु हैं, दयालु हैं, सदैव जीवों पर दया करते रहते हैं। केवल श्रद्धा और विश्वास की आवश्यकता है। कु0 साधना शर्मा ने कहा कि जैसी जीव की मति होती है, वैसी ही उसकी गति होती है। उसके कर्मों का फल अवश्य मिलता है। श्री राम कथा श्रवण करने, चिन्तन-मनन और आचरण से उसकी सद्गति हो जाती है। भगवान की कथाएँ भावपूर्ण हैं, जो भवसागर से पार उतारती हैं अर्थात जीव के लिए कल्याणकारी हैं। सन्तोष रामायणी ने कहा कि मानस सम्मेलन में राम की कथा व्यक्ति का चरित्र निर्माण करती है। अपने जीवन की बुराइयों को छोड़कर जाएँ और अपने जीवन को सफल बनाने के लिए अच्छे, उच्च विचार लेकर जाएँ। आपका जीवन सफल होगा, सुखमय होगा, मंगलमय होगा। मानस सम्मेलन का यही उद्देश्य है कि परिवार, समाज और राष्ट्र में सभी सुखी रहें। श्री राम जी सभी का कल्याण करते हैं। उन्होंने अपने भजन के माध्यम से मन भज ले सीता राम, उमरिया थोड़ी है सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। आयोजकों एवं संयोजकों ने श्री राम दरबार, श्री हनुमान जी महाराज जो राम कथा के रसिया हैं, की भगवान की आरती उतारी और कथा का विश्राम किया। महिला मण्डल की गौरांगी दुबे, निर्मल सिंह, शारदा भदौरिया, कुसुम सिंह, नीलम सक्सेना, शकुन्तला कटियार सहित महिलाओं ने आरती उतारी। इस अवसर पर राजेश निराला, पंडित अरविंद चतुर्वेदी, सर्वेश शुक्ला, राहुल कनौजिया, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, अमित गुप्ता ने विद्वानों का स्वागत किया। संचालन बृज किशोर सिंह किशोर ने किया। सभी भक्तों ने राम दरबार की आरती उतारकर कथा का विश्राम किया।

पांचाल घाट गंगा तट पर संपन्न हुआ 654वाँ पार्थिवेश्वरनाथ पूजन


भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन करते भक्तगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पाञ्चाल घाट निकट दुर्वाषा ऋषि आश्रम गंगा तट पर प्रति रविवार को संपन्न होने वाले भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन, गंगा पूजन, गंगा दीपदान कार्यक्रम सूर्य शष्ठी पर 654वाँ आयोजन समिति के अधिष्ठिता भगवान पार्थिवेश्वरनाथ के पावन संरक्षण व समिति की अधिष्ठात्रि भगवती गंगा के पवित्र गोद में समिति के संस्थापक/अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय के आचार्यत्व में संपन्न हुआ। समिति के सदस्य सुरेन्द्र पाण्डेय के संयोजन मे सदस्यों ने गंगा की धार से रेत निकाल कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ लिंग का निर्माण कर दूध, दही, घी, शहद, शकर, पंचामृत से अभिषेक कर गंगा मइया का अभिषेक कर दीपदान आरती की। समिति के सदस्य राजेंद्र प्रसाद दीक्षित, नवीन कुमार मिश्रा नब्बू, आशुतोष मिश्रा, रोहित, गौरव मिश्रा, नागेंद्र नाथ मिश्रा, संदीप बाजपेई, सर्वज्ञ पाण्डेय, देवनारायण मिश्रा, यश अग्निहोत्री, आशुतोष मिश्रा, रघुवंश मिश्रा सहित भारी संख्या में उपास्थित श्रद्धालुओं ने भगवान पार्थिवेश्वर नाथ मइया गंगा को प्रसन्न कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा न मिलने पर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन


संबंधित अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के बैनर तले किसानों ने बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा अभी तक न मिलने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा है। जनपद की ग्राम पंचायत कटरी गंगपुर एवं ग्राम पंचायत कटरी शिकारपुर में बाढ़ के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा था। बाढ़ से किसानों की खड़ी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई थीं, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। शासन द्वारा घोषित फसल नुकसान का मुआवजा अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है और लगातार मांग के बावजूद उन्हें राहत राशि नहीं मिल पाई है। ग्राम पंचायत कटरी गंगपुर एवं कटरी शिकारपुर के सभी बाढ़ प्रभावित किसानों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। जिन किसानों का सर्वे होने के बावजूद मुआवजा नहीं मिला है, उनकी सूची की जांच कराई जाए। पात्र किसानों को शीघ्र अतिशीघ्र बाढ़ फसल नुकसान का मुआवजा दिलाया जाए। मुआवजे से वंचित किसानों के लिए पुनः सर्वे कराकर राहत राशि दिलाने की व्यवस्था की जाए। चेतावनी दी है कि यदि किसानों की इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन किसानों के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, संजय सिंह, उमेश यादव, गोविंद सिंह, शेर सिंह, संजय सिंह, फुला सिंह, आदेश, श्रीराम, वीरपाल, रक्षपाल आदि मौजूद रहे।

पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की जल सारथी ऐप पर दें सूचना

सड़क की क्षतिग्रस्त स्थिति की फोटो-वीडियो अपलोड कर ग्रामीण दर्ज करा सकेंगे शिकायत

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान यदि कहीं सड़क क्षतिग्रस्त हुई है और उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है तो ग्रामीण इसकी सूचना जल सारथी ऐप के माध्यम से दे सकते हैं। ऐप पर सड़क की मौके से फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सड़क की पुनर्स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिले में पेयजलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के दौरान करीब 1641 किलोमीटर सड़क खोदी गई, जिसमें से अब तक 1617 किलोमीटर



पानी की टंकी

सड़कों की पुनर्स्थापना कराई जा चुकी है। शेष सड़कों को भी निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को पूर्व की स्थिति में बहाल करना संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। पुनर्स्थापना कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा न हो।

सड़क पुनर्स्थापना कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के साथ जिम्मेदार अभियंता की जवाबदेही भी तय की जाएगी। कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि आपके गांव में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़क खोदी गई है और अब तक उसकी मरम्मत नहीं हुई है तो जल सारथी ऐप पर मौके की फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज कराएं। शिकायत मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिशासी अभियंता कासिम हाशमी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन स्थानों पर अभी तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है, वहां लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की पुनर्स्थापना पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

खबरें एक नजर में

लखपति दीदी योजना में लापरवाही पर तीन एडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि

सुलतानपुर। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) एवं लखपति दीदी कार्यक्रम की समीक्षा बैठक हुई। इसमें स्वयं सहायता समूहों के गठन, लखपति दीदी, रिवॉल्विंग फंड, सामुदायिक निवेश निधि, बैंक ऋण, ई-केवाईसी और महिलाओं को आजीविका से जोड़ने की विकासखंडवार समीक्षा की गई। कम प्रगति मिलने पर सीडीओ ने धनपतगंज, दोस्तपुर और जयसिंहपुर के सहायक विकास अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। वहीं बिना सूचना बैठक से अनुपस्थित रहने पर अखंडनगर, कूरेभार और कुड़वार के सहायक विकास अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने को कहा।सीडीओ ने पात्र महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें रोजगारपरक गतिविधियों से जोड़ने और लंबित कार्यों को समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय से ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जाए।

दुर्घटना को दावत दे रहे है सड़क किनारे सूखे पेड़



कुड़वार सुल्तानपुर। कुड़वार सुल्तानपुर मार्ग के किनारे कई सूखे पेड़ दुर्घटना को दावत दे रहे है।विभागीय लापरवाही के चलते सूखे पेड़ों का निस्तारण नहीं हो सका है। बता दे कि कुड़वार कस्बे में टैक्सी स्टैंड के पास एक महुआ,आम काफी दिनों से सुख गए है।हल्की सी हवा मे सूखे पेड़ की लकड़िया सड़क पर गिरती रहती है।कई बार स्थानीय लोगों ने प्रशाशन से सूखे पेड़ को कटवाने की मांग की लेकिन अभी तक पेड़ नहीं काटे जा सके।जबकि सड़क पर दिन भर हजारों लोग, पैदल, बाइक व चार पहिया वाहन से यात्रा करते है। अगर कोई डाल टूटकर गिर गई तो बड़ा खतरा हो सकता है।सड़क के किनारे लगे पेड़ों का मालिकाना हक जिला पंचायत के पास है।इस संबंध में अपर मुख्य अधिकारी संतोष त्रिपाठी ने बताया कि सूखे पेड़ों का सर्वे कराया गया है।पेड़ो के निस्तारण के लिए नीलामी प्रक्रिया संचालित है।जल्द ही नीलामी कराकर पेड़ो को कटवाया जाएगा।

भागवत कथा के आयोजन के बीच पत्नी को लेकर फरार हुआ चचेरा भाई

कुड़वार, सुल्तानपुर। धम्मौर थाना क्षेत्र में भागवत कथा के आयोजन के दौरान एक महिला अपने डेढ़ साल के बच्चे को घर पर छोड़कर चचेरे देवर के साथ फरार हो गई। पति ने पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाने और घर से नकदी व जेवर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।पीड़ित रोहित के मुताबिक, उसके चाचा का लड़का सौरभ उसकी पत्नी से बातचीत करता था। इसकी जानकारी होने पर उसने सौरभ को डांटा था, जिस पर उसने जान से मारने की धमकी दी थी। शनिवार 14 नवंबर को घर में भागवत कथा का आयोजन था। परिवार के लोग और रिश्तेदार आयोजन में व्यस्त थे। इसी दौरान आरोप है कि सौरभ उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला घर में रखे जेवर और नकदी भी ले गई।प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

दवा लेने निकली महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

कुड़वार सुल्तानपुर। रविवार को घर से आँख दिखाने गई सुल्तानपुर शहर गई महिला देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो परिजनो ने खोजबीन शुरू की लेकिन कही पता नहीं चल सका।थकहारकर महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के बभनगवा से जुड़ा है।गांव निवासी प्रेम प्रसाद की पत्नी सीमा देवी(31) रविवार को घर से आँख दिखाने के लिए सुल्तानपुर शहर गई थी।देर शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो परिजनो ने खोजबीन शुरू की।लेकिन कही पता नहीं चल सका।थक हार कर पति ने स्थानीय पुलिस को तहरीर दी।पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की खोजबीन शुरू कर दी।महिला के दो बच्चे रियांश (09), ऋषभ (06) है। जो पिता के साथ घर पर मौजूद है।महिला का मायका कोदैला बीकापुर है। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि महिला के पति की सूचना पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

बाइक की आमने-सामने टक्कर तीन घायल मेडिकल कालेज में भर्ती

रानीगंज-प्रतापगढ़। रविवार की रात 11 बजे के आसपास चिलबिला पट्टी मार्ग पर तेज रफ्तार दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पट्टी कोतवाली के सदहा गांव निवासी अमित 26 वर्ष प्रतापगढ़ से अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह कंधई थाना क्षेत्र के रखहा बाजार यादव बस्ती के पास पहुंचे थे की रखहा गांव निवासी जितेंद्र कुमार 25 वर्ष व आशीष कुमार 23 की बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर लगने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ताला चौकी पुलिस को दी आनन-फानन में तीनों घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां तीनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। चौकी पुलिस द्वारा दोनों बाइक सवार तीनों युवकों को अस्पताल भेजा गया है तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना: 287 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में भव्य और गरिमामयी सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में कुल 287 जोड़ों का विवाह पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। समारोह में विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही, जिसके तहत अनुसूचित जाति वर्ग के 192, पिछड़ा वर्ग के 87, सामान्य वर्ग के 02 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 06 जोड़ों का विवाह कराया गया। सभी विवाह संबंधित धर्मों और समुदायों की परंपराओं के अनुसार सम्पन्न हुएकृहिन्दू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तथा मुस्लिम जोड़ों का निकाह इस्लामिक परंपराओं के अनुसार हुआ। कार्यक्रम में एमएलसी प्रतिनिधि राय साहब सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राममोहन मीना, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके सुखद व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अतिथियों ने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लाने और बेटियों के सपनों को सम्मान देने का एक ऐतिहासिक कदम है।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत प्रत्येक जोड़े के विवाह पर कुल 1 लाख रुपये व्यय किए जाते हैं। इसमें 64 हजार रुपये वधू के बैंक खाते में, 21 हजार रुपये की सामग्री और 15 हजार रुपये विवाह समारोह के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मो. अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा ने संयुक्त रूप से किया।

जिलाधिकारी ने की स्व-गणना 30 नवंबर तक चलेगा अभियान

एक दिसंबर से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक, जनगणना के लिए नागरिकों से सहभागिता की अपील

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत सोमवार को जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वयं स्व-गणना की। इस दौरान एडीएम राकेश सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रीति जैन, एसडीएम सदर गरिमा सोनकरिया सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी स्व-गणना प्रक्रिया में प्रतिभाग किया। डीएम ने बताया कि प्रदेश में 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना की प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करेंगे। पांच से नौ जनवरी तक पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा।उन्होंने जनपदवासियों से निर्धारित अवधि में स्व-गणना करने की अपील की। इसके लिए आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in पर जानकारी दर्ज की जा सकती है। स्व-गणना पूरी होने के बाद मिलने वाले विशिष्ट कोड को सुरक्षित रखना होगा और प्रगणक के घर पहुंचने पर उपलब्ध कराना होगा। डीएम ने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश और समाज की विकास योजनाओं तथा नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में सभी नागरिक सही जानकारी देकर इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें।

महीनों से जमींदोज विकास खंड मुख्यालय की चहारदीवारी, सुरक्षा पर सवाल



कुड़वार, सुल्तानपुर। विकास कार्यों की जिम्मेदारी संभालने वाले कुड़वार विकास खंड मुख्यालय की चहारदीवारी महीनों से जमींदोज पड़ी है। बीते बारिश के मौसम में बाउंड्रीवाल का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया था। इसके बावजूद विकास विभाग अब तक उसका निर्माण नहीं करा सका है। चहारदीवारी गिरने से ब्लॉक मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दीवार का बड़ा हिस्सा ढह जाने से परिसर पूरी तरह असुरक्षित हो गया है। ऐसे में रात के अंधेरे में आवारा पशुओं के साथ कोई भी व्यक्ति आसानी से ब्लॉक परिसर में प्रवेश कर सकता है। इससे सरकारी संपत्ति और अभिलेखों की सुरक्षा को लेकर भी चोरी की आशंका बनी हुई है। कई महीने बीतने के बाद भी मरम्मत नहीं होने से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी विवेक कटियार ने बताया कि जल्द ही गिरी हुई चहारदीवारी का निर्माण कराया जाएगा।

घूरीपुर में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप, हत्या की आशंका



चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के घूरीपुर गांव में सोमवार सुबह सामुदायिक शौचालय के पीछे 18 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव मिलने की खबर पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान अमन गौतम (18) पुत्र रामचरन निवासी घूरीपुर के रूप में हुई। परिजनों ने युवक की मौत को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची चांदा कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों से जानकारी ली।प्रभारी निरीक्षक चांदा राजकुमार वर्मा ने बताया कि मृतक की मां जानकी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

दिव्यांग बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

- तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, लम्भुआ, सुल्तानपुर।



उच्च प्राथमिक विद्यालय लम्भुआ प्रथम परिसर में तहसील स्तरीय दिव्यांग बच्चों की शैक्षिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। शुभारंभ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह और जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष जयकुमार मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चम्मच दौड़ में सूर्यांश और रिया, कुर्सी दौड़ में अर्जुन और वर्षा, रस्साकशी में लम्भुआ की टीम तथा छूकर पहचानो प्रतियोगिता में अथर्व और अंजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली में शाहीन, चित्रकला में सायमा और बाल थ्रो में जीशान व रूबी प्रथम रहे।इस मौके पर शिक्षक संघ के मंत्री ओमप्रकाश, शिक्षक संकुल रविन्द्र कुमार, रमाशंकर, राजेश, ऊषा सिंह, गीता मिश्रा, स्पेशल एजुकेटर केशव प्रसाद, खुशबू यादव, चंद्रेश, अमूल्य यादव, विनोद सिंह और शैल पाण्डेय सहित शिक्षक, अभिभावक व बच्चे मौजूद रहे। संचालन राजेंद्र कुमार बरनवाल ने किया।

मकान गिराने की शिकायत पर पहुंची राजस्व टीम ने की पैमाइश

- कुड़वार कस्बे के पुराने मकान को गिराने से जुड़ा मामला

समृद्धि न्यूज़, कुड़वार सुल्तानपुर।



शनिवार को भोर में बिना किसी सूचना के जेसीबी लगाकर मकान गिराने की शिकायत पर जमीन का परीक्षण करने पहुंची राजस्व टीम ने पैमाइश कर खातेदारों व आबादी की जमीन अगल की। तहसील दार सदर अभिनव सिंह व प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव की अगुवाई में पहुंची राजस्व टीम ने स्थानीय कस्बे के गाटा संख्या 1607 की पैमाइश की।पैमाइश के दौरान खातेदारों द्वारा 2024 के कराए गए बंटवारे के आदेश को पेश किया।बंटवारे के आदेश के अनुसार जिस जमीन में शेखर तिवारी के पिता व इसहाक द्वारा पूर्व में आबादी मानकर बैनामा लिया गया था।वह जमीन बंटवारे के अनुसार खातेदार की जमीन है।साथ ही जो बिना किसी सूचना के पुराना मकान गिराया गया वह नियम विरुद्ध है।तहसील सदर ने बताया कि 2024 के बंटवारे के अनुसार जिस पर शेखर तिवारी आदि का मकान बना था वह मौके पर खातेदार की खतौनी की भूमि है।लेकिन अगर बंटवारे के अनुसार अगर मकान खतौनी में था तो उसे हटवाने के लिए नियमानुसार कार्यवाही करनी थी।साथ ही मौके पर सभी पक्षों को तहसीलदार ने किसी भी तरह का निर्माण न करने का निर्देश दिया।वही जिन लोगों का मकान गिराया गया है उनका कहना है हमने पुलिस को तहरीर दिया है लेकिन मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है।प्रभारी निरीक्षक प्रवीण यादव ने बताया कि जो तहरीर मिली थी उसमें जिन लोगों के नाम थे वह मौके पर नहीं आये थे।पीड़ित द्वारा गिराने वाले सही व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

एआरटीओ कार्यालय से सड़क सुरक्षा पखवाड़े का शुभारंभ, प्रचार वाहन रवाना

प्रतापगढ़। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज एआरटीओ कार्यालय परिसर में ‘सड़क सुरक्षा पखवाड़े’ का भव्य शुभारंभ किया गया। अपर जिलाधिकारी प्रेमचन्द मौर्य ने सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया।

यह प्रचार वाहन ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के तौर-तरीकों से अवगत कराएगा। अभियान के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने की सख्त सलाह दी जाएगी। इसके अलावा नशे की हालत में वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न मोड़ने और यातायात संकेतों का अक्षरशः पालन करने का संदेश भी घर-घर तक पहुंचाया जाएगा।एआरटीओ ए.के. शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं केवल यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। यदि वाहन चालक थोड़ी सी सावधानी बरतें, तो अनगिनत बहुमूल्य जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पखवाड़े के माध्यम से प्रतापगढ़ के नागरिकों को जागरूक कर सड़क हादसों में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पं धीरेंद्र शास्त्री की कथा को लेकर डीएम व एसपी ने आयोजन स्थल का किया निरीक्षण



कुंडा-प्रतापगढ़। बेंती में आयोजित होने वाली कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री की धार्मिक कथा को लेकर प्रशासन ने तैयारियों जायजा लेते हरी झंडी दे दी है। सोमवार को जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं क्षेत्राधिकारी कुंडा के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आवागमन, पार्किंग, यातायात प्रबंधन और कानून-व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।डीएम और एसपी ने निर्देश दिया कि कथा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी और संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी से कार्य करें।

कुंडा में पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का हुआ स्वागत

- आज से श्रीराम कथा और 20 को सजेगा दिव्य दरबार

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।



बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सोमवार को विशेष रूप से प्रयागराज एयरपोर्ट पहुँचे। एयरपोर्ट पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैयाश् ने अपने समर्थकों और हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत और अभिनंदन के पश्चात, राजा भैया अपनी कार से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को लेकर कुंडा स्थित बेंती राजभवन के लिए रवाना हुए। प्रयागराज से बेंती तक लगभग डेढ़ घंटे का सड़क मार्ग का सफर तय कर वे राजभवन पहुँचे। यहाँ उन्होंने सबसे पहले हनुमान जी के दर्शन किए और इसके बाद पंचवटी में विश्राम किया। कुंडा स्थित बेंती राजभवन की पंचवटी में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री चार दिनों तक प्रवास करेंगे। उनके साथ करीब 60 सहयोगी भी इस यात्रा में शामिल हैं। उनके ठहरने के लिए पंचवटी भवन की दूसरी मंजिल पर विशेष प्रबंध किए गए हैं, जबकि पूरे परिसर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। बाबा बागेश्वर के आगमन को लेकर प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह मुस्तैद है। अधिकारियों ने पंचवटी परिसर और श्रीराम कथा के आयोजन स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आगमन मार्ग पर प्रशासन द्वारा विशेष साफ-सफाई कराई गई है और सड़कों की धुलाई भी की गई है। वीआईपी मूवमेंट और भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है तथा पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है। बेंती के परेड ग्राउंड में 17 नवंबर से तीन दिवसीय भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही, आगामी 20 नवंबर को बाबा बागेश्वर का दिव्य दरबार भी सजेगा। राजा भैया की ओर से आयोजित इस विशाल धार्मिक अनुष्ठान में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है।

जिले में 21 व 28 नवम्बर को विशेष लोक अदालत का आयोजन

प्रतापगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. बब्बू सारंग के आदेश के क्रम में प्रतापगढ़ में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शाम्भवी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 21 नवम्बर 2026 (शनिवार) को एन.आई. एक्ट (चेक बाउंस से संबंधित धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम) के वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत लगेगी। इसके पश्चात 28 नवम्बर 2026 (शनिवार) को मोटर चालान अधिनियम से जुड़े मुकदमों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।यह लोक अदालतें जनपद मुख्यालय के साथ-साथ वाह्य न्यायालय कुण्डा और लालगंज में भी आयोजित की जाएंगी। इन विशेष लोक अदालतों का मुख्य उद्देश्य लंबित वादों को आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित और सुगम तरीके से निस्तारित करना है।प्रशासन एवं न्यायपालिका ने संबंधित वादकारियों से अपील की है कि वे आयोजित होने वाली इन विशेष लोक अदालतों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इसके लिए वे अपने संबंधित न्यायालय से संपर्क कर अपने वादों को समय रहते लोक अदालत हेतु संदर्भित करा सकते हैं, जिससे पुराने मुकदमों के बोझ से राहत मिल सके।

कथा पूर्व कुंडा में आस्था का महाकुंभ सड़कों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



कुंडा-प्रतापगढ़। बेंती में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा शुरू होने से पूर्व सोमवार को कुंडा तहसील क्षेत्र राममय हो उठा। कथा के स्वागत में चार विकासखंडों और चार नगर पंचायतों में भव्य कलश यात्राएं निकाली गईं। सड़कों पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा तो जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती और भंडारे से यात्राओं का स्वागत किया गया। ब्लाक कुंडा, कालाकांकर, बाबागंज व बिहार तथा नगर पंचायत कुंडा, मानिकपुर, हीरागंज बाजार व डेरवा बाजार से सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ कलश यात्रा जय श्री राम के उद्घोष से निकली तो पूरा क्षेत्र राम की भक्ति में सराबोर हो गया। कथा से पहले निकली इन कलश यात्राओं ने पूरे कुंडा क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना दिया। जगह-जगह उमड़े श्रद्धालुओं और स्वागत की तैयारियों ने श्रीराम कथा को लेकर लोगों के उत्साह को प्रदर्शित किया। श्री राम कथा का शुभारंभ आज मंगलवार से प्रारंभ होगा।

‘संत कबीर के आदर्शों का अनुसरण व आचरण करे समाज’

- दो दिवसीय कबीर साहब सत्संग का भंडारे के साथ समापन

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।



संत कबीर के आदर्शों के अनुसरण व आचरण करने पर ही समाज के लोगो का कल्याण होगा। जीवन का सही आनन्द प्राप्त करने के लिए सद्गुरू के शरण मे जाने पर ही परमात्मा की प्राप्ति होगी। यह बाते प्रमुख संत जगदीश साहब गद्दी बडैया जौनपुर ने सत्संग समारोह का समापन करते हुए कही। आगे उन्होने कहा कि भगवान आपके हृदय मे है, आप सत्कर्म करे आपका कल्याण होगा। अच्छे कर्म करते रहिए कही भी दर्शन करने जाने की जरूरत नही है। माता पिता की सेवा करिए सारे तीर्थ आपके घर पर ही है। वेद मंत्र तंत्र मे कोई शक्ति ऐसी नही है जो जीवात्मा को मुक्त कर सके तथा पाप कर्मो से छुटकारा दिला सके। कबीर साहब के आदर्शो को आत्मसात कर अपना जीवन धन्य व सार्थकमय बनाएं। संयोजक जगनरायण गुप्ता ने कबीर साहब की आरती उतारी व प्रसाद वितरित किया। समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया। साहब वन्दगी, साहब वन्दगी के उद्घोष से बाघराय गुलजार रहा। इस मौके पर संत योगेन्द्र मिश्र व अध्यक्ष व्यापार मंडल डॉ बांकेलाल चौरसिया, आशाराम, संत शंकर, संत रामदुलारे गुप्ता, अशर्फी गुप्ता, मुन्ना, आदर्श गुप्ता, संतोष गुप्ता, वजरंगी प्रसाद, पूर्व बीडीसी दशाराम पटेल, बब्बू यादव व सेवा निवृत्ति शिक्षक अयोध्या प्रसाद यादव समेत बड़ी संख्या में लग मौजूद रहे।

सुजौली कांड के तीन आरोपी गिरफ्तार घटनास्थल से बंदूक के 17 छर्रे बरामद



कुंडा-प्रतापगढ़। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सुजौली गांव में शादी के बाद भतीजी की विदाई के दौरान कार हटाने को लेकर हुए विवाद में हुई मारपीट व फायरिंग में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बंदूक व 17 छर्रे बरामद किए हैं। 15 नवंबर को सुजौली गांव में विदाई के दौरान रास्ते में खड़ी चार पहिया गाड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। आरोप है कि इस दौरान तसलीम ने लाइसेंसी दो नाली बंदूक से फायरिंग की, जिससे वादी पक्ष के कुछ लोगों को छर्रे लगे। वहीं तसलीम, नईम, मोहम्मद सगीर और तबरेज अहमद पर एकराय होकर लाठी-डंडों से मारपीट करने का भी आरोप है। घटना में कुछ लोग घायल हुए थे। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मोहम्मद सगीर, नईम अहमद और तबरेज अहमद को गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल से बरामद 17 छर्रों के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा 25/30 और बीएनएस की धारा 3(5) की बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।